

मुख्य पृष्ठ
पीएम मोदी के सख्त एक्शन के...

भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक
''कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा''

संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

मुख्य पृष्ठ
एनटीए ने 1,563 छात्रों का ग्रेस अंक समाप्त किया

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार


PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

शुक्रवार 14 जून, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 1 आषाढ़ 2081

LD ****

Punjab Kesari, Delhi
वर्ष : 41 / अंक : 165
मूल्य ₹ 4.50
16 नेपाली रुपए/हवाई जहाज से ₹ 10.00
पृष्ठ संख्या 16
Ph. : 011-30712200, 45212200






NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# जी7 में मोदी का एआई, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर होगा फोकस



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच' सत्र में भाग लेने के लिए इटली के लिए रवाना होने से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि सम्मेलन में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। मोदी ने तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री बनने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा के तहत यूरोपीय देश रवाना होने से पहले एक बयान में यह बात कही।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'आउटरीच' सत्र में 'ग्लोबल साउथ' के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा। इटली के अपुलिया क्षेत्र के बोर्गो एग्नाजिया के रिसॉर्ट में 13 से 15 जून तक आयोजित होने वाले जी7 शिखर सम्मेलन में यूक्रेन में युद्ध और गाजा में संघर्ष के मुद्दों के छाये रहने की उम्मीद है। मोदी ने कहा, ''प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर मैं 14 जून को आयोजित होने वाले जी7 आउटरीच शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए इटली के अपुलिया क्षेत्र की यात्रा कर रहा हूं।'' उन्होंने कहा कि उन्हें खुशी है कि लगातार तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद उनकी पहली यात्रा जी7 शिखर सम्मेलन के लिए इटली की हो रही है।

मोदी ने कहा, ''आउटरीच सत्र में चर्चा के दौरान कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।'' उन्होंने कहा, ''यह भारत की अध्यक्षता में आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन और आगामी जी7 शिखर सम्मेलन के परिणामों के बीच अधिक तालमेल लाने और ग्लोबल साउथ के लिए महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करने का अवसर होगा।'' मोदी इटली की प्रधानमंत्री मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। जी7 में अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इटली, जर्मनी, कनाडा और जापान शामिल हैं। इटली जी7 (सात देशों के समूह) शिखर सम्मेलन की वर्तमान में अध्यक्षता और मेजबानी कर रहा है।

### मेलोनी के भारत दौरे से एजेंडे को रफ्तार

प्रधानमंत्री ने कहा, ''पिछले साल प्रधानमंत्री मेलोनी की भारत की दो यात्राओं ने हमारे द्विपक्षीय एजेंडे को गति और गहराई देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।'' उन्होंने कहा, ''हम भारत-इटली रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और हिंद-प्रशांत एवं भूमध्यसागरीय क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' प्रधानमंत्री के शिखर सम्मेलन से इतर कई द्विपक्षीय बैठकें करने की संभावना है। उन्होंने कहा, ''मैं शिखर सम्मेलन में भाग लेने वाले अन्य नेताओं से मिलने को लेकर भी उत्सुक हूं।''

# संसद में गूंजेगा नीट परीक्षा का मामला

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नीट परीक्षा का मामला अब संसद के भीतर उठाया जाएगा। विपक्ष ने घोटाले का आरोप लगाते हुए कहा है कि नीट परीक्षा की गूंज संसद के भीतर गूंजेगी। कांग्रेस ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई ने गुरुवार को आरोप लगाया कि नीट परीक्षा का पेपर लीक हुआ। मामले की सीबीआई जांच करवाई जाए। अगर सरकार सीबीआई जांच के लिए तैयार नहीं है तो सुप्रीम कोर्ट की देखरेख में इस पूरे मामले की जांच हो।

उल्लेखनीय है कि देशभर के 24 लाख छात्रों ने नीट के लिए आवेदन किया था। गौरव गोगोई ने कहा कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के नेतृत्व में यह पूरा स्कैम हुआ है और अब एनटीए को ही जांच करने के लिए कहा गया है। ऐसे में निष्पक्ष जांच की अपेक्षा कैसे की जा सकती है। कांग्रेस ने कहा कि नीट परीक्षा में जिन 1563 छात्रों को अतिरिक्त अंक प्रदान किए गए, उन सभी को अब दोबारा परीक्षा देनी होगी। इन छात्रों के लिए 23 जून को परीक्षा होगी। ऐसे छात्र जो दोबारा परीक्षा नहीं देना चाहते, उनके अतिरिक्त स्कोर (ग्रेस मार्क्स) को रद्द किया जाएगा।

### 'पैसे दो, पेपर लो' का खेल हुआ है : खड़गे



कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि नीट में भ्रष्टाचार और धांधली की गई है। नीट में 'पैसे दो, पेपर लो' का गलत खेल हुआ है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि नीट का प्रश्न पत्र लीक हुआ था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का कहना है कि नीट में केवल ग्रेस अंकों की समस्या नहीं थी। नीट को लेकर उन्होंने कहा कि धांधली हुई है, पेपर लीक हुए हैं, भ्रष्टाचार हुआ है। नीट में बैठे 24 लाख छात्र-छात्राओं का भविष्य मोदी सरकार के कारनामों से दांव पर लग गया है। एग्जाम और कोचिंग सेंटर का एक गठजोड़ बन चुका है, जिसमें 'पैसे दो, पेपर लो' का खेल खेला जा रहा है।

# जम्मू-कश्मीर को लेकर पाक-चीन के बयान पर भारत की खरी-खरी

- विदेश मंत्रालय ने कहा- जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे
- किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं






**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): भारत ने चीन और पाकिस्तान के नवीनतम संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के 'अनुचित' संदर्भों को बृहस्पतिवार को दृढ़ता से खारिज कर दिया और जोर देकर कहा कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और चीनी प्रधानमंत्री ली कियांग के बीच वार्ता के बाद गत सात जून को बीजिंग में संयुक्त बयान जारी किया गया।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा, ''हमने सात जून को चीन और पाकिस्तान के बीच संयुक्त बयान में केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के अनुचित संदर्भों को देखा है। हम ऐसे संदर्भों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं।'' जायसवाल संयुक्त बयान पर मीडिया के एक सवाल का जवाब दे रहे थे। जायसवाल ने कहा, ''किसी अन्य देश को इस पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है।'' उन्होंने कहा, ''इस मुद्दे पर हमारी स्थिति सुसंगत है और संबंधित पक्षों को अच्छी तरह से पता है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य अंग रहे हैं, हैं और हमेशा रहेंगे।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने संयुक्त बयान में शामिल चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) पर भी कड़ी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, ''इसी संयुक्त बयान में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत गतिविधियों और परियोजनाओं का भी उल्लेख किया गया है, जिनमें से कुछ भारत के संप्रभु क्षेत्र में हैं, जो पाकिस्तान द्वारा जबरन और अवैध कब्जे में हैं।'' जायसवाल ने कहा, ''हम भारत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर आघात करने वाले इन क्षेत्रों पर पाकिस्तान के अवैध कब्जे को मजबूत करने या वैध बनाने के लिए अन्य देशों द्वारा किए गए किसी भी कदम का दृढ़ता से विरोध करते हैं और इसे अस्वीकार भी करते हैं।''

# नीट-यूजी में ग्रेस अंक वापसी के बाद टॉपर्स की संख्या 61 रह जाएगी

- एनटीए ने रखी हकीकत और बताया कि समय बचाने के लिए ग्रेस अंक छोड़ना ही सही विकल्प

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा 1,563 छात्रों को दिए गए कृपांक वापस लेने के निर्णय के बाद नीट-यूजी में शीर्ष रैंक पाने वालों की संख्या 67 से घटकर 61 हो जाएगी। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ऐसे अभ्यर्थियों के पास दोबारा परीक्षा देने या बर्बाद हुए समय की क्षतिपूर्ति के लिए उन्हें दिए गए कृपांकों को छोड़ने का विकल्प होगा। इन 1,563 विद्यार्थियों में से हरियाणा के एक केंद्र से मेडिकल प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए छह छात्रों ने 61 अन्य के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान प्राप्त किया था।

राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) 2024 को लेकर चल रहे विवाद के बीच केंद्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को बताया कि उसने 1,563 अभ्यर्थियों को दिए गए कृपांक रद्द कर दिए हैं। एनटीए के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, इन 1,563 उम्मीदवारों में से छह ने 61 अन्य के साथ संयुक्त रूप से पहला स्थान प्राप्त किया था। अब शीर्ष रैंक पाने वालों की संख्या 67 से घटकर 61 रह जाएगी।

अधिकारी ने कहा कि जब तक ये अभ्यर्थी पुन:परीक्षा नहीं देते और 720 में से 720 अंक नहीं लाते, तब तक वे अपना शीर्ष स्थान पुन: प्राप्त नहीं कर पाएंगे। पूछा गया कि अन्य अभ्यर्थियों की रैंक पर इसका क्या प्रभाव पड़ेगा, अधिकारी ने बताया, इन 1,563 अभ्यर्थियों के अंक अब पूर्व-सामान्यीकरण अंक होंगे, न कि कृपांक अंक। संशोधित रैंक सूची तभी जारी की जाएगी, जब हमें पता चलेगा कि इनमें से कितने अभ्यर्थी दोबारा परीक्षा देना चाहते हैं।

# बस आतंकी हमला : 50 हिरासत में

## जांच का दायरा बढ़ाया गया, पुलिस ने तीन और आतंकवादियों के स्कैच जारी किये

**जम्मू,** (पंजाब केसरी): जम्मू कश्मीर के रियासी जिले में हाल में तीर्थयात्रियों से भरी एक बस पर हुए आतंकवादी हमले की जांच के सिलसिले में 50 लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

इधर आतंकियों की तलाश में तलाशी अभियान जारी है। डोडा और रियासी में पुलिस चप्पा-चप्पा खंगाल रही है। इस बीच पुलिस ने तीन और आतंकवादियों के स्कैच जारी कर दिए तथा कहा कि सूचना देने वालों को 5-5 लाख रुपए का इनाम दिया जाएगा। जबकि आतंकियों पर 20 लाख के इनाम की घोषणा दो दिन पहले जारी की गई थी।

पुलिस का मानना है कि जांच के दायरे में वो लोग एक बड़ी कड़ी हो सकते हैं जिन्हें हिरासत में लिया गया है क्योंकि वे लोकल स्तर पर आतंकवादियों के मददगार रह सकते हैं। स्लीपर सैल के दम पर ही इतना बड़ा कांड हुआ। पुलिस ने कहा कि समग्र जांच सुनिश्चित करने के वास्ते आतंकवादियों की धर-पकड़ के लिए तलाशी अभियान का दायरा रियासी जिले के अरनास और माहौर जैसे दूर दराज के क्षेत्रों तक बढ़ाया गया है जो 1995 और 2005 के बीच आतंकवादियों के गढ़ हुआ करते थे। तीर्थयात्रियों को लेकर शिवखोड़ी मंदिर से लेकर माता वैष्णोदेवी जा रही एक बस पर रविवार को आतंकवादियों ने हमला कर दिया था।

इस गोलीबारी के बाद बस खाई में गिर गयी थी जिससे नौ लोगों की मौत हो गयी थी तथा 49 अन्य घायल हो गये थे। बस में उत्तर प्रदेश, राजस्थान और दिल्ली के तीर्थयात्री सवार थे। एक पुलिस प्रवक्ता ने 50 संदिग्धों को हिरासत में लिये जाने की पुष्टि करते हुए कहा कि पुलिस समग्र जांच कर रही है।



- यही हैं आतंकियों के स्कैच

### कई महत्वपूर्ण सुराग पुलिस के हाथ लगे

पुलिस प्रवक्ता ने कहा, '' अहम सुराग सामने आये हैं जिससे उन लोगों की पहचान एवं गिरफ्तारी में मदद मिल रही है जिनका इस हमले की पूरी साजिश में हाथ हो सकता है। समग्र जांच सुनिश्चित करने के वास्ते तलाशी अभियान का दायरा अरनास और माहोर जैसे दूर दराज के क्षेत्रों तक बढ़ाया गया है।'' उन्होंने कहा कि इन अभियानों का लक्ष्य अधिक से अधिक सबूतों को जुटाना तथा उन आतंकवादियों को पकड़ना है जो इन सुदूर इलाकों में छिपे हो सकते हैं। पुलिस पहले ही आतंकवादियों में से एक का स्केच जारी कर चुकी है। उसने अपराधियों के सफाये के वास्ते जरूरी सुराग देने पर 20 लाख रुपये का नकद इनाम देने की भी घोषणा की है। प्रवक्ता ने कहा, '' कानून को लागू करने वाली एजेंसियां दोषियों को इंसाफ के कठघरे में लाने तथा इस क्षेत्र के सभी निवासियों एवं आंगुतकों/पर्यटकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कटिबद्ध हैं।''

# एनआईए ने युवाओं को कट्टरपंथी बनाने के लिए सात के खिलाफ दाखिल किया आरोप-पत्र

- आईएसआईएस के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए विस्फोटकों के निर्माण में भी शामिल थे आरोपी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने बृहस्पतिवार को उन सात लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया, जो आतंकवादियों के 'स्लीपर सेल' के रूप में काम करने के लिए अतिसंवेदनशील युवाओं को मुजाहिदीन के तौर पर भर्ती करते थे और उन्हें कट्टरपंथी बनाते थे। यह जानकारी एक आधिकारी बयान में दी गयी है।

बयान में कहा गया है कि वे सभी प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस) द्वारा 2025 तक भारत के प्रत्येक जिले में 50 ऐसे 'स्लीपर सेल' तैयार करने की एक बड़ी साजिश का हिस्सा थे। एनआईए की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि स्लीपर सेल भारतीय सैनिकों, पुलिसकर्मियों और विशिष्ट धार्मिक संगठनों के नेताओं पर गुरिल्ला हमले करने के लिए तैयार किए जा रहे थे। इसमें कहा गया है कि आरोपी सरकार के खिलाफ जिहाद छेड़कर भारत में खिलाफत व्यवस्था स्थापित करने के आईएसआईएस के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए विस्फोटकों के निर्माण में भी शामिल थे। जांच एजेंसी ने कहा, एनआईए ने आईएसआईएस के भारत-विरोधी मॉड्यूल नेटवर्क को ध्वस्त करने की दिशा में एक बड़े कदम के रूप में बृहस्पतिवार को बेल्लारी आईएस मॉड्यूल मामले में शामिल सात आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। एनआईए ने कहा कि पहले गिरफ्तार किए गए सात आरोपियों पर आतंकवादी स्लीपर सेल के रूप में काम करने के लिए मुजाहिदीन के रूप में कमजोर युवाओं की भर्ती और उन्हें कट्टरपंथी बनाने का आरोप है।

# दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा: हरियाणा वाले हिस्से में टैंकर माफिया सक्रिय

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पानी की कमी से जूझ रही राष्ट्रीय राजधानी में टैंकर माफिया को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को उच्चतम न्यायालय द्वारा फटकार लगाए जाने के एक दिन बाद, दिल्ली सरकार ने दावा किया कि यमुना नदी के हरियाणा वाले हिस्से में टैंकर माफिया सक्रिय हैं, जिस पर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। दिल्ली सरकार ने शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने हलफनामे में कहा कि पानी के टैंकरों की जरूरत उन क्षेत्रों में है, जो पानी की आपूर्ति लाइन से जुड़े नहीं हैं या जहां आपूर्ति अपर्याप्त है।

हलफनामा के अनुसार, शहर में दिल्ली जल बोर्ड और निजी टैंकरों द्वारा प्रतिदिन लगभग 50 से 60 लाख गैलन पानी की आपूर्ति की जाती है, जो कुल आपूर्ति का केवल आधा प्रतिशत है। इसमें कहा गया है, ''दिल्ली जल बोर्ड पानी के टैंकरों की उपलब्धता में सुधार करने की कोशिश कर रहा है, ताकि निजी टैंकरों को भी सार्वजनिक टैंकरों से बदला जा सके। सरकार द्वारा दिल्ली के उपराज्यपाल को कई पत्र लिखे गए हैं। उपराज्यपाल इस दिशा में कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए अधिकृत हैं। हलफनामे में कहा गया है, ''यमुना नदी के हरियाणा वाले हिस्से में टैंकर माफिया सक्रिय हैं।



उस क्षेत्र पर डीजेबी का कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है।'' पानी की बर्बादी को रोकने के लिए दिल्ली सरकार द्वारा उठाए गए कदमों पर प्रकाश डालते हुए इसमें कहा गया है कि इसने हरियाणा से दिल्ली तक पानी के बहाव में होने वाले नुकसान को 30 प्रतिशत से घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया है। हलफनामे में कहा गया है, ''डीजेबी ने कैरीड लाइन्ड चैनल (सीएलसी) के निर्माण में लगभग 500 करोड़ रुपये खर्च किए और नदी के मार्ग में नुकसान 30 प्रतिशत से घटकर पांच प्रतिशत रह गया।'' दिल्ली सरकार ने कहा कि डीजीबी के अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में प्रतिदिन निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया है।

# केरल विश्वविद्यालय ने रद्द किया सनी लियोनी का कार्यक्रम



**तिरुवनंतपुरम,** (पंजाब केसरी): केरल विश्वविद्यालय ने अपने इंजीनियरिंग कॉलेज के परिसर में बॉलीवुड अभिनेत्री सनी लियोनी को प्रस्तुति देने की अनुमति नहीं दी है जिससे उनका कार्यक्रम रद्द हो गया है। 'टेक फेस्ट' के तहत छात्र संघ ने पांच जुलाई को एक कार्यक्रम में सनी लियोनी को बुलाने की योजना बनाई थी। विश्वविद्यालय के कुलपति मोहनन कुन्नुम्मल ने कहा कि कार्यक्रम के लिए अनुमति देने से इनकार कर दिया गया है क्योंकि उच्च शिक्षा विभाग की ओर से परिसर में बाहरी बैंड के प्रस्तुति देने पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश पहले से ही मौजूद हैं। कुन्नुम्मल ने बताया कि कोचीन विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीयूएसएटी) परिसर में हाल ही में हुई भगदड़ की घटना के बाद परिसर में बाहरी बैंड के प्रस्तुति देने पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया गया है। कुलपति ने कहा कि उन्हें इस कार्यक्रम के पोस्टर को देखने के बाद इस बारे में पता चला। उन्होंने कहा कि यह भी नियम है कि परिसर के अंदर होने वाले कार्यक्रमों के लिए बाहर से धन एकत्र नहीं किया जाना चाहिए। इस विशेष परिसर में केवल 300 छात्र हैं और बॉलीवुड सेलेब्रिटी को बुलाने के लिए बहुत अधिक राशि एकत्र करने की जरूरत पड़ेगी।

Wanted
ACCOUNTANT
Leading Hindi daily urgently Requires Accountant (Minimum exp. 5 years in a CA Firm) with complete knowledge of Excel at its office Near NSP Metro Station, Delhi.
Apply with details within 7 days.
Email: careerds2250@gmail.com
Mobile : 9310206323 | 9310739099

### जीएसटी परिषद बैठक में ऑनलाइन गेमिंग कर की समीक्षा होगी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है। जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स'' पर लिखा, '' जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नयी दिल्ली में होगी।'' '' परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे। बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है। लोकसभा चुनाव के बाद यह परिषद की पहली बैठक होगी। जीएसटी परिषद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए दांव के पूर्ण मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले की समीक्षा कर सकती है।

### विशेष अदालत ने इकबाल कासकर को जबरन वसूली के मामले में बरी किया

**ठाणे,** (पंजाब केसरी): ठाणे की एक विशेष अदालत ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम के भाई इकबाल कासकर को जबरन वसूली के एक मामले में बरी कर दिया। बुधवार को अपने आदेश में, विशेष महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) अदालत के न्यायाधीश अमित एम शेटे ने कहा कि कासकर को संदेह का लाभ देकर बरी कर दिया गया। न्यायधीश ने बताया कि अभियोजन पक्ष उसके खिलाफ आरोप साबित करने में विफल रहा।

ठाणे नगर पुलिस थाने में दर्ज 3 अक्टूबर 2017 के एक मामले के तहत इकबाल कासकर पर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम के साथ-साथ भारतीय दंड संहिता की धाराओं 384 (जबरन वसूली) और 387 (जबरन वसूली करने के लिए किसी व्यक्ति की जान लेने या गंभीर चोट पहुंचाने का भय दिखाना) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

### शेख शाहजहां मामले में दो महिलाओं समेत 4 की तलाश

**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) शेख शाहजहां के काले धन को सफेद करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली दो महिलाओं सहित चार लोगों की तलाश कर रही है। यह जानकारी सूत्रों ने दी है। इनकी पहचान जया शॉ, राबेया बीबी मोल्ला, प्रताप बिस्वास और जॉर्ज कुट्टी के रूप में हुई है। ये सभी फिलहाल फरार हैं। ईडी इनका पता लगाने का प्रयास कर रही है। सूत्रों ने कहा कि दस्तावेजों की जांच से पता चला है कि शाहजहां और उसके परिजनों ने इन चारों के साथ कई लेन-देन किए हैं। सूत्रों ने कहा कि ईडी के अधिकारी उनके ठिकानों का पता लगाने के लिए अन्य केंद्रीय एजेंसियों की मदद ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि ईडी के अधिकारी फरार चल रहे शाहजहां के छोटे भाई शेख सिराजुद्दीन को भी पकड़ने का प्रयास कर रहे हैं। बताया जाता है कि सिराजुद्दीन अपने बड़े भाई के मछली निर्यात व्यवसाय को संभालता था।

REQUIRED
MARKETING EXECUTIVES
A Leading Hindi Daily Newspaper Published from Delhi Requires Executives for Marketing Space for Advertisements relating to Retail, Education, Tours Travel, life style and such other areas. Interested Males/ Females, Freshers Experienced Graduates may apply within 7 days.
E-mail : careerds2250@gmail.com

ड्राइवर चाहिए
वजीरपुर, दिल्ली स्थित कार्यालय के लिए ड्राइवरों की आवश्यकता है, जिन्हें सभी प्रकार की गाड़ियां चलाने का अनुभव हो।
संपर्क करें
फोन नंबर- 9310206323, 9310739099
फोन करें - 10:00 AM to 5:00 PM

# शुभेंदु को 'पीड़ितों' के साथ राजभवन में प्रवेश से रोका



**कोलकाता,** (पंजाब केसरी): भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी को पुलिस ने बृहस्पतिवार को राजभवन में प्रवेश करने से रोक दिया। अधिकारी पश्चिम बंगाल में चुनाव बाद हुई हिंसा के कथित पीड़ितों के साथ राज्यपाल सी वी आनंद बोस से मिलने जा रहे थे। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने यह जानकारी दी। राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अधिकारी ने कहा कि वह उन्हें रोकने के कोलकाता पुलिस के मनमाने फैसले के खिलाफ कलकत्ता उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाएंगे। वह राज्य में चुनाव के बाद हुई हिंसा के कथित पीड़ितों के साथ राज्यपाल से मुलाकात कर न्याय की मांग करने वाले थे ताकि वे घर लौट सकें। जैसे ही अधिकारी राजभवन परिसर में प्रवेश करने वाले थे उनकी कार और चुनाव बाद हुई हिंसा के पीड़ितों को ले जा रहे अन्य वाहनों को धारा 144 के लागू होने का हवाला देते हुए रोक दिया गया। अधिकारी ने कहा कि मैंने एक घंटे से ज्यादा समय तक इंतजार किया है लेकिन पुलिस हमें अंदर नहीं जाने दे रही है। राज्यपाल ने मुझे मिलने का समय दिया था और पुलिस ने उनके निर्देशों का उल्लंघन करने की जुर्रत की है। मैंने राज्यपाल के दफ्तर से भी संपर्क किया। पुलिस ने मुझे राजभवन परिसर में प्रवेश करने से रोक दिया तो राज्यपाल के एडीसी ने मुझे बताया कि राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी गई है। उन्होंने कहा कि हम यहां कोई रैली नहीं कर रहे थे।

# जम्मू-कश्मीर के सभी स्कूलों में राष्ट्रगान अनिवार्य

**श्रीनगर,** (पंजाब केसरी): जम्मू-कश्मीर के स्कूल शिक्षा विभाग ने केंद्र शासित प्रदेश के सभी स्कूलों में सुबह राष्ट्रगान अनिवार्य करने के निर्देश दिये हैं। स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव ने एक परिपत्र जारी करते हुए सभी स्कूलों को निर्देश दिया कि वे पूरे केंद्र शासित प्रदेश में सुबह की कक्षाओं को एक समान बनाएं और इसकी शुरूआत राष्ट्रगान से करें। बुधवार को जारी परिपत्र में कहा गया, मानक शिष्टाचार के अनुसार सुबह अध्ययन की शुरुआत राष्ट्रगान के साथ ही होनी चाहिए। विभाग ने कहा कि सुबह की कक्षाएं छात्रों में एकता और अनुशासन की भावना पैदा करने में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई हैं। जारी किए गए परिपत्र में स्कूलों के लिए 16 कदम सुझाए गए हैं, जिनमें कहा गया है, कक्षाएं नैतिक अखंडता, साझा समुदाय और मानसिक शांति के मूल्यों को पोषित करने के लिए मंच के रूप में काम करती हैं। हालांकि, यह देखा गया है कि इस तरह की महत्वपूर्ण परंपरा का केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के विभिन्न स्कूलों में समान रूप से निर्वाह नहीं किया जा रहा है। इसके साथ ही शिक्षा विभाग ने सुझाव दिया है कि अतिथि वक्ताओं को आमंत्रित करना, पर्यावरण के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा नशीली दवाओं के खतरे के खिलाफ जागरूकता पैदा करना आदि स्कूलों में बच्चों के लिए मददगार हो सकते हैं।

## 12 राशियां और आपका दिन



Forecast for 14 June, 2024
By: Dr. Prem Kumar Sharma
(Astrologer, Palmist, Numerologist & Vastu Consultant)
Email: psharma@premastrologer.com,
Url: http://www.premastrologer.com
Contact: Panchkula: +91-172-2562832, 2572874
Delhi: +91-11-47033152/40532026




**मेष ARIES** (21 मार्च- 20 अप्रैल)
आर्थिक समस्स्याएं अब दूर होने वाली हैं। फिटनेस के प्रति कान्शसनेस बढ़ने वाला है। बिजनेसपर्सन के लिए समय पक्ष में रहेगा। बच्चे के प्रदर्शन से अति उत्साहित रहेंगे। शॉर्ट वेकेशन पर जाना तरोताजा रखेगा।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : ग्रीन**

**वृषभ TAURUS** (21 अप्रैल- 20 मई)
कोई लक्जरी खरीदने का सपना पूरा होगा। फॅमिली के सपोर्ट से खुद को सेट कर पायेंगे। आमदनी का प्रवाह बढ़ने की उम्मीद है। इंप्लायी को संतुष्ट रखें,व्यवसाय आगे बढ़ेगा।
**लकी नंबर : 5, लकी कलर : येलो**

**मिथुन GEMINI** (21 मई- 21 जून)
प्रोफेशनल स्तर पर संतोषजनक स्थिति रहेगी। फिगर और फिजिक को लेकर कान्शसनेस बढ़ेगा। परिवार में किसी सदस्य की शादी तय होगी। लंबे वेकेशन का प्लान बनेगा,समय अनुकूल है। **लकी नंबर : 18, लकी कलर : रेड**

**कर्क CANCER** (22 जून- 22 जुलाई)
सेविंग बढ़ाने के लिए पैसे मैनेज करने होंगे। खान पान पर नियंत्रण रखना आवश्यक है। प्रोफेशनल स्तर पर शानदार प्रदर्शन रहेगा। रोड ट्रिप पर जाने की संभावना बन रही है। **लकी नंबर :17, लकी कलर : व्हाइट**

**सिंह LEO** (23 जुलाई- 23 अगस्त)
फाइनेंशियल मामले में किसी से सलाह लेंगे। फिट और हेल्दी रहने के उपाय अपनाएंगे। कार्यक्षेत्र में आपके हुनर की डिमांड बढ़ेगी। छुट्टियाँ मनाने के लिए विदेश जा सकते हैं।
**लकी नंबर :3, लकी कलर : गोल्डन**

**कन्या VIRGO** (24 अगस्त- 23 सितंबर)
फिजिकली एक्टिव रहेंगे,डाइट सुधार सकते हैं। पैसे कमाने के साथ उसका सुख लेना भी सीखें। कामकाज से थोड़ा ब्रेक लेने का विचार करेंगे। पारिवारिक स्तर पर कोई बदलाव ला सकते हैं। प्रॉपर्टी लेने के लिए थोड़ा इंतजार कर लें।
**लकी नंबर : 8, लकी कलर : क्रीम**

**तुला LIBRA** (24 सितंबर- 23 अक्टूबर)
परिवार में कोई बड़ी खुशी दस्तक देने वाली है। जश्न का माहौल रहेगा,पार्टी का आयोजन करेंगे। अपने असाइनमेंट पर पूरा फोकस रख पायेंगे। ऑफिस में आपकी मेहनत की प्रशंसा होगी। दोस्तों के साथ ट्रिप पर जाना रोमांचक रहेगा।
**लकी नंबर : 11, लकी कलर : ऑरेंज**

**वृश्चिक SCORPIO** (24 अक्टूबर-22 नवंबर)
शानदार आमदनी का रास्ता खुलने वाला है। पेशेवर क्षेत्र में आपके पहल की तारीफ होगी। परिवार में सुख शांति का माहौल रहेगा। पढ़ाई में की गई मेहनत का असर दिखेगा।
**लकी नंबर : 22, लकी कलर : रेड**

**धनु SAGITTARIUS** (23 नवंबर- 21 दिसंबर)
सामाजिक क्षेत्र में सक्रिय रहेंगे,शोहरत मिलेगी। नियमित दवाई की आवश्यकता को समझेंगे। नया फर्नीचर या अन्य सामान खरीद सकते हैं। प्रॉपर्टी संबंधी फैसला आपके पक्ष में रहेगा। **लकी नंबर :22, लकी कलर : डार्क ग्रे**

**मकर CAPRICORN** (22 दिसंबर-21 जनवरी)
आर्थिक स्थिति अच्छी है,निवेश पर ध्यान दें। घरेलू स्तर पर सकारात्मक बदलाव आएगा। किसी प्रभावशाली इंसान से मुलाकात संभव है। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छा प्रदर्शन रहने वाला है। **लकी नंबर : 6, लकी कलर : पिंक**

**कुंभ AQUARIUS** (22 जनवरी- 19 फरवरी)
वित्तीय सौदे के लिए सही समय है,आगे बढ़ें। घर के इंटिरियर में बदलाव ला सकते हैं। बॉस के साथ निकटता बढ़ने की संभावना है। विदेश यात्रा का मौका मिल सकता है,तैयार रहें। नए और बड़े घर में शिफ्ट होने की उम्मीद है।
**लकी नंबर :8, लकी कलर : लाइट ग्रे**

**मीन PISCES** (20 फरवरी- 20 मार्च)
महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट मिलने की संभावना है। परिवार में सामंजस्य रखने में सफल होंगे। आपके मैनेजमेंट स्किल की प्रशंसा होगी। प्रॉपर्टी खरीदने से पहले क्रॉस चेक जरुरी है। दिनचर्या में व्यायाम शामिल कर सकते हैं।
**लकी नंबर : 5, लकी कलर : ऑरेंज**

देश-विदेश

दिशा पटानी ने मनाया...





भारत का सर्वाधिक प्रसारित हिन्दी दैनिक

"कलम, बलिदान और स्वाभिमान की परिभाषा"

पेज-4

देश को अधिक सुरक्षित और समृद्ध...



संस्थापक: शहीद शिरोमणि लाला जगतनारायण जी, अमर शहीद रमेश चन्द्र जी एवं कलम के योद्धा अश्विनी कुमार जी

# पंजाब केसरी

युवा भारत युवा अखबार

PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom

शुक्रवार 14 जून, 2024 ◆ दिल्ली ◆ तदनुसार 1 आषाढ़ 2081

Punjab Kesari, Delhi

वर्ष : 41 / अंक : 165

Ph. : 011-30712200, 45212200


# एनटीए ने 1,563 छात्रों का ग्रेस अंक समाप्त किया


## 23 जून को पुन: परीक्षा देने का विकल्प मिलेगा, परिणाम 30 जून को घोषित किया जाएगा

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा - स्नातक' (नीट-यूजी), 2024 के 1,563 अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क देने के फैसले को निरस्त कर दिया गया है और उन्हें 23 जून को पुन: परीक्षा देने का विकल्प मिलेगा। केंद्र और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के वकीलों ने न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ को बताया कि जिन विद्यार्थियों को कृपांक दिए गए थे, उन्हें पुन: परीक्षा का विकल्प दिया जाएगा। न्यायालय ने कहा कि वह प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाएगा। एनटीए के ग्रेस वाले फैसले से पूरे देश के छात्रों में रोष था और छात्र लगातार प्रदर्शन कर रहे थे।

केंद्र ने कहा कि यदि इन 1,563 छात्रों में से कोई परीक्षार्थी पुन: परीक्षा नहीं देना चाहता तो परिणाम में उसके मूल अंकों को शामिल किया जाएगा जिसमें ग्रेस मार्क नहीं जोड़े जाएंगे। केंद्र ने न्यायालय को बताया कि पुन: परीक्षा का परिणाम 30 जून को घोषित किया जाएगा और एमबीबीएस, बीडीएस और अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए काउंसलिंग छह जुलाई को शुरू होगी। दलीलों पर गौर करते हुए पीठ ने कहा कि एडटेक फर्म 'फिजिक्स वाला' के मुख्य कार्यकारी अलख पांडे समेत अन्य लोगों द्वारा ग्रेस मार्क दिए जाने के मुद्दे पर दायर याचिका सहित सभी याचिकाओं पर 8 जुलाई को सुनवाई की जाएगी। इनमें प्रश्नपत्र लीक होने और अन्य धांधली के आरोपों में नीट-यूजी 2024 परीक्षा को निरस्त करने के अनुरोध वाली याचिकाएं भी शामिल हैं। नीट-यूजी, 2024 परीक्षा में 67 छात्रों को 720 अंकों में से पूरे अंक मिले हैं जो कि नीट के इतिहास में अभी तक नहीं हुआ। इनमें से छह छात्रों ने हरियाणा के फरीदाबाद के एक ही केंद्र पर परीक्षा दी थी जिसके बाद अनियमितताओं को लेकर संदेह पैदा होने लगा। दिल्ली में 10 जून को बड़ी संख्या में छात्रों ने प्रदर्शन किया और कथित धांधली की जांच की मांग की। आरोप हैं कि ग्रेस मार्क की वजह से 67 छात्र परीक्षा में अव्वल आए हैं। नीट-यूजी परीक्षा का आयोजन देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस, आयुष और अन्य संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा किया जाता है।

- काउंसलिंग प्रक्रिया पर रोक से कोर्ट का इंकार
- नीट परीक्षा रद्द करने सहित सभी याचिकाओं पर सुनवाई 6 जुलाई को



### नीट में नहीं हुआ कोई भ्रष्टाचार : धर्मेंद्र प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट में किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार से इनकार किया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि जो घटना हमारे सामने आई है, निश्चित तौर पर उसमें दोषियों को दंड दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नीट में 24 लाख छात्र शामिल हुए थे। धर्मेंद्र प्रधान ने गुरुवार को शिक्षा मंत्री का कार्यभार संभाला। इस दौरान उन्होंने नीट से जुड़े मसले पर अपनी बात कही। उन्होंने कहा कि कुछ ग्रेटर प्रश्न उठाए गए हैं। सरकार उन प्रश्नों का संतुष्टि के साथ उत्तर देने के लिए प्रामाणिकता के साथ खड़ी है। कुछ खास घटनाएं जो सामने आई है, सरकार ने उसे गंभीरता से लिया है। इस मामले में शिक्षाविदों की एक कमेटी बनाई गई है। कमेटी ने कुछ सिफारिश भी दी है। शिक्षा मंत्रालय के मुताबिक इन सिफारिश के आधार पर कोर्ट के समक्ष भी तथ्यों को रखा जाएगा। एनटीए के कामकाज पर संतोष व्यक्त करते हुए शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश से ही एनटीए का गठन हुआ है।



## जम्मू-कश्मीर हालात पर समीक्षा

# पीएम मोदी के सख्त एक्शन के निर्देश

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली



- सुरक्षाबलों की तैनाती और एक्शन प्लान को लेकर एनएसए डोभाल से भी मंत्रणा की गई

जम्मू-कश्मीर में हाल ही में हुई आतंकी घटनाओं के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल समेत अन्य अधिकारियों संग हाई लेवल बैठक की। इस दौरान पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा संबंधी स्थिति की पूरी जानकारी दी गई और उन्हें आतंकवाद विरोधी प्रयासों से अवगत कराया गया। पीएम मोदी ने बैठक में आतंकवाद के खिलाफ सख्त एक्शन के निर्देश दिए हैं। इसके अलावा, पीएम मोदी ने आतंकी हमलों को लेकर गृह मंत्री अमित शाह और जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से बात की। साथ ही उन्होंने घाटी में सुरक्षाबलों की तैनाती और एक्शन प्लान को लेकर भी जानकारी ली है। एलजी मनोज सिन्हा ने पीएम मोदी को जम्मू-कश्मीर के ताजा हालत पर जानकारी दी है और स्थानीय प्रशासन के प्रयासों के बारे में भी बताया।

बता दें कि बीते 4 दिनों में जम्मू-कश्मीर में तीन जगहों रियासी, कुठआ और डोडा जिले में आतंकी हमला हुआ है। इन आतंकी हमलों में 9 लोगों और एक सुरक्षाबल के जवान की जान चली गई। इसके अलावा कई सुरक्षाकर्मी और अन्य लोग घायल भी हुए हैं।

डोडा जिले में हुए आतंकी हमलों के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने गुरुवार को चार आतंकवादियों के स्केच जारी किए। साथ ही इन आतंकियों की सूचना देने पर इनाम का ऐलान भी किया है।

### चांदनी चौक में भीषण आग



(पढ़ें पृष्ठ-10 पर)

> घमंडी के लिए कहीं कोई ईश्वर नहीं। ईर्ष्यालु का कोई पड़ोसी नहीं और क्रोधी का कोई मित्र नहीं। -स्वामी विवेकानंद





आदित्य नारायण चोपड़ा

adityachopra@punjabkesari.com

# फिर गरमाया समान नागरिक संहिता का मुद्दा

**केन्द्रीय** कानून मन्त्री अर्जुन राम मेघवाल के इस कथन के बाद कि समान नागरिक संहिता लागू करना भाजपा व एनडीए सरकार के एजेंडे में है, भाजपा के सहयोगी घटक दलों की जो प्रतिक्रिया आई है वह एनडीए गठबन्धन के आपसी विचार वैविध्य को दर्शाती है। गठबन्धन के प्रमुख घटक दलों तेलगू देशम व जनता दल(यू) की इस मामले में राय भाजपा से अलग रही है और वे अपने मत पर अभी भी कायम हैं। जनता दल (यू) के महासचिव श्री के.सी. त्यागी ने साफ कह दिया है कि समान नागरिक संहिता के मुद्दे पर उनकी पार्टी का रुख वही है जो 2017 में था। पार्टी इसके खिलाफ तो नहीं है मगर इसे केवल सर्वसम्मति बना कर ही लागू करने के पक्ष में है। जनता दल (यू) मानता है कि समान नागरिक संहिता कोई राजनैतिक मुद्दा नहीं है बल्कि यह सामाजिक सुधार व संशोधन का विषय है जिसे समाज के सभी वर्गों की सहमति से लागू किया जाना चाहिए क्योंकि समान नागरिक संहिता का सीधा सम्बन्ध सामाजिक सुधारों से ही है जिससे प्रत्येक धर्म को मानने वाले व्यक्ति को अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का आभास हो सके और वह प्रगतिशील सोच की तरफ आगे बढ़ सके।

2017 में विधि आयोग को इस बारे में लिखे अपने पत्र में बिहार के मुख्यमन्त्री श्री नीतीश कुमार ने साफ कर दिया था कि समान नागरिक संहिता ऊपर से लादी नहीं जानी चाहिए बल्कि समाज के भीतर से ही इस पर सर्वसम्मति बनाकर लागू किया जाना चाहिए जिससे यह स्थायी रूप से कारगर हो सके। अगर इसे ऊपर से थोपने का प्रयास किया जाता है तो इससे समाज में संघर्ष व असन्तोष पैदा हो सकता है और लोगों का धर्म की स्वतन्त्रता के प्रति विश्वास डगमगा सकता है। भारतीय संविधान धार्मिक स्वतन्त्रता की गारंटी देता है और प्रत्येक धर्मानुयायी को अपने ढंग से जीवन जीने का अधिकार देता है परन्तु 21वीं सदी का समाज पुरानी सदियों की रूढ़ीवादी परम्पराएं भी नहीं ढो सकता है। अत: सुधार की आवाज विभिन्न धार्मिक सम्प्रदायों के बीच से ही उठनी चाहिए। बेशक समान नागरिक संहिता संविधान के दिशा-निदेशिका का अंग है मगर इसे लागू करने के लिए सभी धर्मों के लोगों के बीच सर्वानुमति जरूरी है। यह सर्वानुमति इस प्रकार बननी चाहिए कि किसी भी धर्म की मर्यादा आहत न हो। भारत में आदिवासी समाज भी बहुत बड़ा है जिसके अपने सामाजिक कानून होते हैं। इन्हें भी नागरिक संहिता के दायरे में लाना एक दुष्कर कार्य होगा। इसी वजह से विधि आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति चौहान ने इस मामले में हाथ खड़े कर दिये थे। बेशक समान नागरिक संहिता भाजपा के चुनाव घोषणापत्र का हिस्सा थी परन्तु एनडीए की सरकार के चलते वह इसे इकतरफा लागू नहीं कर सकती।

भाजपा यदि इस मामले में कठोर रवैया अपनाती है तो अपनी ही सरकार के लिए दिक्कतें खड़ी करती है। मौजूदा सरकार में भाजपा के केवल 240 सांसद ही हैं और बहुमत के लिए उसे अपने सहयोगी दलों के सांसद चाहिए। अत: ऐसा कोई भी विवादास्पद मुद्दा पहले एनडीए की संयुक्त बैठक में ही विचारार्थ रखा जाना चाहिए। साथ ही इस सरकार का न्यूनतम साझा कार्यक्रम भी तैयार होना चाहिए जिससे किसी भी विवाद के उठने से पहले उसे सुलझा लिया जाये। क्योंकि तेलगू देशम की राय तो इस मुद्दे पर जनता दल (यू) से भी अधिक तीखी है। चन्द्रबाबू नायडू कह चुके हैं कि वह राजनीति में केवल मानवतावाद को मानते हैं और समाज के हर सम्प्रदाय के लोगों को साथ लेकर चलना चाहते हैं। मुसलमानों के मामले में उन्होंने साफ कर दिया है कि उनकी राय भाजपा से पूरी तरह अलग है वह अपने राज्य आन्ध्र प्रदेश में मुसलमानों को दिया हुआ चार प्रतिशत आरक्षण जारी रखेंगे। इससे स्पष्ट है कि समान नागरिक संहिता को उनकी पार्टी तब तक स्वीकार नहीं करेगी जब तक कि इस पर सर्वसम्मति न बन जाये। क्योंकि लोकसभा चुनावों के दौरान ही तेलगू देशम ने साफ कर दिया था कि वह समान नागरिक संहिता के खिलाफ है। अपने चुनाव प्रचार में चन्द्रबाबू नायडू ने बार-बार कहा कि उनकी पार्टी केवल उन्हीं मुद्दों को अपना समर्थन देगी जिन्हें वह राष्ट्रहित में मानती है। तेलगू देशम एक धर्मनिरपेक्ष पार्टी समझी जाती है और मुसलमानों में भी उसका अच्छा जनाधार समझा जाता है हालांकि इसका भाजपा के साथ चुनावी गठबन्धन था मगर इसने अपनी पार्टी के घोषणा पत्र पर चुनाव लड़ा था जिसमें हज यात्रा पर एक लाख रुपए का अनुदान दिये जाने का वादा भी था। अत: एनडीए सरकार के मन्त्रियों को पहले अपना घर दुरुस्त करके ही कोई घोषणा करनी चाहिए।

# कुवैत से अब शव भारत वापिस लाने की तैयारी



**एजेंसी**/दुबई, कुवैत सिटी

- अब तक 45 भारतीयों के शवों की शिनाख्त
- कीर्तिवर्धन ने घायलों से कुशलक्षेम पूछी

कुवैत के अधिकारियों ने विदेशी श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीयों और फिलीपीन के तीन नागरिकों के शवों की पहचान कर ली है। इधर भारतीयों के शव देश में लाने के लिए वायुसेना मोर्चा सम्भाल चुकी है। वहीं विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन ने इस योजना को लेकर वायुसेना के अधिकारियों से समीक्षा की। उन्होंने अस्पताल में घायल भारतीयों से उनकी कुशलक्षेम भी पूछी।

कुवैत ने घटना की त्वरित जांच करने और मृतकों के शवों को भेजने में पूर्ण सहयोग करने का आश्वासन दिया है। दक्षिणी शहर मंगाफ में बुधवार को सात मंजिला इमारत में आग लगने से कम से कम 49 विदेशी श्रमिकों की मौत हो गई और 50 अन्य घायल हो गए। इस इमारत में 196 प्रवासी श्रमिक रह रहे थे।

प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने कहा कि अधिकारियों ने 48 शवों की पहचान कर ली है, जिनमें 45 भारतीय और तीन फिलीपीन के नागरिक हैं।

प्रथम उप प्रधानमंत्री ने कहा कि शेष एक शव की पहचान के प्रयास अब भी जारी हैं। कुवैती अधिकारी दक्षिणी कुवैत के मंगाफ क्षेत्र में हुई विनाशकारी आग की घटना में मारे गए लोगों के शवों का डीएनए परीक्षण करा रहे हैं।

# हिमाचल का दिल्ली को पानी देने से इंकार

**पंजाब केसरी/नई दिल्ली**

हिमाचल प्रदेश ने उच्चतम न्यायालय में अपने पिछले बयान से पलटते हुए कहा कि उसके पास अतिरिक्त पानी नहीं है, जिसके बाद शीर्ष अदालत ने बृहस्पतिवार को दिल्ली सरकार को जल आपूर्ति के लिए 'अपर यमुना रिवर बोर्ड' (यूवाईआरबी) का दरवाजा खटखटाने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति प्रशांत कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति प्रसन्ना बी वराले की अवकाशकालीन पीठ ने दिल्ली सरकार को शाम पांच बजे तक 'अपर यमुना रिवर बोर्ड' को मानवीय आधार पर पानी की आपूर्ति के लिए आवेदन प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। हिमाचल प्रदेश सरकार ने पिछला बयान वापस लेते हुए उच्चतम न्यायालय से कहा कि उसके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है।

पीठ ने कहा कि राज्यों के बीच यमुना जल बंटवारे का मुद्दा जटिल है और अदालत के पास अंतरिम आधार पर इसका फैसला करने की तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है। पीठ ने कहा, 'इस मुद्दे को 1994 के समझौता ज्ञापन में पक्षों की सहमति से गठित निकाय के विचारार्थ छोड़ दिया जाना चाहिए।

### पानी पर पुलिस का पहरा



**करीब डेढ़ महीने से दिल्ली में जारी भीषण गर्मी की वजह से राष्ट्रीय राजधानी के कई इलाकों के लोग गंभीर पानी संकट से जूझ रहे हैं। इस बीच खबर सामने आई थी कि मुनक नहर से टैंकर माफिया पानी चोरी कर दिल्ली सरकार को चूना लगा रहे हैं। इसके बाद दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने दिल्ली पुलिस कमिश्नर को टैंकर माफियाओं पर निगरानी करने का निर्देश दिया। जिसके बाद पुलिस एक्शन मोड में आ गई है। मुनक नहर इलाके में दिल्ली पुलिस एक्टिव हो गई है। गुरुवार सुबह दिल्ली पुलिस की टीम मुनक नहर के किनारे गश्त करती दिखीं। पुलिस लगातार पेट्रोलिंग कर रही है। मीडिया रिपोर्ट का हवाला देते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि मुनक नहर से अवैध रूप से पानी की चोरी हो रही है। यह नहर बवाना के पास दिल्ली में प्रवेश करती है, जहां टैंकरों से पानी उठाकर अवैध रूप से बिक्री की सूचना है। इस बाबत उपराज्यपाल ने पुलिस कमिश्नर को विस्तृत रिपोर्ट राजनिवास को सौंपने का निर्देश दिया है। उपराज्यपाल महोदय ने इच्छा व्यक्त की है पानी की चोरी को रोकने के लिए इस नहर पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित की जाए।** (पृष्ठ-6 भी देखें)

# लोकसभा स्पीकर का चुनाव 26 को

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

लोकसभा 26 जून को अपने नये अध्यक्ष का चुनाव करेगी। सदन के सदस्य उम्मीदवारों के समर्थन में प्रस्ताव के लिए एक दिन पहले दोपहर 12 बजे तक नोटिस दे सकते हैं। लोकसभा सचिवालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अठारहवीं लोकसभा की पहली बैठक 24 जून को होगी और सत्र तीन जुलाई को समाप्त होगा।

लोकसभा की ओर से जारी एक बुलेटिन में कहा गया है कि अध्यक्ष के चुनाव के लिए तय तिथि से एक दिन पहले दोपहर 12 बजे से पहले कोई भी सदस्य अध्यक्ष पद के लिए किसी अन्य सदस्य के समर्थन में प्रस्ताव के लिए महासचिव को लिखित रूप से नोटिस दे सकता है। इसमें बताया गया है, मौजूदा मामले में अध्यक्ष के चुनाव के लिए प्रस्ताव के वास्ते नोटिस मंगलवार, 25 जून दोपहर 12 बजे से पहले दिए जा सकते हैं। सत्र के पहले दो दिन नवनिर्वाचित सदस्यों के शपथ ग्रहण के लिए समर्पित होंगे, वहीं अध्यक्ष के चुनाव के लिए 26 जून की तिथि तय की गई है, जबकि 27 जून को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू लोकसभा और राज्यसभा की संयुक्त बैठक को संबोधित करेंगी। प्रस्ताव के लिए नोटिस का समर्थन किसी तीसरे सदस्य द्वारा किया जाना चाहिए। साथ ही, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार द्वारा यह बयान भी दिया जाना चाहिए कि वह निर्वाचित होने पर अध्यक्ष के रूप में काम करने के लिए तैयार है।



### राष्ट्रीय सर्राफा

| | सोना | | चांदी |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 24K | 72310 | चांदी तैयार : 90700 |
| कोलकाता | 24K | 72160 | चांदी तैयार : 90700 |
| मुम्बई | 24K | 72160 | चांदी तैयार : 90700 |
| चेन्नई | 24K | 72660 | चांदी तैयार : 95200 |

### विदेशी मुद्रा बनाम रुपया

| करंसी | खरीद | बिक्री |
|---|---|---|
| अमरीकी डालर | 81.71 | 85.39 |
| पौंड स्टर्लिंग | 104.28 | 109.22 |

### शेयर सूचकांक

| | | |
|---|---|---|
| BSE | 76810.90 | +204.33 |
| NSE | 23398.90 | +75.95 |




## बड़ा फैसला — दोनों अधिकारियों की नियुक्ति 10 जून 2024 से प्रभावी होगी

# डोभाल एनएसए और पी.के. मिश्रा पीएम के प्रधान सचिव बने रहेंगे

**पंजाब केसरी**/नई दिल्ली

गुप्तचर मामलों के विशेषज्ञ अजीत डोभाल और अनुभवी नौकरशाह पी के मिश्रा को बृहस्पतिवार को क्रमश: राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधान सचिव के पद पर पांच साल के कार्यकाल के लिए पुन: नियुक्त किया गया। नयी नियुक्ति के साथ, डोभाल लगातार तीन कार्यकाल के लिए इस अहम पद पर नियुक्त किए जाने वाले पहले एनएसए बन गए हैं। कार्मिक मंत्रालय ने कहा कि नियुक्ति संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति (एसीसी) ने दोनों नियुक्तियों को मंजूरी दी, जो 10 जून 2024 से प्रभावी होंगी। मंत्रालय के एक समान आदेशों में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक रहेगी।'' मंत्रालय ने कहा कि डोभाल और मिश्रा दोनों को वरीयता क्रम में कैबिनेट मंत्री का दर्जा दिया जाएगा और उनकी नियुक्ति की शर्तें अलग से अधिसूचित की जाएंगी। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 1968 बैच के अधिकारी डोभाल 2005 में खुफिया ब्यूरो के प्रमुख पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उन्हें पहली बार 30 मई, 2014 को एनएसए नियुक्त किया गया था और 31 मई, 2019 को एक और कार्यकाल के लिए उन्हें फिर नियुक्त किया गया था। माना जाता है कि अपने पहले कार्यकाल के दौरान डोभाल ने उरी आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' में अहम भूमिका निभाई थी। अधिकारियों ने बताया कि पुलवामा आतंकी हमले के बाद बालाकोट हवाई हमले के दौरान उनकी भूमिका सहित राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्र में उनके योगदान के लिए भी उनकी सराहना की गई है। डोभाल 1999 में इंडियन एयरलाइंस के विमान आईसी-814 के अपहरणकर्ताओं के साथ भारत के मुख्य वार्ताकारों में से एक थे।





### अग्निपथ योजना में बदलाव की तैयारी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): पता चला है कि अग्निपथ योजना में बदलाव की तैयारी कर ली गई है। केंद्र सरकार ने 10 अलग-अलग मंत्रालयों के सचिवों को अग्निपथ योजना की समीक्षा का कार्य सौंपा है। सचिवों का यह समूह अग्निपथ योजना के जरिए सैनिकों की भर्ती को और अधिक आकर्षक बनाने के तरीके सुझाएगा। इस पहल के जरिए यदि अग्निपथ योजना में कोई कमी हो तो उसे भी दूर किया जा सकता है।

(सम्पूर्ण कवरेज पृष्ठ-4 पर)

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# देश को अधिक सुरक्षित और समृद्ध बनाने पर रहेगा जोर

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को कहा कि अगले पांच वर्षों के दौरान देश को अधिक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। श्री सिंह ने लगातार दूसरी बार रक्षा मंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद कहा कि अगले पांच वर्षों के दौरान अधिक सुरक्षित, आत्मनिर्भर और समृद्ध राष्ट्र की स्थापना के लिए नए सिरे से प्राथमिकता वाले क्षेत्रों को आगे बढ़ने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हमारा उद्देश्य रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता हासिल करने पर ध्यान केंद्रित करने के साथ साथ देश के सुरक्षा तंत्र को और मजबूत करना होगा। सशस्त्र बलों के आधुनिकीकरण और सेवारत तथा सेवानिवृत्त दोनों सैनिकों का कल्याण हमारा मुख्य फोकस रहेगा।

आने वाले समय में रक्षा निर्यात को बढ़ना उनका उद्देश्य होगा। कहा, वित्तीय वर्ष 2023-24 में रक्षा निर्यात रिकॉर्ड 21,083 करोड़ रुपये तक पहुंच गया था। यह ऐतिहासिक था। हमारा लक्ष्य 2028-2029 तक 50,000 करोड़ रुपये से अधिक के रक्षा उपकरण निर्यात करने का होगा। श्री सिंह ने जोर देकर कहा कि सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों और प्लेटफार्मों से लैस किया जा रहा है और वे हर चुनौती



रक्षामंत्री के रूप में कार्य भार संभालते राजनाथ सिंह

का सामना करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने वीरता और प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा के लिए सैन्य कर्मियों की सराहना की। उन्होंने रक्षा मंत्रालय की पहले 100 दिनों की कार्य योजना पर एक समीक्षा बैठक की। बैठक में पूर्व सैनिकों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित किया गया, जिसमें पूर्व सैनिक कल्याण विभाग से संबंधित प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने अधिकारियों को 100 दिनों की कार्य योजना में निर्धारित एजेंडे को पूरा करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का निर्देश दिया।

## 100 दिन के एजेंडे पर काम तेज करें अधिकारी

**लखनऊ** लोकसभा सीट से लगातार तीसरी बार जीत कर लोकसभा पहुंचे श्री सिंह को वर्ष 2019 में पहली बार रक्षा मंत्री बनाया गया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रक्षा मंत्री के तौर पर उनके कामकाज पर भरोसा करते हुए उन्हें इस बार भी रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी है। मोदी सरकार के पहले कार्यकाल में उन्हें गृह मंत्री की जिम्मेदारी दी गई थी। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया। 100 दिनों की कार्य योजना में निर्धारित एजेंडे को पूरा करने के लिए खुद को फिर से समर्पित करने का निर्देश दिया। रक्षा तैयारियों को बढ़ने और रक्षा में आत्मनिर्भरता पर निरंतर जोर देने के उद्देश्य से, रक्षा मंत्री ने कहा कि वह प्रमुख योजनाओं और रक्षा मंत्रालय की पहलों की प्रगति में तेजी लाने के लिए नियमित समीक्षा बैठकें करेंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने फिल्म 'हमारे बारह' की रिलीज पर रोक लगाई

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उच्चतम न्यायालय ने अन्नू कपूर की फिल्म 'हमारे बारह' की रिलीज पर बृहस्पतिवार को रोक लगा दी। फिल्म 14 जून को रिलीज होनी थी। शीर्ष अदालत ने फिल्म पर इस्लामी आस्था और विवाहित मुस्लिम महिलाओं का अपमान करने के



आरोपों पर संज्ञान लेते हुए इसके रिलीज पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ता अजहर बाशा तंबोली की ओर से पेश हुईं वकील फौजिया शकील की दलीलों पर संज्ञान लेते हुए बम्बई उच्च न्यायालय से याचिका पर शीघ्र निर्णय लेने को कहा। पीठ ने फिल्म को रिलीज करने पर रोक लगाते हुए कहा, हमने सुबह फिल्म का ट्रेलर देखा और ट्रेलर में सभी आपत्तिजनक संवाद अब भी बरकरार हैं। पीठ ने बम्बई उच्च न्यायालय द्वारा याचिका का निपटारा किये जाने तक फिल्म रिलीज पर रोक लगा दी।

# अग्निपथ योजना में बदलाव की तैयारी कर रही सरकार

- जी-7 शिखर सम्मेलन से प्रधानमंत्री के वापस लौटने पर उनके समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जाएगी
- शीघ्र ही सचिवों का यह समूह अपनी रिपोर्ट सरकार को देगा



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केंद्र सरकार ने 10 अलग-अलग मंत्रालयों के सचिवों को अग्निपथ योजना की समीक्षा का कार्य सौंपा है। सचिवों का यह समूह अग्निपथ योजना के जरिए सैनिकों की भर्ती को और अधिक आकर्षक बनाने के तरीके सुझाएगा। इस पहल के जरिए यदि अग्निपथ योजना में कोई कमी हो तो उसे भी दूर किया जा सकता है। लोकसभा चुनाव में अग्निवीर को विपक्ष को एक बड़ा मुद्दा बनाया था। जिन इलाकों से बड़ी संख्या में युवा सेना में जाते हैं, वहां भी भाजपा को चुनावी नुकसान उठाना पड़ा है। चुनाव के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने कहा था कि उनकी सरकार बनी तो ये अग्निवीर योजना को रद्द कर देंगें।

अग्निपथ योजना के तहत सेना में अग्निवीरों को भर्ती किया जाता है। यह भर्ती चार साल के लिए होती है। इस दौरान नियमित वेतन के अलावा चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर अग्निवीर सैनिकों को लगभग 12 लाख रुपए मिलते हैं। एक निश्चित संख्या में अग्निवीरों को स्थायी सेवा का अवसर भी मिलता है। अब इस योजना की समीक्षा की जा रही है। इसमें कई नए सुधार और नए पहलू जोड़े जा सकते हैं।बताया जा रहा है कि शीघ्र ही सचिवों का यह समूह अपनी रिपोर्ट सरकार को देगा। प्रधानमंत्री इन दिनों 'जी-7 शिखर सम्मेलन' में हैं। प्रधानमंत्री के वापस स्वदेश लौटने पर उनके समक्ष सचिवों के पैनल की रिपोर्ट प्रस्तुत की जा सकती है।

माना जा रहा है सचिवों का समूह अग्निपथ योजना के अंतर्गत वेतन भत्तों में बढ़ोतरी वह कुछ अन्य लाभ बढ़ाने का प्रस्ताव दे सकता है।हालांकि अभी इस संबंध में कोई भी औपचारिक या अनौपचारिक विचार सामने नहीं आया है। यह महत्वपूर्ण समीक्षा सरकार के प्रथम 100 दिवसीय एजेंडे में शामिल है। जानकारी के मुताबिक, भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों का यह समूह 15-16 जून तक इस संबंध में अपनी रिपोर्ट तैयार करेगा। भारत सरकार के ये वरिष्ठ आईएएस अधिकारी प्रधानमंत्री कार्यालय में एक अपनी रिपोर्ट के आधार पर विस्तृत प्रस्तुति देंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय में यह प्रस्तुति कब दी जाएगी, इसकी तिथि निश्चित नहीं है। लेकिन माना जा रहा है कि अगले सप्ताह तक सचिवों का यह समूह अपना विवरण प्रधानमंत्री कार्यालय के समक्ष पेश कर सकता है। इस विषय पर कोई भी निर्णय लेने से पहले व्यापक स्तर पर विचार विमर्श किया जाएगा।

# संघ प्रमुख भागवत ने की संगठन विस्तार और अन्य मुद्दों पर चर्चा



भागवत 'एक-दो दिन' में गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं।

**गोरखपुर (उप्र),** (पंजाब केसरी): राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को गोरखपुर में आयोजित कार्यकर्ता शिविर में संघ के विस्तार, राजनीतिक परिदृश्य और सामाजिक सरोकारों पर चर्चा की। काशी, गोरखपुर, कानपुर और अवध क्षेत्र में संघ की जिम्मेदारी संभाल रहे संघ के करीब 280 स्वयंसेवक कार्यकर्ता विकास वर्ग में हिस्सा ले रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि भागवत 'एक-दो दिन' में गोरखपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर सकते हैं। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ गोरखपुर स्थित गोरक्षपीठ के मुख्य महंत भी हैं।

भागवत बुधवार को गोरखपुर पहुंचे और उनके वहां पांच दिन रहने की संभावना है। उन्होंने शहर के चिउटाहा इलाके के एसवीएम पब्लिक स्कूल में चल रहे संघ कार्यकर्ता विकास वर्ग शिविर में स्वयंसेवकों को गुरुमंत्र दिए। यह शिविर गत तीन जून से आयोजित हो रहा है। संघ के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया, 'संघ प्रमुख ने स्वयंसेवकों को संघ की शाखाओं की संख्या बढ़ाने और संगठन के विस्तार के सुझाव दिये। साथ ही संघ द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों के विस्तार पर जोर दिया।' उन्होंने बताया, 'सामाजिक जिम्मेदारी भी संघ प्रमुख के संबोधन का अहम हिस्सा रही।

उन्होंने राष्ट्रीय चुनौतियों का सामना करने में संघ की भूमिका पर भी चर्चा की और स्वयंसेवकों को सामाजिक जिम्मेदारियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित किया।' अपने पांच दिवसीय गोरखपुर प्रवास के दौरान संघ प्रमुख स्वयंसेवकों और प्रशिक्षकों के साथ अलग-अलग बैठकें भी करेंगे। आयोजन स्थल के अंदर और बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। केवल चुनिंदा स्वयंसेवकों को ही आयोजन स्थल में प्रवेश की अनुमति है।

# पेमा खांडू लगातार तीसरी बार बने अरुणाचल के सीएम

**इटानगर,** (पंजाब केसरी): भाजपा के नेता पेमा खांडू ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। सीमावर्ती जिले तवांग के मुक्तो विधानसभा क्षेत्र से निर्विरोध विधायक निर्वाचित हुए खांडू को राज्यपाल के टी परनाइक ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और कई अन्य नेताओं की मौजूदगी में शपथ दिलाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों को बधाई दी और कहा कि यह टीम राज्य का विकास और भी तेज गति से करना सुनिश्चित करेगी। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ लेने पर पेमा खांडू को बधाई। मैं उन सभी को भी बधाई देना चाहूंगा जिन्होंने मंत्री के रूप में



शपथ ली। उन्होंने कहा, लोगों की सेवा करने के उनके भविष्य के प्रयासों के लिए उन्हें मेरी शुभकामनाएं। यह टीम सुनिश्चित करेगी कि राज्य का विकास और भी तेज गति से हो। दोरजी खांडू स्टेट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में खांडू के अलावा 11 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली, जिनमें उपमुख्यमंत्री चौना मीन, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष पीडी सोना, भाजपा की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष बियुराम वाहगे और पूर्व मुख्यमंत्री कलिखो पुल की पत्नी दासंगलू पुल शामिल हैं। दासंगलू पुल अकेली महिला मंत्री हैं, जबकि नये मंत्रिमंडल में आठ नये चेहरे शामिल हैं। मंत्रिमंडल में शामिल किए गए अन्य लोगों में पॉलिन से विधायक बालो राजा, कनुबारी से विधायक गेब्रियल डेनवांग वांगसु, पेंगिंग से विधायक ओजिंग ताशिंग, आलो ईस्ट से विधायक केंटो जिनी और तलिहा सीट पर निर्विरोध जीत हासिल करने वाले न्यातो डुकम शामिल हैं।

### तीन मौजूदा मंत्रियों को नहीं मिली जगह

अरुणाचल प्रदेश की पिछली सरकार के तीन मंत्रियों को मुख्यमंत्री पेमा खांडू के नेतृत्व वाली नयी मंत्रिपरिषद में जगह नहीं मिली।

इस बार मंत्रिपरिषद में जगह पाने में नाकाम रहे नेताओं में होनचुन नगंदम, एलो लिबांग और नाकप नालो शामिल हैं। पिछली सरकार में उनके पास क्रमशः ग्रामीण कार्य, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं पर्यटन विभाग थे।

# मध्यप्रदेश में खोले जाएंगे पायलट प्रशिक्षण केन्द्र : मोहन यादव



- मुख्यमंत्री यादव ने भोपाल से जबलपुर जाने वाली पहली फ्लाइट का शुभारंभ किया

**भोपाल,** (पंजाब केसरी): मध्य प्रदेश को पर्यटन के क्षेत्र में गुरुवार को बड़ी सौगात मिली है। यहां पर्यटन केंद्रों को हवाई मार्ग से जोड़ने के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा की शुरुआत हुई और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ऐलान किया है कि जिन जिलों में हवाई पट्टी हैं वहां पायलट प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने राजधानी के राजा भोज अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर भोपाल से जबलपुर जाने वाली पहली फ्लाइट का शुभारंभ किया। यह फ्लाइट भोपाल से जबलपुर होकर रीवा जाएगी, वहां से सिंगरौली लैंड होगी। भोपाल एयरपोर्ट पर टिकट बुकिंग काउंटर का भी शुभारंभ किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि राज्य में विकास की उड़ान जारी है। पहले स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में एयर एंबुलेंस की शुरुआत की गई है और अब पर्यटन के क्षेत्र में पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा शुरू हो रही है। सेवा से पर्यटन, खेल और उद्योग जगत में बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने आगे कहा कि इस वायु सेवा के शुरू होने से रोजगार के अवसर भी शुरू होंगे। जिन जिलों में हवाई पट्टियां हैं, वहां पायलट प्रशिक्षण केंद्र खोले जाएंगे और इसके लिए शिक्षा विभाग से डिप्लोमा की योजना को भी अमल में लाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के शुरू होने से पर्यटकों को सुविधा होगी, कम समय भी लगेगा।

जिन स्थानों पर पहुंचने में कई घंटे लगते थे, आप वहां कुछ हे मिनटों में पहुंचा जा सकेगा। प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि 'पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा' पर्यटन क्षेत्र के साथ उद्योग, व्यापार, स्वास्थ्य, शिक्षा, संस्कृति और कला के प्रचार-प्रसार में भी सहायक होगी। मुख्यमंत्री डॉ यादव के नेतृत्व में इस सेवा का विस्तार आने वाले समय में अन्य शहरों तक भी किया जाएगा।

## क्रिकेट सट्टेबाजी में पोर्टल के खिलाफ छापेमारी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 2024 के लोकसभा चुनाव नतीजों को लेकर ऑनलाइन सट्टेबाजी और आईपीएल क्रिकेट मैचों के अवैध प्रसारण में कथित रूप से शामिल एक वेबसाइट के खिलाफ धनशोधन जांच के तहत मुंबई और पुणे में छापेमारी की है। जांच एजेंसी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। ईडी ने एक बयान में कहा कि पोर्टल 'फेयरप्ले' के खिलाफ महाराष्ट्र के दो शहरों में 19 स्थानों पर बुधवार को छापेमारी की गई। आठ करोड़ रुपये की नकदी, 'डीमैट अकाउंट होल्डिंग्स' और कीमती घड़ियां जब्त की गईं।इसने कहा कि इसके अलावा कई अन्य आपत्तिजनक दस्तावेज और डिजिटल उपकरण भी जब्त किये गये।एजेंसी ने कहा कि पोर्टल ''क्रिकेट/आईपीएल मैचों के अवैध प्रसारण और लोकसभा चुनाव 2024 के नतीजों सहित विभिन्न ऑनलाइन सट्टेबाजी गतिविधियों में शामिल था।''

## छत्तीसगढ़ में भूमि संबंधी विवादों को दूर करने नई तकनीक का प्रयोग

**रायपुर** ,आशीष शर्मा (पंजाब केसरी): देश में लोकसभा चुनाव संपन्न होने के बाद अचार संहिता समाप्त हो चुकी है और अब छत्तीसगढ़ में भी विकास की गति तेजी से बढ़ेगी छत्तीसगढ़ सरकार के भी 6 माह पूर्ण हो चुके हैं। छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के बाद भूमि संबंधी विवाद को दूर करने के लिए राजस्व प्रशासन नई तकनीक लेकर आना वाला है। अब इस संबंध में नई तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। इस बेहतरीन तकनीक का नाम जिओ रिफ्रेंसिंग है। सीएम विष्णुदेव साय ने इसको लेकर जानकारी देते हुए कहा कि, भूमि संबंधी विवादों को दूर करने के लिए नई तकनीक का प्रयोग होगा। नई तकनीक से छोटी से छोटी भूमि का वास्तविक करना आसान होने वाला है। जमीन संबंधी विवादों को हल करने में मदद मिलेगी। बता दें, राज्य सरकार ने जिओ रिफ्रेंसिंग के लिए 150 करोड़ रूपए का प्रावधान दिया



है। ताकी इसमें किसी तरह की कोई कमी न रह जाए। इसके अलावा भूमिधारक को भू-आधार कार्ड मिलेगा। भूमि के नक्शों के लिए खसरा के जगह यू.एल.पिन नंबर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने जिओ रिफ्रेंसिंग के लिए मंजूरी दे दी है। खास बात यह है कि, इस तकनीक को चलाने के लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

साथ ही तहसीलदार और नायब तहसीलदार को नवीन पद दिए जा रहे हैं। जिओ रिफ्रेंसिंग की शुरूआत करने से पहले भूमि का सर्वेक्षण किया जाएगा।

# पीएम के हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करने के सपने को हरियाणा में किया जाएगा पूरा : नायब

**चंडीगढ़,** राजेश जैन (पंजाब केसरी) : मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार हिसार स्थित महाराजा अग्रसेन हिसार हवाई अड्डे से प्रदेश की राजधानी चंडीगढ़ समेत 5 प्रदेशों की उड़ान शुरू करने जा रही है। महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से उड़ानों को लेकर एलाइंस एयर एवियशन लिमिटेड के साथ आज एक समझौता हुआ है।

प्रदेश के लोग जल्द ही हिसार से उड़ान भर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हवाई चप्पल वाले हवाई यात्रा करने के सपने को हरियाणा में भी पूरा किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह आज पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस सेक्टर-1 पंचकूला में हरियाणा सरकार के नागरिक उड्डयन विभाग और एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के माध्यम से क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना (आरसीएस) के तहत क्षेत्रीय हवाई अड्डों के लिए हवाई कनेक्टिविटी को



बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर होने के बाद बोल रहे थे। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह , नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ कमल गुप्ता, हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष श्री ज्ञानचंद गुप्ता की मौजूदगी में नागरिक उड्डयन विभाग के अतिरिक्त निदेशक श्री सतीश कुमार सिंगला और एलायंस एयर एविएशन लिमिटेड के नेटवर्क प्लानिंग हेड श्री रंजन कुमार दत्ता सीईओ ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। क्षेत्रीय कनेक्टिविटी योजना के तहत उड़ानों के शेड्यूल की रूपरेखा जल्द ही तैयार की जाएगी।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह ने कहा कि आज नागरिक उड्डयन हरियाणा के लिए एक महत्वपूर्ण दिन है। एलायंस एयर के साथ इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर ने हिसार को एक एकीकृत विमानन बनाने के व्यापक लक्ष्यों को आगे बढ़ाने की अधिक संभावनाओं के रास्ते खोल दिए हैं।

## पॉक्सो में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

**बेंगलुरु,** (पंजाब केसरी): बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता बी एस येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। येदियुरप्पा के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के मामले की जांच कर रहे सीआईडी ने पहले उन्हें पूछताछ के लिए बुलाया था। उन्होंने (येदियुरप्पा) सीआईडी के जांच अधिकारी के समक्ष पेश होने के लिए समय मांगा था। येदियुरप्पा के करीबी सूत्रों ने बताया कि भाजपा के वरिष्ठ नेता फिलहाल दिल्ली में हैं और उनके



लौटने के बाद जांच में शामिल होने की संभावना है। पुलिस के अनुसार, येदियुरप्पा पर एक 17 वर्षीय किशोरी की मां की शिकायत के आधार पर पॉक्सो अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 354 ए (यौन उत्पीड़न) के तहत मामला दर्ज किया गया है। किशोरी की मां ने येदियुरप्पा पर आरोप लगाया है कि उन्होंने इस साल दो फरवरी को डॉलर्स कॉलोनी स्थित अपने आवास पर एक बैठक के दौरान उसकी बेटी का यौन उत्पीड़न किया। सदाशिवनगर पुलिस द्वारा 14 मार्च को मामला दर्ज किये जाने के कुछ ही घंटों बाद कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक आलोक मोहन ने एक आदेश जारी कर मामले को तत्काल प्रभाव से जांच के लिए सीआईडी को स्थानांतरित कर दिया था।

# जगन्नाथ मंदिर के फिर खोले गए चारों द्वार

**भुवनेश्वर,** (पंजाब केसरी): ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों की मौजूदगी में बृहस्पतिवार की सुबह पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के सभी चार द्वार श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिए गए। कोविड-19 महामारी के बाद से बंद किए गए 12वीं सदी के मंदिर के तीन द्वार भगवान जगन्नाथ की 'मंगल आरती' अनुष्ठान के बाद फिर से खोल दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्री, कई भाजपा सांसद और पार्टी नेता मंदिर पहुंचे और भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की। माझी ने कहा, शपथ ग्रहण समारोह के बाद, भाजपा सरकार ने बुधवार की शाम को मंदिर के सभी चार द्वारों को फिर से खोलने का अपना पहला निर्णय लिया था। दरअसल पिछली बीजू जनता दल सरकार ने कोविड-19 महामारी के बाद से मंदिर के चार में से तीन द्वार बंद कर रखे थे। श्रद्धालुओं को केवल सिंहद्वार से



प्रवेश की अनुमति दी गई, जबकि मंदिर के अन्य तीन तरफ स्थित द्वार बंद रहे, जिससे श्रद्धालुओं को असुविधा हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रखेगी और जरूरत पड़ने पर मंदिर में श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारू बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी। ओडिशा सरकार ने मंदिर के बेहतर प्रबंधन, रखरखाव और विकास के लिए 500 करोड़ रुपये का कोष स्थापित करने का भी फैसला किया है। मांझी ने कहा कि इस संबंध में आगामी राज्य बजट में प्रावधान किया जाएगा।

# भारी बारिश के कारण सिक्किम में हाहाकार

### सिक्किम में भूस्खलन और बारिश के चलते छह लोगों की मौत, 1,500 पर्यटक फंसे

**गंगटोक,** (पंजाब केसरी) : उत्तरी सिक्किम के मंगन जिले में लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और 1,500 से अधिक पर्यटक फंस गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि संगकालांग में एक नवनिर्मित पुल ढह गया, जिसके कारण मंगन का द्जोंगू व चुंगथांग से संपर्क टूट गया। अधिकारियों ने कहा कि भूस्खलन के कारण सड़कें अवरुद्ध हो गईं और कई मकान जलमग्न व क्षतिग्रस्त हो गए, जबकि बिजली के खंभे बह गए। गुरुडोंगमार झील और युनथांग घाटी जैसे लोकप्रिय पर्यटन स्थलों के लिए जाने जाने वाले मंगन जिले के जोंगू, चुंगथांग, लाचेन और लाचुंग जैसे कस्बे का देश के बाकी हिस्सों से संपर्क टूट गया है। मंगन के जिला मजिस्ट्रेट हेम कुमार छेत्री ने बताया कि पाक्षेप और अम्बीथांग गांवों में तीन-तीन लोगों की मौत हो गई।

गेयथांग और नामपाथांग में कई मकान क्षतिग्रस्त हो गए। छेत्री ने बताया कि विस्थापित लोगों के लिए पाक्षेप में एक राहत शिविर स्थापित किया गया है। भूस्खलन के कारण ब्रिंगबोंग पुलिस चौकी को निकटवर्ती स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया, जबकि संकलान में एक पुल की नींव क्षतिग्रस्त हो गई। अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश और भूस्खलन के चलते उत्तरी सिक्किम में मोबाइल नेटवर्क प्रभावित है। वहीं, जिला प्रशासन ने मंगन में राशन के साथ राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ) की एक टीम भेजने का अनुरोध किया।



नॉर्थ सिक्किम में मंगलवार को हुए भूस्खलन व भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित।

### पीड़ितों के साथ खड़ी है सरकार : तमांग

एक बयान में मुख्यमंत्री तमांग ने कहा कि पीड़ितों और प्रभावित परिवारों को हर संभव सहायता प्रदान करने के प्रयास जारी हैं। पुनर्वास सहायता, अस्थायी बसावट के बंदोबस्त और बुनियादी आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस आपदा के पीड़ितों के साथ दृढ़ता से खड़ी है तथा शोक संतप्त परिवारों और भूस्खलन से प्रभावित एवं विस्थापित सभी लोगों को अधिकतम सहायता देने का वादा करती है। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग जल्द ही सिक्किम लौटेंगे और बचाव तथा राहत कार्यों पर व्यक्तिगत निगरानी करेंगे।

# ऑनलाइन मंगाई कोन आइस्क्रीम में निकली कटी उंगली

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): मुंबई के मलाड इलाके में एक व्यक्ति ने शिकायत की कि उसने ऑनलाइन ऑर्डर कर कोन आइस्क्रीम मंगाई थी, और उसे कोन के अंदर नाखून के साथ मांस का एक टुकड़ा मिला। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, संदेह है कि मांस का यह टुकड़ा मनुष्य की कटी उंगली है और इसे जांच के लिए भेजा गया है। उसने बताया कि यह घटना बुधवार को दोपहर में हुई।



पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, 'मलाड पश्चिम में रहने वाले 26 वर्षीय एमबीबीएस डॉक्टर ने 'यम्मो कंपनी' की बटरस्कॉच कोन आइसक्रीम के लिए ऑनलाइन ऑर्डर दिया था। जब वह दोपहर में खाना खाने के बाद आइसक्रीम खा रहे थे तो कोन में से आधे इंच का एक मांस का टुकड़ा निकला, जिसमें नाखून भी था।' उसने बताया कि स्नातकोत्तर की पढ़ाई कर रहे व्यक्ति ने यह मुद्दा उठाते हुए आइसक्रीम कंपनी के इंस्टाग्राम पेज पर इसकी शिकायत दर्ज कराई। अधिकारी ने बताया कि शिकायत करने पर कंपनी ने कोई उचित जवाब नहीं दिया, जिसके बाद शिकायतकर्ता ने मांस के टुकड़े को बर्फ की थैली में रखा और मलाड पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने यम्मो आइसक्रीम कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। अधिकारी ने कहा, 'संदेह है कि यह टुकड़ा मानव उंगली का हो सकता है। इसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है ताकि पता लगाया जा सके कि क्या यह मानव शरीर का हिस्सा है?' उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।


हरियाणा सरकार
डबल इंजन सरकार, योजनाएं अपार
सड़क तंत्र का हो रहा लगातार विस्तार
हरियाणा में आज से शुरु
₹3600 करोड़ की लागत से
7300 कि.मी. लम्बी कुल 2500 सड़कों के
नव-निर्माण व पुनरुद्धार के कार्य
अक्तूबर 2014 से आज तक पूर्ण
₹32,400 करोड़ की लागत से
58,200 कि.मी. लम्बी सड़कों के
नव-निर्माण व पुनरुद्धार के कार्य
हरियाणा में ₹40,000 करोड़ की लागत से
1350 कि.मी. लम्बे
राष्ट्रीय राजमार्गों का निर्माण
SAMVAD RO. No. 1089/13/1624/2025/26665/142/7 Dt. 13/06/2024
"सरकार का ध्येय है कि अब विकास कार्यों को और भी तीव्रता से संपन्न करवाना है, इसी श्रंखला में राज्य भर में आधारभूत संरचनाओं को तीव्रता से मजबूत किया जा रहा है।"
- नायब सिंह
"इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट्स पर जिस स्केल और स्पीड से काम हो रहा है, वह अभूतपूर्व है। इससे हरियाणा को भी लाभ हो रहा है। राज्य में नेशनल हाइवे ग्रिड को गति दी जा रही है।"
- नरेन्द्र मोदी
नये कार्यों की विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाइट पर जाएं
www.works.haryana.gov.in
www.etenders.hry.gov.in
सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in
Follow us on :
@diprharyana

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



# पानी पर जंग





# पानी की चोरीः अब मुनक नहर पर दिल्ली पुलिस का 24 घंटे पहरा

## मुनक नहर पर 15 किलोमीटर में पांच थानों की पुलिस के 150 जवान करेंगे पेट्रोलिंग





**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): राजधानी दिल्ली में लगातार बढ़ रही पानी की किल्लत के बीच मुनक नहर से टैंकर माफिया द्वारा पानी चोरी पर नकेल कसने के लिए दिल्ली पुलिस एक्टिव हो गई है। आउटर-नॉर्थ व रोहिणी डिस्ट्रिक्ट में दिल्ली में मुनक नहर से पानी की चोरी रोकने के लिए बवाना से हैदरपुर करीब 15 किलोमीटर तक तीन शिफ्ट में पांच थानों की पुलिस को तैनात किया है। लगभग 150 पुलिसकर्मी आठ-आठ घंटे की शिफ्ट में नहर व आसपास पेट्रोलिंग करेंगे। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर कुछ टैंकरों को पकड़ा भी है। टैंकर जब्त कर इनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की गई है। हरियाणा से दिल्ली बवाना आने के बाद मुनक नहर करीब 15 किलोमीटर का सफर तय कर हैदरपुर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट तक पहुंचता है। यहां से दिल्ली के लिए पानी भेजा जाता है। दिल्ली के इतिहास में यह पहली बार हो रहा है जब नहर के 15 किलोमीटर के एरिया दिल्ली पुलिस ने अपनी चौकसी बढ़ाई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक तीन शिफ्ट में नरेला, बवाना, शाहबाद डेयरी, समयपुर बादली और केएन काटजू मार्ग थाना पुलिस अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में मुनक नहर की चौकसी करेगी।

### एलजी ने मांगी एक्शन रिपोर्ट

आधिकारिक पुलिस सूत्रों की मानें तो उपराज्यपाल वी के सक्सेना ने बुधवार को दिल्ली पुलिस प्रमुख को पानी की चोरी रोकने के लिए मुनक नहर पर कड़ी निगरानी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया और एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट मांगी है। हाई कमान से निर्देश के बाद से ही पुलिस ने नहर के पानी पर अपना पहरा बैठाया है। देर रात से ही नहर के किनारों पाइल लाइन और आसपास के इलाके में पुलिस ने बाइक पेट्रोलिंग, क्यूआरटी व क्यूआरवी वाहनों की पेट्रोलिंग बढ़ा दी है। एसचएचओ व एटीओ को भी गश्त के लिए कहा गया है।

### अलर्ट... डीसीपी की क्लोज मॉनिटरिंग

दिल्ली में पानी चोरी का मुद्दा काफी गंभीर बन चुका है। ऐसे में पुलिस काफी अलर्ट है और डीसीपी ने एसएचओ के साथ बैठक भी ली है। मुनक नहर से पानी चोरी रोकने और टैंकर माफियाओं पर नकेल कसने के लिए सख्त निर्देश दिए गए हैं। एलजी के हस्तक्षेप के बाद खुद डीसीपी इसकी क्लॉज मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

### तीन टैंकर जब्त, छह लोगों पर एक्शन

हाई कमान से आदेश के बाद पुलिस ने टैंकर माफियाओं पर एक्शन भी शुरू कर दिया है। आधिकारिक पुलिस सूत्रों की मानें तो 24 घंटे के भीतर ही तीन टैंकर जब्त कर छह लोगों पर कानूनी कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि मुनक नहर से भारी मात्रा में टैंकर माफिया पानी की चोरी करते है। इस पानी का इस्तेमाल आसपास के औद्योगिक क्षेत्र में लगी फैक्ट्रियों और बिल्डिंग निर्माण कार्य में सबसे ज्यादा किया जाता है।

# पानी चोरी व बर्बादी रोकने में असफल दिल्ली सरकारः बांसुरी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के कई इलाके जल संकट कटौती की स्थिति से जूझ रहे हैं और दिल्लीवासियों को हो रही समस्या के बीच गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट द्वारा आम आदमी पार्टी की दिल्ली सरकार को फटकार लगाई गई जिसके बाद दिल्ली प्रदेश भाजपा की मंत्री एवं नवनिर्वाचित सांसद बांसुरी स्वराज ने मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर की उपस्थिति में मीडिया को सम्बोधित किया। बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली में जल की कमी का कोई संकट नहीं है, असल में दिल्ली में एक ओर जल वितरण के लिए समर एक्शन प्लान का अभाव है और दूसरी ओर सरकार जल लीकेज से होने वाली बर्बादी को रोकने में असमर्थ रही है। उन्होंने कहा की भाजपा लगातार कहती रही है कि दिल्ली को सभी स्रोत से एग्रीमेंट अनुसार पूरा पानी मिल रहा है और यदि किसी भी कारण से सरकार को दिल्ली के लिए अतिरिक्त पानी चाहिए तो उसे या आपसी बातचीत से पड़ोसी राज्यों से लेना होगा या फिर यमुना नदी बोर्ड से मांगना होगा। सांसद ने कहा कि यह खेदपूर्ण है की दिल्ली की जल चोरी एवं बर्बादी रोकने में असफल दिल्ली सरकार ने खुद की गलतियों से उत्पन्न समस्या को पानी की कमी का संकट बता कर पड़ोसी राज्यों पर डालने का प्रयास किया और मामले को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष भी लेकर गए।

उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार और मंत्री आतिशी की पोल पूरी तरह खुल गई कि जब सुप्रीम कोर्ट में हिमाचल प्रदेश सरकार ने कहा कि हमारे पास कोई अतिरिक्त जल नहीं, वहीं हरियाणा ने भी कोर्ट को संतुष्ट किया की वह पूरा जल दिल्ली को दे रहा है। दोनों राज्यों के तर्क सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने आप सरकार को फटकार लगाई की आखिर क्यों वह 2019 से साल दर साल हर गर्मी में सुप्रीम कोर्ट आती है, जबकि जल आवंटन समस्या का समाधान पड़ोसी राज्यों से बातचीत या यमुना नदी बोर्ड से बात करने से ही निकल सकता है। कोर्ट ने तुरंत यमुना नदी बोर्ड जाने के निर्देश के साथ दिल्ली सरकार की याचिका का निबटारा कर दिया। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि जल मंत्री लगातार कहती हैं की हम पानी टैंकर की कालाबाजारी रोकना चाहते हैं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने गत बुधवार को ही पालम की विधायक के आसपास के कार्यकर्ताओं द्वारा चलाए जा रहे टैंकर घोटाले का पर्दाफाश किया था जिसके बाद दिल्ली की जनता जानना चाहती है की आतिशी एवं आप ने अपने इन टैंकर माफिया नेताओं पर क्या कार्रवाई की।

## लीकेज रोकने के लिए 9 सालों में 3500 किमी लाइन बदली गई, 3285 फ्लो मीटर लगाएः जलमंत्री

# पानी का ट्रांसमिशन लॉस 25% हुआ कमः आतिशी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): केजरीवाल सरकार के प्रयासों की बदौलत दिल्ली में मुनक नहर के जरिए आने वाले पानी का ट्रांसमिशन लॉस 25 फीसद तक कम हुआ है। साथ ही 35 सौ किलोमीटर पाइप लाइन बदलने व 73 सौ किलोमीटर नई पाइप लाइन डालने से लीकेज अंतरराष्ट्रीय मानक से भी कम हो गया है। जलमंत्री आतिशी ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में एक प्रेसवार्ता की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली सरकार के सुप्रीम कोर्ट में दाखिल एफिडेविट में दिल्ली में पानी की बर्बादी रोकने और पानी का उत्पादन बढ़ाने के लिए उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी दी है। मंत्री ने कहा कि सरकार ने मुनक नहर के ट्रांसमिशन लॉस रोकने के लिए



500 करोड़ रुपए खर्च किया है और इससे पानी की बर्बादी 30 से घटकर 5 फीसद पर आ गई है। पिछले 9 सालों में लीकेज से पानी की बर्बादी रोकने के लिए 3500 किलोमीटर की पाइपलाइन को बदला गया है, 3285 फ्लो मीटर लगाए गए हैं। जलबोर्ड ने 1323 चालान किए और 179 अवैध कनेक्शन काटे हैं। वर्तमान में हरियाणा से यमुना में पर्याप्त पानी नहीं छोड़े जाने की वजह से दिल्ली में पानी का प्रोडक्शन 50 एमजीडी तक कम हो गया है। इस कारण कई इलाकों में पानी की किल्लत हो रही है। जलमंत्री ने कहा कि दिल्ली में चल रहे जलसंकट पर पिछले एक सप्ताह से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई चल रही है। बुधवार को सुप्रीम कोर्ट ने अपनी सुनवाई में दिल्ली सरकार से पूछा था कि दिल्ली सरकार पानी की बर्बाद होने से बचाने के लिए क्या-क्या कदम उठा रही है? गुरुवार को दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के सामने पिछले एक साल से उठाये जा रहे कदमों व वर्तमान में जलसंकट की स्थिति में पिछले एक महीने से उठाये जा रहे कदमों के बारे में बताया।

साथ ही जलबोर्ड द्वारा एक कमांड और कंट्रोल सेंटर बनाया गया है, जहां सभी फ्लो मीटर का डेटा जांचा जाता है और एक लीक डिटेक्शन सेल द्वारा डेटा और ग्राउंड इंस्पेक्शन के माध्यम से पिछले 6 महीने में 2000 से ज्यादा पाइपलाइन लीकेज को पहचान कर उसे दूर किया गया है।

### पानी की बर्बादी पर 1323 चालान व 179 कनेक्शन काटे गये

जलमंत्री ने बताया कि दिल्ली जल बोर्ड ने पानी की बर्बादी को रोकने के लिए शहर में एनफोर्समेंट टीमें लगाई है। जो पिछले 10 दिनों से पानी की बर्बादी पर नजर बनाएं हुए हैं और उल्लंघन कर्ताओं के चालान काट रही हैं। अब तक 1323 चालान काटे जा चुके हैं। साथ ही अब तक पानी के 179 अवैध कनेक्शन काटे गये हैं। यहां से पानी की चोरी और बर्बादी हो रही थी।

# पानी को लेकर कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली में प्रतिदिन बढ़ते जल संकट का हल निकालने में विफल दिल्ली सरकार के खिलाफ पानी की समस्या से त्रस्त जनता को तुरंत राहत देने की मांग को लेकर सभी 280 ब्लाक कांग्रेस कमेटियों में विरोध प्रदर्शन करने का निर्णय लिया है। प्रदेश अध्यक्ष ने आज दिल्ली कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन में दिल्ली के सभी ब्लाक अध्यक्षों की महत्वपूर्ण बैठक में यह घोषणा की और सभी ब्लाक अध्यक्षों को निर्देश दिए कि जनता की मुख्य जरुरत जल से जुड़े मुद्दे पर पूरी दिल्ली में क्षेत्रीय लोगों सहित ब्लाक व बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को प्रदर्शन में शामिल करना होगा।

उन्होंने कहा कि यह बहुत बड़ा प्रश्न है कि समय रहते दिल्ली सरकार यमुना में घटते जल स्तर के चलते जलापूर्ति के लिए पहले कदम नहीं उठाती। देवेन्द्र यादव ने कहा कि जब सातों संसदीय सीटों पर भाजपा के सांसद है तो क्यों दिल्ली की जनता केन्द्र सरकार की प्रशासनिक निष्क्रियता और दोहरी नीति का शिकार हो रही है।



### कांग्रेस ने की जल बोर्ड में घोटाले की जांच की मांग

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने दिल्ली जल बोर्ड को लीकेज के कारण हो रहे लगभग 17,575 करोड़ के नुकसान के संबध में केन्द्रीय सतर्कता आयुक्त (सीबीसी) को पत्र लिखा। प्रदेश अध्यक्ष ने यह मांग की कि जल रिसाव व चोरी से पानी की 58.28 प्रतिशत की बर्बादी से हो रहे राजस्व के नुकसान की जांच की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 3 वर्षों में जल रिसाव की 16.28 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर चिंता जताई जो 2019-20 में 42 प्रतिशत से बढ़कर 2022-23 तक 58.28 प्रतिशत तक हो गया है। उन्होंने कहा कि मीटरिंग और लीकेज प्रबंधन के लिए लगभग 30 करोड़ के वार्षिक आवंटन के बाद पानी लीकेज का बढ़ना दिल्ली जल बोर्ड की कार्यशैली पर प्रश्नचिन्ह लगाता है।

# आप फिल्मी पार्टी : सचदेवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी एक नाटकीय फिल्मी पार्टी है, लेकिन आश्चर्यजनक रूप से उनके पटकथा लेखकों के पास



उचित जल आपूर्ति सुनिश्चित करने में अपनी विफलता का बचाव करने के लिए बहाने समाप्त हो गए हैं। दिल्ली सरकार को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट से फटकार और पानी की चोरी और ट्रांसमिशन लीकेज नुकसान को रोकने में सरकार की विफलता पर दिल्ली के लोगों द्वारा निंदा पर दिल्ली के लोगों को जवाब देने का दिन था तो जल मंत्री आतिशी ने फिर से अपनी पुरानी स्क्रिप्ट का सहारा लिया है कि, 'मैंने सीएम अरविंद केजरीवाल से मुलाकात की और उन्होंने दिल्ली में पानी की कमी पर चिंता व्यक्त की।'सचदेवा ने कहा है कि अरविंद केजरीवाल 12 मई से 2 जून तक जेल से बाहर थे, लेकिन उन्होंने दिल्ली में जल संकट पर एक भी शब्द नहीं बोला और जेल से संदेश के तौर पर हमने उनसे एक भी शब्द नहीं सुना। हैरानी की बात है कि अब जब सुप्रीम कोर्ट ने पानी की चोरी रोकने में विफल रहने पर आप सरकार को फटकार लगाई तो अचानक आतिशी ने न केवल सीएम का संदेश पढ़ा, बल्कि जमीनी निरीक्षण के दावे भी करने शुरू कर दिए। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष ने कहा है कि जल कुप्रबंधन के लिए पूरी तरह से आतिशी जिम्मेदार हैं और तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।




जल संकट के बीच नई दिल्ली के विवेकानंद कैंप में टैंकर से पीने का पानी इकट्ठा करते हुए लोग।

# टैंकर माफिया नहीं हरियाणा से पानी न मिलना दिल्ली के जलसंकट की असली वजह

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): टैंकर के मुद्दे पर हो रही सियासत के बीच दिल्ली में पानी की असल के पीछे हरियाणा को जिम्मेदार बताया गया है। दिल्ली सरकार का कहना है कि दिल्ली में जलबोर्ड द्वारा टैंकर चलाए जाते हैं। इनमें से 250 टैंकर दिल्ली जल बोर्ड के हैं और बाकी टैंकर सीजन के अनुसार जल बोर्ड किराए पर लेता है। ये टैंकर उन इलाकों में खासतौर पर कुछ झुग्गी-क्लस्टरों में पानी पहुंचाने का काम करते है जहां पानी की पाइपलाइन नहीं है। सरकार का कहना है कि गर्मियों में पानी की मांग के बढ़ने के कारण टैंकरों की संख्या बढ़ानी होती है। वर्तमान में दिल्ली जलबोर्ड द्वारा 1000 से ज्यादा टैंकर चलाए जा रहे हैं। ये सभी टैंकर दिन में 8-10 ट्रिप के जरिए पानी की सप्लाई करते हैं। यानी दिल्ली जलबोर्ड प्रतिदिन 8-10 हजार टैंकर पानी की सप्लाई कर रहा है। और आंकड़ों को देखे इसमें दिल्ली जलबोर्ड का मात्र 4-5 एमजीडी पानी का इस्तेमाल हो रहा है। ऐसे में अगर टैंकर माफिया प्राइवेट टैंकर का इस्तेमाल कर रहे हैं। अगर ये 100-200 टैंकरों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं, तब भी इस अनुपात के अनुसार उनके द्वारा एक एमजीडी से ज्यादा पानी का इस्तेमाल नहीं हो रहा होगा। सरकार का कहना है कि टैंकर माफिया पर नकेल कसना जरूरी है। अगर हरियाणा में टैंकर भरें जा रहे हैं तो हरियाणा पुलिस द्वारा उन्हें रोकना जरूरी है, दिल्ली में टैंकर भरे जा रहे हैं तो दिल्ली पुलिस द्वारा उन्हें रोकना जरूरी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा पुलिस और दिल्ली पुलिस दोनों भाजपा के अन्तर्गत आते हैं, अगर वो इन टैंकरों को रोकना चाहते है तो रोक सकते है लेकिन उन्हें रोकने के बजाय राजनीति की जा रही है। जब तक दिल्ली को यमुना नदी में मुनक नहर के माध्यम से पर्याप्त पानी नहीं मिलेगा और दिल्ली सरकार के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट अपनी पूरी क्षमता पर काम नहीं करते तब तक दिल्ली में पानी की कमी रहेगी।

# आतिशी ने किया दक्षिणी दिल्ली तक पानी पहुंचाने वाली पाइपलाइन नेटवर्क का निरीक्षण

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली में जारी जलसंकट के बीच जलमंत्री आतिशी लगातार ग्राउंड जीरो का निरीक्षण कर रही हैं। इस क्रम में जलमंत्री ने गुरुवार को राजस्व विभाग और जलबोर्ड के उच्चाधिकारियों के साथ सोनिया विहार वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से दक्षिणी दिल्ली तक पानी पहुंचाने वाली मुख्य पाइपलाइन नेटवर्क का निरीक्षण किया। जलमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर भर में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए और यदि कहीं भी मुख्य पाइपलाइन में कोई लीकेज मिलती है तो उसे तुरंत दूर किया जाए। मंत्री आतिशी ने कहा कि जल संकट के दौरान दिल्ली को कम पानी मिल रहा है जिससे वाटर ट्रीटमेंट



प्लांट का उत्पादन घट गया है, ऐसे में पानी की बर्बादी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जलमंत्री आतिशी ने कहा कि पिछले कई दिनों से दिल्ली में हीटवेव चल रही है। लेकिन हरियाणा से पर्याप्त मात्रा में पानी न मिलने से दिल्ली में पानी के मौजूदा उत्पादन में कमी आई है। दिल्ली में वर्तमान में 1000 एमजीडी की तुलना में 40-45 एमजीडी पानी का कम उत्पादन हो रहा है। जल मंत्री ने कहा कि हम सुनिश्चित कर रहे हैं कि पानी की कमी के इस दौर में पाइपलाइन लीकेज से एक बूंद पानी भी बर्बाद न हो।

# जेल में भी सीएम केजरीवाल को दिल्लीवालों की फिक्र

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल में भी दिल्लीवालों की चिंता कर रहे हैं। गुरुवार को उन्होंने तिहाड़ जेल में कैबिनेट मंत्री आतिशी से मुलाकात के दौरान अपनी यह चिंता जाहिर की। इस मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंत्री आतिशी से दिल्ली में बिजली और पानी की स्थिति पर रिपोर्ट ली और शहर में पानी की मौजूदा समस्या के तुरंत समाधान करने के निर्देश दिए। साथ ही सीएम ने कहा कि सभी विधायक ग्राउंड पर लोगों के बीच जाकर उनकी पानी की समस्या को दूर करने का काम करें। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से हुई मुलाकात को साझा करते हुए मंत्री आतिशी ने कहा कि मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सबसे पहले दिल्ली में बिजली और पानी के स्थिति की रिपोर्ट ली। मुख्यमंत्री जी कहा कि उन्हें खबरों के माध्यम से पता चला है कि दिल्ली में पानी की समस्या चल रही है और लोग परेशान हैमंत्री आतिशी ने कहा कि इस बाबत मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मुझे निर्देश दिए हैं कि दिल्ली की पानी की कमी को दूर करने के लिए जो-जो कदम उठाने की जरूरत है वो जल्द से जल्द उठाए जाएं।

**आतिशी ने जेल में सीएम से मुलाकात दिये निर्देश**

# 8 वर्षों में 30% कम हुआ वायु प्रदूषणः राय

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): प्रदूषण को कम करने के लिए केजरीवाल सरकार न पूरी तरह से कमर कस ली है। सरकार ने गुरुवार को समर एक्शन प्लान जारी कर दिया। इसके तहत गर्मियों में प्रदूषण कम करने के लिए 12 फोकस प्वाइंट निर्धारित किए गए हैं। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने दिल्ली सचिवालय में 30 विभागों के अधिकारियों के साथ समर एक्शन प्लान को लेकर मीटिंग की।

समर एक्शन प्लान की घोषणा करते हुए गोपाल राय ने कहा कि दिल्ली के प्रदूषण स्तर में काफी सुधार आया है। यह दिल्लीवालों की मेहनत का परिणाम है। इसमें और सुधार लाने के लिए हम दिल्लीवासियों के साथ मिलकर समर एक्शन प्लान को प्रभावी रूप से लागू करेंगे। इसके तहत धूल प्रदूषण, ओपेन बर्निंग व औद्योगिक प्रदूषण रोकने के



लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। ग्रीन कवर बढ़ाने, झीलों के विकास और पड़ोसी राज्यों से संवाद समेत अन्य कदम भी उठाए जाएंगे।उन्होंने कहा कि दिल्ली के वायु प्रदूषण में काफी सुधार हुआ है। अच्छे संतोषजनक और मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या में बढ़ोतरी हुई है , जो की 2018 में जहाँ 159 थी, वह 2023 में बढ़कर 206 हो गई है। दिल्ली में अब अच्छे दिनों की संख्या बढ़ गई है। पिछले 8 सालो में प्रदूषण स्तर में 30 प्रतिशत की कमी आई है। सर्दियों में दिल्ली सरकार अपना विंटर एक्शन प्लान बनाती है, वैसे ही गर्मियों के लिए भी समर एक्शन प्लान बनाना शुरू किया है। गोपाल राय ने बताया कि 30 सरकारी विभागों के साथ बैठक कर इस समर एक्शन प्लान पर कार्ययोजना बनायी गयी है। जिनमें पर्यावरण, डीपीसीसी, विकास विभाग, कंटोनमेंट बोर्ड, सीपीडब्ल्यूडी, डीडीए, दिल्ली पुलिस, राजस्व, डीएसआईडी, शिक्षा, डीएमआरसी, ट्रांसपोर्ट, दिल्ली जलबोर्ड, एमसीडी और एनडीएमसी समेत अन्य विभाग शामिल हैं। गोपाल राय ने कहा कि समर एक्शन प्लान के तहत पौधारोपण अभियान को लेकर 18 जून को सभी ग्रीनिंग एजेंसी के साथ दिल्ली सचिवालय में मीटिंग बुलाई गई है।

# नंद नगरीः प्रॉपर्टी विवाद में बेटे ने बुजुर्ग पिता को उतारा मौत के घाट

## सिर पर डंडे, ईंट व पत्थर से किया हमला, पुलिस ने आरोपी को मौके से दबोचा

**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ-ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के नंद नगरी इलाके में प्रॉपर्टी विवाद में एक युवक ने अपने पिता को ही मौत के घाट उतार दिया। आरोपी ने सिर पर डंडे, ईंट व पत्थर से हमला कर बुजुर्ग की हत्या की। मृतक की पहचान केहर सिंह (65) के रूप में हुई है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी हत्या करने के बाद अपने पिता के पास बैठकर ही शराब पीता रहा।

दोपहर को केहर सिंह का बड़ा बेटा घर पहुंचा तो उसने किसी तरह आरोपी से दरवाजा खुलवाया और पिता को मृत देखकर मामले की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी को मौके पर ही दबोच लिया। पकड़े गए आरोपी की पहचान अरुण उर्फ गज्जी (35) के रूप में हुई है। वह जीटीबी अस्पताल में नर्सिंग अर्दली है। पुलिस को मौके से वारदात में इस्तेमाल सामान मिला है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस को पता चला है कि केहर सिंह अपने मकान में से बेटियों और बड़े बेटे को हिस्सा देना चाहते थे। अजय इसका विरोध करता था। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है।

डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि केहर सिंह, बी-2 ब्लॉक, नंद नगरी में परिवार के साथ रहता था। परिवार में दो बेटे राम बहादुर और अरुण उर्फ गज्जी के अलावा चार शादीशुदा बेटियां हैं। राम बहादुर अपने परिवार के साथ मौजपुर में रहते हैं। वह एक बड़े अस्पताल में फार्मासिस्ट हैं। चारों बेटियां ससुराल में रहती हैं। अरुण पिता के साथ जिस मकान में रहता था। वह दो मंजिला है। केहर सिंह चाहते थे ग्राउंड फ्लोर अपनी बेटियों को दे दे और दूसरी मंजिल अपने बड़े बेटे के नाम कर दे। लेकिन अरुण इसका विरोध करता था। वह चाहता था कि उसके पिता पूरा मकान उसके नाम ही कर दे। इसको लेकर उनके बीच अक्सर झगड़ा होता था। मंगलवार देर रात भी दोनों के बीच झगड़ा हुआ। कहासुनी के दौरान आरोपी ने अपने पिता की हत्या कर दी। बाद में वह नीचे पहली मंजिल पर पहुंचा और उसने जमकर शराब पी।



### फोन न उठाने पर घर पहुंचा बेटा

परिजन अपने पिता को फोन करते रहे। फोन न उठाने पर उनका बड़ा बेटा राम बहादुर घर पहुंचा। उसने देखा कि ऊपर जाने वाले रास्ते का गेट अंदर से बंद है। पहली मंजिल की बालकनी में उसका भाई अरुण खड़ा था। उसने पिता के बारे में पूछा तो वह उनके ऊपर जाने की बात कहने लगा। उसने गेट खोलने के लिए कहा तो अरुण ने गेट नहीं खोला। काफी कहने के बाद उसने गेट खोला। वह ऊपर गया तो उसने देखा कि उसके पिता खून से लथपथ पड़े हुए थे। राम बहादुर ने दोपहर 3.19 बजे पुलिस को मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही पुलिस वहां पहुंच गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हत्या के बाद आरोपी ने खुद को पानी से धो लिया, लेकिन उसके लोअर पर खून के धब्बे मौजूद थे। पुलिस ने आरोपी को मौके से ही दबोच लिया।

### फोन पर बड़े बेटे को बताई थी झगड़े की बात

पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि केहर सिंह ने अपने बड़े बेटे राम बहादुर को देर रात को फोन किया था। फोन पर उन्होंने उसे बताया था कि अरुण उनके साथ झगड़ा कर रहा है और घर से निकालने की बात कहा रहा है। इस पर उसने गेट अंदर से लगाकर सोने की बात कही। लेकिन उसे नहीं पता था कि वह अपने पिता से आखिरी बार बात कर रहा है।

# रंजिश के चलते युवक को मारी गोली, हालत गंभीर

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : वेस्ट डिस्ट्रिक्ट के राजौरी गार्डन थाना इलाके में रंजिश के चलते एक युवक को गोली मारने का मामला सामने आया है। मामले की सूचना मिलने के पर मौके पर पहुंची पुलिस घायल को लेकर अस्पताल गई, जहां उसका उपचार किया गया। पीड़ित की पहचान विकास (28) के रूप में हुई है। जांच में पुलिस को पता चला कि पीड़ित को दो गोली लगी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो आरोपी संदीप और लक्ष्य को पकड़ा है। आरोपियों में शामिल एक आरोपी संदीप उर्फ नेपाली ने खुद को भी गोली मार ली और फिर अस्पताल में भर्ती हो गया। जहां से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी और पीड़ित कई साल से झगड़ा चल रहा है। जिसके चलते वारदात को अंजाम दिया गया है। विकास, डबल स्टोरी, टैगोर गार्डन इलाके में परिवार के साथ रहता है। विकास ने पुलिस को बताया कि वह बुधवार को रघुबीर नगर बाइक पर गया था। इसी दौरान रास्ते में संदीप और लक्ष्य ने रोक लिया और उसके साथ झगड़ा करने लगे। इसी दौरान आरोपी संदीप ने उस पर फायरिंग कर दी। गोली मारने के बाद आरोपी मौके से भाग गए।

# गोलियों की तड़तड़ाहट से गूंजा वेलकम, चार घायल, दो की हालत नाजुक



**पूर्वी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में बीती देर रात पांच युवकों ने बाइक सवार दो लड़कों पर अंधाधुंध गोलियां बरसाकर इलाके में दहशत फैला दी। बदमाशों ने करीब 30 से 35 राउंड गोलियां बरसाई थीं। इस गोलीबारी में दोनों लोगों के अलावा फुटपाथ पर सो रहे दो बुजुर्ग घायल हुए हैं।

वारदात को अंजाम देकर सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को तुरंत नजदीकी जग प्रवेश चंद अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने घायलों की पहचान वसीम (33) इसके साथी आसिफ (30) और फुटपाथ पर सो रहे दो बुजुर्ग शरीफ (70) व सुल्तान (70) के तौर पर हुई है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक वसीम और आसिफ की हालत नाजुक होने के चलते उन्हें जीटीबी अस्पताल में रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने इस बाबत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सूत्रों की मानें तो वारदात में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई है। उनकी तलाश में छापेमारी की जा रही है। डीसीपी नॉर्थ-ईस्ट डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि बुधवार देर रात करीब तीन बजे वेलकम थाना पुलिस को शैतान चौक, 65 फुटा रोड पर गोलीबारी की कॉल मिली थी। पुलिस को जांच में पता चला कि पांच-छह लड़कों ने शास्त्री पार्क निवासी वसीम और चौहान बांगर निवासी आसिफ पर गोलियां चलाई हैं। इसके अलावा वारदात के दौरान फुटपाथ पर लेटे दो बुजुर्ग जनता कालोनी निवासी शरीफ और सुल्तान भी घायल हुए हैं। पीसीआर की गाड़ी सभी घायलों को नजदीकी अस्पताल ले जा चुकी थी। पुलिस के मुताबिक वसीम के पेट में दो और हाथ में एक गोली लगी है। वहीं आसिफ के सीने और हाथ में एक-एक गोली लगी है। दोनों बुजुर्ग को भी एक-एक गोली हाथ में लगी है। वसीम और आसिफ की हालत नाजुक बनी हुई है।


GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE
SAMVAD R.O. No. 13/2025/60/26727/I/142/7 Dt. 13/06/2024

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | MUNICIPAL COUNCIL,PALWAL | CONSTRUCTION OF RMC ROAD AND DRAIN FROM HANUMAAN MANDIR TO H/O HARI IN WARD NO 1 + 16 WORKS | 07.06.2024 21.06.2024 | 7.11 CRORES | https://etenders.hry.nic.in | 9416410674 secymc.palwal@gmail.com |
| 2 | MUNICIPAL COUNCIL,PALWAL | CONSTRUCTION OF ROAD AND DRAIN AT NEW CIVIC AMENITIES AND INFRASTRUCTURE DEFICIENT AREA APPROVED BY HARYANA GOVERNMENT IN COLONY ID 324 IN REVENUE ESTATE FIROJPUR IN MC PALWAL. + 6 WORKS | 10.06.2024 18.06.2024 | 1.10 CRORES | https://etenders.hry.nic.in | 9416410674 secymc.palwal@gmail.com |
| 3 | MUNICIPAL COUNCIL,PALWAL | CONSTRUCTION OF ROAD AND DRAIN AT NEW CIVIC AMENITIES AND INFRASTRUCTURE DEFICIENT AREA APPROVED BY HARYANA GOVERMENT IN COLONY ID 456 MC PALWAL + 7 WORKS | 10.06.2024 01.07.2024 | 9.08 CRORES | https://etenders.hry.nic.in | 9416410674 secymc.palwal@gmail.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in



GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE
SAMVAD R.O. No. 13/2025/160/26724/I/142/7 Dt. 13/06/2024

| SR. No. | NAME OF BOARD/CORP./AUTH | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE (TIME) | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE BOARD CORP./AUTH | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | HSIIDC | MAINTENANCE OF STREET LIGHTS FOR TWO MONTHS AT IMT FARIDABAD. | 13.06.2024 20.06.2024 | 6.33 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9582014903 ia.faridabad@hsiidc.org.in |
| 2 | HSIIDC | OPERATION, WATCH AND WARD AND CLEANING OF PUMP HOUSE AT WATER WORKS ANS STORM WATER PUMPING STATION HSIIDC, IMT, FARIDABAD | 13.06.2024 20.06.2024 | 8.33 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9582014903 ia.faridabad@hsiidc.org.in |
| 3 | HSIIDC | REPAIRING OF TREATED WATER SUPPLY LINES IN SECTOR 68 AT IMT FARIDABAD. | 13.06.2024 20.06.2024 | 4.82 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9582014903 ia.faridabad@hsiidc.org.in |
| 4 | HSIIDC | CLEANING OF METALLED ROAD AND BERMS AND DISPOSAL OF SOLID WASTE FROM INTERNAL ROADS IN SECTOR 68 HSIIDC, IMT, FARIDABAD. | 13.06.2024 20.06.2024 | 9.98 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9582014903 ia.faridabad@hsiidc.org.in |
| 5 | HSIIDC | PROVIDING SWEEPERS ALONG WITH TRACTOR TROLLEY FOR CLEANING OF OPEN AREA, GREENBELT AND FOOTPATH, ETC., IN HSIIDC PHASE VI , SECTOR 37, GURUGRAM | 13.06.2024 21.06.2024 | 11.76 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0124-239841 ia.gurugram@hsiidc.org.in |
| 6 | HSIIDC | PROVIDING SWEEPERS ALONG WITH TRACTOR TROLLEY FOR CLEANING OF OPEN AREA, GREENBELT AND FOOTPATH, ETC., IN HSIIDC PHASE 1 TO 3, UDYOG VIHAR GURUGRAM | 13.06.2024 21.06.2024 | 15.60 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0124-239841 ia.gurugram@hsiidc.org.in |
| 7 | HSIIDC | PROVIDING SWEEPERS ALONG WITH TRACTOR TROLLEY FOR CLEANING OF OPEN AREA, GREENBELT AND FOOTPATH, ETC., IN HSIIDC PHASE IV, V, IE, GURUGRAM | 13.06.2024 21.06.2024 | 11.76 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0124-239841 ia.gurugram@hsiidc.org.in |
| 8 | HSIIDC | DEVELOPMENT OF INFRASTRUCTURE SERVICES FOR R&R AREA OF GLOBAL CITY PROJECT, GURUGRAM. | 13.06.2024 21.06.2024 | 2287.85 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0124-239841 ia.gurugram@hsiidc.org.in |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in


# दिल्ली पुलिस ने महिलाओं को सिखाये आत्मरक्षा के गुर



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली पुलिस की ओर से गर्मियों की छुट्टियों में लड़कियों और महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाने के लिए अलग-अलग दस स्थानों पर आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम (सेल्फ डिफेंस कोर्स) का आयोजन दिल्ली पुलिस की ओर से किया गया। इस दौरान दिल्ली पुलिस ने विभिन्न स्कूल, कॉलेज और घरेलू महिलाओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए गए। ओलंपिक पदक विजेता एमसी मैरी काम ने कार्यक्रम के समापन्न समारोह के मौके पर हिस्सा लिया।

कार्यक्रम का आयोजन केंद्रीय विद्यालय नारायणा में हुआ। मैरी काम ने कहा कि दिल्ली पुलिस का प्रयास यह सुनिश्चित करना है कि शहर की महिलाएं न केवल सुरक्षित रहें, बल्कि हर मायने में सशक्त भी हों। यही कारण है कि दिल्ली पुलिस ने आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत महिलाओं और लड़कियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए हैं। वहीं दिल्ली पुलिस के स्पेशल सीपी अजय चौधरी ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा दिल्ली पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। हर लड़की में क्षमता है। बस उन्हें सही मार्गदर्शन और प्रशिक्षण की जरूरत होती है, जो पिछले कई सालों से दिल्ली पुलिस कर रही है।


दिल्ली विकास प्राधिकरण

रिक्ति सूचना

दिल्ली विकास प्राधिकरण में शहरी पार्कों और डीयूएचएफ, एचयूपीडब्ल्यू में अनुबंध आधार पर उप निदेशक (वास्तुकार) के स्तर पर 01 परामर्शदाता तथा 01 परामर्शदाता (पुरातत्वविद्) के पद पर सेवानिवृत्त अधिकारी की नियुक्ति।

दिल्ली विकास प्राधिकरण आरंभ में 01 वर्ष की अवधि के लिए उप निदेशक (वास्तुकार) [सातवें सीपीसी के अनुसार स्तर 11] तथा पुरातत्वविद् [सातवें सीपीसी के अनुसार स्तर 10] के स्तर पर सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारियों से अनुबंध आधार पर शहरी पार्कों और डीयूएचएफ, एचयूपीडब्ल्यू में परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करता है, जिसे दि.वि.प्रा. की आवश्यकता और अधिकारी के कार्य-निष्पादन के अनुसार 3 वर्ष की अधिकतम अवधि के लिए बढ़ाया जा सकता है। विवरण निम्नानुसार है:

| क्र. सं. | पद का नाम/ग्रेड वेतन | रिक्तियों की संख्या | आयु-सीमा | सातवें सीपीसी के अनुसार सेवानिवृत्ति के समय न्यूनतम ग्रेड वेतन/वेतन मैट्रिक्स | अनुभव | योग्यता | अपेक्षित विशेष योग्यता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | परामर्शदाता उप निदेशक वास्तुकार | 01 | आवेदन की अंतिम तिथि पर अधिकतम 63 वर्ष | पे बैंड-3+ग्रेड वेतन 6600/-रु.(सातवें सीपीसी के अनुसार स्तर 11) अथवा समकक्ष | वास्तुकला के क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव | न्यूनतम योग्यता:- वास्तुकला में स्नातक/ एनडी वास्तुकला अतिरिक्त योग्यता:- प्लानिंग अथवा वास्तुकला में स्नातकोत्तर | सॉफ्टवेयर संबंधित आवश्यकता एसीएडी, एमएस ऑफिस फोटोशॉप |
| 2. | परामर्शदाता (पुरातत्वविद्) | 01 | | पे बैंड-3+ग्रेड वेतन 5400/-रु.(सातवें सीपीसी के अनुसार स्तर 10) अथवा समकक्ष | पुरातत्वविद् के क्षेत्र में न्यूनतम 10 वर्षों का अनुभव | | |

*दि.वि.प्रा. की आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या को बढ़ाया या कम किया जा सकता है।
निर्दिष्ट प्रपत्र के साथ संपूर्ण अधिसूचना दि.वि.प्रा. की वेबसाइट: www.dda.gov.in के "जॉब" सेक्शन पर उपलब्ध है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि और समय 01.07.2024 को सायं 5:00 बजे तक है।
इच्छुक और पात्र आवेदक निर्दिष्ट प्रपत्र पर अपने विधिवत् रूप से भरे हुए और हस्ताक्षरित आवेदन की स्कैन्ड पीडीएफ / जेपीईजी प्रति को ई-मेल के माध्यम से consultantpb1@dda.org.in पर भेजें।
पोस्ट, फोन अथवा ई-मेल द्वारा किसी भी अन्य प्रकार के संवाद / पत्राचार अथवा अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। चयनित आवेदकों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जिसका विवरण दि.वि.प्रा. की वेबसाइट पर उपलब्ध कराया जाएगा।

CBC 20112/12/0005/2425

अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नं. 1800110332 डायल करें
@ddaofficial @official_dda @official_dda_ @Official_dda पर हमें फॉलो करें



दिल्ली विकास प्राधिकरण

रिक्ति सूचना

**दिल्ली विकास प्राधिकरण में अनुबंध आधार पर निजी सचिव के पद पर परामर्शदाता के रूप में सेवानिवृत्त अधिकारियों की नियुक्ति।**

डीडीए निजी सचिव (सातवीं सीपीसी के अनुसार स्तर 08) के पद हेतु अनुबंध आधार पर परामर्शदाताओं की नियुक्ति के लिए सेवानिवृत्त अधिकारियों से आवेदन आमंत्रित करता है, जिनके पास सरकारी सेवा में पीएस/पीपीएस के स्तर का अनुभव हो। इनकी नियुक्ति शुरुआत में 01 वर्ष की अवधि के लिए होगी, जिसे डीडीए की आवश्यकता और परामर्शदाता के कार्य निष्पादन के आधार पर आगे बढ़ाया जा सकता है। उम्मीदवार की आयु सीमा आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को अधिकतम 63 वर्ष होनी चाहिए।

रिक्तियों का विवरण

| क्र. सं. | पदनाम | रिक्तियों की संख्या | अनुभव | सेवानिवृत्ति के समय न्यूनतम ग्रेड वेतन |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निजी सचिव | 05 | सरकारी सेवा में पीएस/पीपीएस के पद पर न्यूनतम 05 वर्ष का कुल अनुभव। | पीबी-2+ग्रेड-पे रु. 4800/- (सातवें सीपीसी के अनुसार वेतन मैट्रिक्स में स्तर-08) |

आवेदन के प्रारूप के साथ अनिवार्य शैक्षिक योग्यता, अधिकतम आयु और अनुभव आदि की जानकारी सहित पूर्ण अधिसूचना डीडीए की वेबसाइट www.dda.gov.in पर उपलब्ध है। आवेदकों द्वारा पूर्ण आवेदन पत्र की हस्ताक्षरित स्कैन की हुई पीडीएफ/जेपीजी प्रति निर्धारित प्रारूप में ई-मेल के माध्यम से consultantpb1@dda.org.in पर 24.06.2024 को शाम 5:00 बजे तक भेजी जानी चाहिए।
डाक या फोन द्वारा किसी भी पत्राचार या अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। चयनित सूचीबद्ध उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा, जिसका विवरण डीडीए की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा।
डीडीए की आवश्यकता के अनुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाई या घटाई जा सकती है।

CBC 20112/12/0004/2425

अधिक जानकारी हेतु टोल फ्री नं. 1800110332 डायल करें
@ddaofficial @official_dda @official_dda_ @Official_dda पर हमें फॉलो करें


# हथियारबंद बदमाशों ने लूटे 70 लाख छह दबोचे

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के लाहौरी गेट थाना इलाके में स्थित नया बाजार फाइनेंसर के ऑफिस में हथियारबंद बदमाशों ने लूट की वारदात को अंजाम दिया। शुरुआत में लूट 23 लाख रुपये की लूट बताई जा रही थी लेकिन जांच में लूट 70 लाख से अधिक की सामने आई। बदमाशों ने गत छह जून को वारदात को अंजाम दिया लेकिन नौ जून को पुलिस से शिकायत की गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर दो नाबालिग समेत छह आरोपियों को पकड़ा है। बालिक आरोपियों की पहचान शरद (19), चिनार अमरिया (23), पारस (20) और रोहित (20) के रूप में हुई है। डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि गत नौ जून को छग्गो मल पांडेय (76) ने लाहौरी गेट थाने में लूट की शिकायत दी। शिकायत में उन्होंने बताया कि वह गोविंद एजेंसी नया बाजार में काम करते हैं। टीम ने टेक्निकल सर्विलांस की मदद से सभी आरोपियों को पकड़ लिया।

# पुलिस ने हनीट्रैप लगाकर पकड़ा बदमाश

**पश्चिमी दिल्ली,** (पंजाब केसरी): बदमाश हनीट्रैप लगाकर लोगों को अपना शिकार बनाते हैं, मगर दिल्ली पुलिस ने दस साल से फरार चल रहे एक बदमाश को पकड़ने के लिए हनीट्रैप का जाल बिछाया और आरोपी को दबोच लिया। इसके लिए एक पुलिसकर्मी ने सोशल मीडिया पर लड़की के नाम से फर्जी अकाउंट बनाया था। फिर आरोपी के साथ दोस्ती की चैटिंग शुरू कर दी। जैसे ही दोनों के मिलने का समय फिक्स हुआ पुलिस टीम ने उसे दबोच लिया। वह झपटमारी के एक केस में अदालत से भगौड़ा घोषित था। पुलिस ने आरोपी की पहचान अनिल उर्फ बंटी (45) के तौर पर की है। पुलिस अधिकारी के मुताबिक खिलाफ स्नैचिंग का यह मुकदमा तिलक नगर थाने में दर्ज था। आरोपी बीस से ज्यादा आपराधिक मामलों में शामिल रहा है।


GOVERNMENT OF HARYANA TENDER NOTICE
PRDH R.O. No. 11/2025/620/26723/I/142/7 Dt. 13/06/2024

| SR. NO | NAME OF DEPARTMENT | NAME OF WORK NOTICE TENDER | OPENING DATE CLOSING DATE | AMOUNT / EMD (APPROX.) IN RUPEES | WEBSITE OF THE DEPARTMENT | NODAL OFFICER/CONTACT DETAILS/EMAIL |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | PANCHAYATI RAJ MEHAM ROHTAK | 12/02 REPAIR AND RENNOVATION OF SC ( DHANAK ) CHOUPAL AT VILLAGE BHAINI MAHARAJPUR , BLOCK MEHAM ON RECOMM. OF PANCHAYAT SAMITI + 1 WORKS | 10.06.2024 18.06.2024 | 28.32 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9215555586 sdoprmeham@gmail.com |
| 2 | PWD B&R HISAR | CONSTRUCTION OF OFFICE BUILDING FOR THE EXCISE AND TAXATION DEPARTMENT IN SECTOR - 3,FATEHABAD (PDG. E.I INTERNAL ONLY ) | 11.06.2024 25.06.2024 | 58.30 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | PANCHAYATI RAJ FATEHABAD | BHIRDANA- CONST. OF IPB PHIRNI MAIN ROAD TO GOVT. SCHOOL AT VILLAGE- BHIRDANA BLOCK- FATEHABAD DIST.- FATEHABAD HGVY + 11 WORKS | 10.06.2024 18.06.2024 | 472.31 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01667230855 prexeeng.ftb@hry.nic.in |
| 4 | ZILA PARIHAD SONIPAT | CONSTRUCTION OF SUB HEALTH CENTER [SHC] VILLAGE NANDNOUR + 1 WORKS | CLOSING DATE 27.06.2024 | 122.26 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 8813033555 prexeengzp.snp@gmail.com |
| 5 | PANCHAYATI RAJ ROHTAK | CONST. OF SHIV DHAM AT VILL. RITHAL NARAWAL AND PHOGAT + 16 WORKS | 11.06.2024 26.06.2024 | 261.28 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in |
| 6 | IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT HARYANA JHAJJAR | V.R. BRIDGE AT KM 23.878 ON OUTFALL DRAIN NO. 8 (AS DEPOSIT WORK OF METL). + 1 WORKS | CLOSING DATE 18.06.2024 | 480 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416414544 xenjwsdnjjr@rediffmail.com |
| 7 | PANCHAYATI RAJ CHARKHI DADRI | CONSTRUCTION OF SUB HEALTH CENTRE AT VILLAGE MISRI BLOCK BOUND KALAN DISTRICT CHARKHI DADRI + 18 WORKS | 11.06.2024 26.06.2024 | 1116.37 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 8 | PANCHAYATI RAJ KATHURA SONIPAT | ..CONSTRUCTION OF SOLID WASTE MANAGEMENT AT VILLAGE GHARWAL (ZILA PARISHAD) + 13 WORKS | 11.06.2024 21.06.2024 | 69.85 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416051838 jitendersingh838@gmail.com |
| 9 | PANCHAYATI RAJ AMBALA | HGVY CONST. OF BRICK PAVED RASTA FROM FIELD OF PREM SINGH TO FIELD OF GURCHARAN SINGH (BADOLA- BADOLI ROAD), AT VILL. BADOLA, BLOCK AMBALA-1 DISTT. AMBALA | 11.06.2024 18.06.2024 | 21.74 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 10 | PANCHAYATI RAJ AMBALA | VANGY CONST. OF HALL INSIDE KHEL GROUND IN VILLAGE OJLAN AND CONST. OF HALL NEAR SHAMSHAN GHAT IN VILLAGE MIRZAPUR BLOCK AMBALA-1 + 3 WORKS | 11.06.2024 18.06.2024 | 75.34 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 11 | IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT HARYANA BAHADURGARH | ENGAGEMENT OF OUTSOURCING AGENCY FOR SUPPLYING MANPOWER (BELDAR/CANAL GUARD) DURING FLOOD SEASON AND RUNNING OF CANAL. | CLOSING DATE 19.06.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 01276198418 wsdivisionbgarh@gmail.com |
| 12 | PANCHAYATI RAJ NARNAUL | BLOCK MAHENDERGARH AND SATNALI DISTT MAHENDERGARH 10 NOS. VILLAGES ELECTRIC WORK. + 3 WORKS | 11.06.2024 19.06.2024 | 275.46 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9466112077 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 13 | ZILA PARIHAD FATEHABAD | PILCHHIAN (ZP.) CONSTRUCTION OF HEALTH WELLNESS CENTRE/SUB HEALTH CENTRE WITHOUT LABOUR ROOM AND RESIDENCE AT VILLAGE PILCHHIAN BLOCK NAGPUR DISTRICT FATEHABAD + 2 WORKS | 07.06.2024 21.06.2024 | 156.75 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416728389 zpftb@hry.nic.in |
| 14 | PANCHAYATI RAJ FARIDABAD | CONST. OF JAAT CHOUPAL NEAR DANI AT VILLAGE MOHNA BLOCK BALLABGARH DISTT. FARIDABAD (D.PLAN) GENERAL + 1 WORKS | 11.06.2024 17.06.2024 | 36.59 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 15 | PANCHAYATI RAJ KARNAL | ESTIMATE FOR THE CONST ILPBLOCK 80MM FIRNI FROM VIKRAM SINGH H/O TO ANGANWADI OR GOVT SCHOOL AT VILLAGE RAJGARH BLOCK NILOKHERI DISTT KARNAL. + 3 WORKS | 11.06.2024 25.06.2024 | 116.16 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 16 | PANCHAYATI RAJ REWARI | SUPPLY AND INSTALLATION OF 1215 NO STREET LIGHT ON PHIRNI VARIOUS 35 VILLAGES IN DISTT. REWARI | 10.06.2024 18.06.2024 | 231.97 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in |
| 17 | PANCHAYATI RAJ AMBALA | SWM CONST. OF SWM SHED AT VILL. BAROULI, DERA, MEERPUR, PANJLASA BLOCK NARAINGARH DISTRICT AMBALA | 12.06.2024 21.06.2024 | 19.57 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 18 | PANCHAYATI RAJ AMBALA | HGVY CONST. OF SITTING SHED IN SHAMSHAN GHAT AT VILL. PATVI BLOCK SHAHZADPUR DISTT. AMBALA | 12.06.2024 21.06.2024 | 5.02 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 19 | PANCHAYATI RAJ AMBALA | HGVY CONST. OF CREMATION SHED AND CONST. OF B/WALL OF SC S/GHAT AT VILL. TOBA (NAGGAL) AND CONST. OF B/WALL OF SC S/GHAT AND CONST. OF CREMATION SHED BC S/GHAT AT VILL. PILKHANI BLOCK SAHA DISTT. AMBALA + 1 WORKS | 12.06.2024 21.06.2024 | 39.86 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2551368 prexeeng.amb@hry.nic.in |
| 20 | PANCHAYATI RAJ FARIDABAD | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL OF KABRISTAN AT VILLAGE BHUAPUR BLOCK TIGAON DISTRICT FARIDABAD | 11.06.2024 17.06.2024 | 9.96 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 21 | PANCHAYATI RAJ SONIPAT | CONSTRUCTION OF STREET WITH IPB IN VILLAGE PINANA BLOCK SONIPAT + 2 WORKS | CLOSING DATE 18.06.2024 | 44.96 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 22 | PANCHAYATI RAJ KALAYAT KAITHAL | CONST OF WELCOME GATE AT KALAYAT ROAD VILL LAMBA KHERI + 5 WORKS | 11.06.2024 17.06.2024 | 26.13 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9818649979 KALAYATSDOPR@GMAIL.COM |
| 23 | PUBLIC HEALTH ENGINEERING SIRSA | KOTLI AND KESHUPURA:- LAYING OF 250MM I/D DI R/MAIN FROM S/WELL TO W/W- 3200 MTRS, CONST. OF 2 NO. S/S TANKS OF SIZE134`X134`X12`, 1 NO. SW AND 1 NO. SW OF SIZE 6`X4`, 1 NO. RCC HLT OF SIZE 29`X42`, 4 NO. RCC FB OF SIZE 20`X30`, 1 NO. RCC CWT OF SIZE 25`X37`, P.C. OF SIZE 13`X40`, B/WALL WITH IRON GATE, H/WORKS P/LINE, CC ROAD AND PATH, P/DISTEMPERING AND SNOWCEM, P/M, D/PIPE LINE AND FHTC AT W/W KOTLI AND CONSTT. OF B/S AT VILLAGE KOTLI, CONST. OF B/S AT GIDRANWALI ROAD KESHUPURA, CONST. OF B/S NEAR DHANI BAZIGAR BASTI KESHUPURA AND CONST.+1 WORKS | 12.06.2024 27.06.2024 | 413.14 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01666221925 ee2sirsa@phedharyana.gov.in |
| 24 | IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT HARYANA NARNAUL | PROVIDING UNSKILLED MANPOWER FOR OPERATION & MAINTENANCE AT VARIOUS CHANNELS/CANAL & DI/HDPE PIPELINE BOOSTING STATION IN THE JURISDICTION OF M/GARH CANAL WATER SERVICES DIVISION, NARNAUL RESPECTIVELY AS PER THEIR REQUIREMENT | 11.06.2024 20.06.2024 | | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 25 | PANCHAYATI RAJ FARIDABAD | COMPLETION OF HALL NEAR WATER SUPPLY AT VILLAGE LADHOLI BLOCK BALLABGARH DISTRICT FARIDABAD VAGY + 5 WORKS | 11.06.2024 17.06.2024 | 56.23 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 26 | PANCHAYATI RAJ JHAJJAR | 64.45-CONST OF GRAM SACHIVALYA BHAWAN AT VILLAGE KARODHA, BLOCK MATANHAIL + 2 WORKS | 11.06.2024 18.06.2024 | 120.20 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in |
| 27 | IRRIGATION & WATER RESOURCES DEPARTMENT HARYANA NARNAUL | INTERNAL CLEARANCE OF KAMANIA MINOR FROM KM. 0.000 TO 2.306. + 5 WORKS | CLOSING DATE 18.06.2024 | 9.29 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in |
| 28 | PANCHAYATI RAJ FARIDABAD | INSTALLATION, FITTING, TESTING AND COMMISSIONING OF LED LIGHTS AND CREATION OF NEW PCC POLLS ON THE FIRNIS IN 15 VILLAGES ARRUWA, CHANDPUR, KHANDAWALI, ATALI, ALAMPUR, BIJOPUR, SAMAYPUR, KHERI GUJRAN, BHUAPUR, JUNHERA, MANJHAWALI, BHASKOLA, MANGER, GM BAD, JAWAN IN DISTRICT FARIDABAD | 12.06.2024 26.06.2024 | 82.20 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 29 | PWD B&R GURUGRAM | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL, ROOM IN VYAYAMSHALA AND IPB IN CHOWK OF COMMUNITY CENTER PREMISES AT VILLAGE CHHAINSA BLOCK BALLABGARH DISTRICT FARIDABAD VAGY + 1 WORKS | 12.06.2024 01.07.2024 | 77.66 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 30 | PANCHAYATI RAJ FARIDABAD | CONSTRUCTION OF BOUNDARY WALL, ROOM IN VYAYAMSHALA AND IPB IN CHOWK OF COMMUNITY CENTER PREMISES AT VILLAGE CHHAINSA BLOCK BALLABGARH DISTRICT FARIDABAD VAGY + 1 WORKS | 11.06.2024 17.06.2024 | 64.42 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 0129-4313645 prexeeng.fbd@hry.nic.in |
| 31 | PANCHAYATI RAJ MUNDLANA SONIPAT | CONST OF TIN SHED IN DHANAK CHAUPAL ( SCHEME VANGY) 2023-24 VILLAGE GANGESAR BLOCK MUNDLANA DISTT SONIPAT + 6 WORKS | CLOSING DATE 25.06.2024 | 63.55 LACS | https://etenders.hry.nic.in | 9416050239 kram8175@gmail.com |

FOR FURTHER INFORMATION KINDLY VISIT : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

# उन्नति और खुशहाली की ओर निरंतर बढ़ते कदम

## मध्यप्रदेश सरकार के 180 दिन



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

### सुशासन से समृद्धि




- प्रधानमंत्री जी द्वारा साइबर तहसील परियोजना प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू। नामांतरण, बंटवारा आदि विभिन्न राजस्व प्रकरणों के ऑनलाइन निराकरण की पहल करने वाला मध्यप्रदेश, देश का पहला राज्य
- ध्वनि विस्तारक यंत्रों की अनियंत्रित आवाज का प्रयोग प्रतिबंधित
- खुले में मांस-मछली की बिक्री पर प्रतिबन्ध
- यातायात सुगमता के लिए भोपाल में बीआरटीएस कॉरिडोर हटाने का निर्णय
- जिलों, संभागों, तहसीलों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण के लिए पृथक प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग बनाने का निर्णय
- उज्जैन शहर के केडी गेट से इमली तिराहा मार्ग चौड़ीकरण के लिये 23 धार्मिक स्थलों को हटाने के लिये व्यवस्थापकों, पुजारियों और नागरिकों द्वारा सहयोग कर साम्प्रदायिक सौहार्द का उल्लेखनीय उदाहरण प्रस्तुत
- निज़ी स्कूलों द्वारा कोर्स की किताबें, यूनिफार्म एवं अन्य शिक्षण सामग्री किसी निर्धारित दुकान से खरीदने के लिए पालकों पर अनुचित दबाव डाले जाने के मामले में मुख्यमंत्री द्वारा स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्यवाही के निर्देश
- 2000 से अधिक पुलिसकर्मियों को मिला पात्रतानुसार उच्च पद
- बालाघाट के कमकोदादर में हुई मुठभेड़ में नक्सलियों को खत्म करने वाले 24 शासकीय पुलिस सेवकों का आउट ऑफ टर्न प्रमोशन
- पुलिसकर्मियों के लिए मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 25 हजार मकान बनाने का लक्ष्य
- मध्यप्रदेश में आयी अपराधों में कमी, थानों की सीमाओं के पुनर्निर्धारण का कार्य तेज़ी से ज़ारी
- 105 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू-खंडों के लिए ऑनलाइन आवेदन कर डीम्ड अनुज्ञा प्राप्त करने और 300 वर्ग मीटर तक के आवासीय भू-खंडों पर त्वरित अनुज्ञा प्रदान करने की व्यवस्था लागू
- दो चरणों में राजस्व महाअभियान चलाकर 30 लाख 48 हजार से अधिक राजस्व प्रकरणों का निराकरण
- प्रदेश के सभी बोरवेलों की जानकारी रखने हेतु शासन द्वारा पोर्टल तैयार। खुले बोरवेलों को बंद करने के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी तय
- सभी संभागों में समीक्षा बैठकों के दौरान बड़े पैमाने पर विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास
- शासकीय सेवकों के महंगाई भत्ते में 4 प्रतिशत की वृद्धि से 46% हुआ डीए

### समावेशी शिक्षा से संवरता कल



- प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान (पीएम उषा) के अंतर्गत 8 विश्वविद्यालयों में अधोसंरचना तथा अन्य विकास कार्यों के लिए ₹400 करोड़ स्वीकृत
- हर जिले में पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस की स्थापना। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु ₹485 करोड़ के निवेश से 55 जिलों में पूर्व से संचालित एक महाविद्यालय का पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में उन्नयन। इन कॉलेजों में 1750 शैक्षणिक एवं 369 तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के पद सृजित
- पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस को बहुसंकायी बनाने एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं के संचालन हेतु 7 महाविद्यालयों में स्नातक स्तर पर नवीन संकाय एवं 55 महाविद्यालयों में स्नातक व स्नातकोत्तर स्तर पर संस्कृत, बायोटेक्नोलॉजी, कम्प्यूटर साइंस विषय प्रारंभ
- पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम एंड पॉलिसी (CRISP) के माध्यम से 8 रोज़गारोन्मुखी स्किल-आधारित पाठ्यक्रमों का संचालन
- आईआईटी इंदौर के सहयोग से उज्जैन में निर्मित देश के प्रथम शोध-आधारित नवाचार, प्रौद्योगिकी एवं उद्यमिता अनुभवात्मक विद्यार्जन केंद्र (डीप-टेक रिसर्च और डिस्कवरी सैटेलाइट कैंपस) का उद्घाटन
- खरगोन में ₹170 करोड़ से क्रांतिसूर्य टंट्या भील विश्वविद्यालय का उद्घाटन
- 369 सर्वसुविधायुक्त सीएम राइज़ विद्यालयों का संचालन
- विश्वविद्यालयों के कुलपति को कुलगुरु कहे जाने का निर्णय
- सागर में रानी अवंतीबाई लोधी विश्वविद्यालय एवं गुना में तात्या टोपे विश्वविद्यालय प्रारंभ
- आचार्य श्री विद्यासागर महाराज के नाम से होगा सागर में आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 लागू करने वाला देश का पहला राज्य बना मध्यप्रदेश
- अंतरराष्ट्रीय शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ने के लिए 12 अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ एम.ओ.यू.
- विश्वविद्यालयों में छात्र-छात्राओं की अंक सूची एवं उपाधियों को डिजी लॉकर में अपलोड करने की व्यवस्था लागू
- व्यावसायिक शिक्षा एवं सामान्य शिक्षा का एकीकरण कर 35 व्यावसायिक विषयों का पाठ्यक्रम में समावेश
- इंजीनियरिंग-मेडिकल की तर्ज पर नर्सिंग स्टूडेंट की स्टेट लेवल पर परीक्षा का निर्णय, केंद्र के नर्सिंग एक्ट के अनुसार राज्य में आयोग गठित होगा। भविष्य में नर्सिंग संस्थाओं को मान्यता राष्ट्रीय आयोग देगा
- शिक्षा में गुणवत्ता के लिये भोपाल, ग्वालियर, जबलपुर, इंदौर, उज्जैन, रीवा के विश्वविद्यालयों में इन्क्यूबेशन केंद्रों की स्थापना
- पायलट ट्रेनिंग के लिए विश्वविद्यालयों में कोर्स शुरु होगा
- एमपी बोर्ड 12वीं में 75 फीसदी अंक पाने वाले करीब 90 हजार छात्रों को लैपटॉप के लिए दी जायेगी ₹25-25 हजार की राशि
- सागर, खरगोन और गुना में नए विश्वविद्यालयों की स्थापना
- शासकीय महाविद्यालयों में कृषि को एक विषय के रूप में जोड़ा गया

### स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार



- प्रदेश के दूरस्थ क्षेत्रों से गंभीर रुप से बीमार/दुर्घटनाग्रस्त लोगों को एयरलिफ्ट कर समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए सरकार की संवेदनशील पहल के तहत पीएमश्री एयर एम्बुलेंस सेवा का शुभारंभ
- कार्य दक्षता के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग और लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग का विलय
- आयुष्मान भारत योजना में 3 करोड़ 99 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड वितरित। अब तक 38 लाख से अधिक मरीजों का नि:शुल्क उपचार
- जिला अस्पताल एवं सिविल अस्पतालों को एक-एक शव-वाहन उपलब्ध कराने का निर्णय
- सागर, शहडोल, नर्मदापुरम, धार, झाबुआ, मंडला, बालाघाट, श्योपुर एवं खजुराहो में नए आयुर्वेदिक महाविद्यालय स्थापित करने का निर्णय
- सिंहस्थ को देखते हुए उज्जैन में नवीन शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय की स्थापना का निर्णय
- चिकित्सा महाविद्यालयों को पीपीपी मोड पर स्थापित करने का निर्णय। मेडिकल कॉलेजों के साथ नए नर्सिंग कॉलेजों की स्थापना के लिए राशि स्वीकृत
- स्वास्थ्य संस्थानों में 46 हजार 491 नये पदों (नियमित/संविदा/आउटसोर्स) के सृजन की स्वीकृति
- स्वास्थ्य सूचकांकों में बेहतर प्रदर्शन के लिये स्वास्थ्य संस्थानों में चिकित्सीय विशेषज्ञों के 607 पदों पर पूर्ति सीधी भर्ती से कराने की मंजूरी

### सशक्त बनती नारी शक्ति




- लाड़ली बहना योजना के अंतर्गत 1 करोड़ 29 लाख बहनों के खातों में जनवरी से अभी तक ₹9 हजार 455 करोड़ से अधिक की सहायता राशि का अंतरण
- लाड़ली लक्ष्मी योजना अंतर्गत दिसंबर 2023 से अभी तक 73 हजार 880 लाड़ली बालिकाओं के खाते में ₹34 करोड़ की छात्रवृत्ति का अंतरण
- 45 लाख 89 हजार बहनों के खातों में ₹450 में गैस सिलिंडर की रीफिलिंग के लिए ₹118 करोड़ का अंतरण
- प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना अंतर्गत 3 चरणों में अब तक 88 लाख से अधिक नि:शुल्क गैस कनेक्शन दिये
- महिला स्व-सहायता समूहों को दी गयी ₹9 हजार 560 करोड़ से अधिक की सहायता

### युवा कल्याण के सतत् प्रयास



- सरकारी नौकरियों के लिए चयनित 11 हजार से अधिक उम्मीदवारों को सौंपे गए नियुक्ति-पत्र
- स्टार्ट-अप्स को प्रोत्साहित करने के लिए नई पहल के तहत, प्रदेश के स्टार्ट-अप्स को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में सहभागिता के लिए ₹50 हजार से लेकर डेढ़ लाख तक वित्तीय सहायता का प्रावधान
- राज्य स्तरीय 'रोज़गार दिवस' के अवसर पर रिकॉर्ड 7 लाख युवाओं को ₹5 हजार करोड़ का स्व-रोज़गार ऋण वितरित
- अग्निवीर योजना में युवाओं का अधिक से अधिक चयन हो, इस उद्देश्य से 360 घंटे प्रशिक्षण देने का लक्ष्य
- मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में फरवरी 2024 में 8 हजार प्रशिक्षणार्थियों को ₹6 करोड़ 60 लाख का स्टाइपेंड वितरित

D 16005/24



"हमारा उद्देश्य है कि सरकार उपलब्ध संसाधनों के साथ जनहितैषी गतिविधियों को प्रभावी तरीके से क्रियान्वित करे। प्रदेश को विकास के पथ पर निरंतर आगे ले जाना और सुशासन को सच्चे स्वरुप में धरातल पर उतारना ही हमारा लक्ष्य है"

- डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

## अन्नदाता के जीवन में आयी खुशहाली



- प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना अंतर्गत 80 लाख से अधिक किसानों को प्रतिवर्ष ₹12 हजार की सहायता
- फसल बीमा योजना खरीफ-23 के अंतर्गत 25 लाख से ज्यादा किसानों को ₹750 करोड़ से अधिक की राशि के दावों का भुगतान
- श्रीअन्न (मिलेट्स) उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए रानी दुर्गावती श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना में प्रति क्विंटल ₹ 1000 का विशेष प्रोत्साहन
- रबी विपणन वर्ष 2024-25 में 6 लाख से अधिक किसानों से 48 लाख 35 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का समर्थन मूल्य पर नकद भुगतान कर उपार्जन। प्रति क्विंटल ₹125 बोनस का भुगतान
- किसानों के लिए शून्य प्रतिशत ब्याज दर पर अल्पावधि फसल ऋण योजना लागू रखने का निर्णय
- मुख्यमंत्री सोलर पंप योजना अब प्रधानमंत्री कृषक मित्र सूर्य योजना के नाम से लागू
- सात जिलों (उमरिया, अलीराजपुर, बैतूल, मंडला, खंडवा, सीधी एवं सीहोर) में 71 हजार 345 हेक्टेयर वन क्षेत्र से लघु वनोपज के निर्यात के लिए मिला जैविक प्रमाण-पत्र

## गरीब वर्ग को मिला सम्मानजनक जीवन



- इंदौर की हुकुमचंद मिल के 4 हजार 800 श्रमिक परिवारों को ₹224 करोड़ की राशि का भुगतान
- स्वामित्व योजना में 23 लाख 50 हजार लोगों को स्वामित्व अधिकार पत्र वितरित
- श्रमिकों को ई-स्कूटर खरीदने के लिए ₹40 हजार की आर्थिक सहायता का निर्णय
- 'मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना 2.0' के अंतर्गत 30 हजार से अधिक श्रमिक परिवारों को ₹670 करोड़ से अधिक की अनुग्रह सहायता राशि का अंतरण
- दिव्यांगता और मृत्यु के आधार पर मिलने वाली सहायता राशि को बढ़ाकर ₹4 लाख किया
- विभिन्न श्रेणी के ऊर्जा उपभोक्ताओं के लिये 24 हजार 420 करोड़ रुपये की सब्सिडी का निर्णय

## कमजोर वर्ग के साथ प्रदेश सरकार




- सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के माध्यम से प्रतिमाह 55 लाख 60 हजार से अधिक हितग्राहियों को पिछले एक वर्ष में लगभग ₹4 हजार करोड़ से अधिक पेंशन राशि का अंतरण
- तेंदूपत्ता संग्राहकों का मानदेय ₹3000 प्रति बोरा से बढ़ाकर ₹4000 हजार किया। लगभग 35 लाख तेंदूपत्ता संग्राहक लाभान्वित
- पीएम जन-मन योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बहुल जिलों में ₹7300 करोड़ से अधिक की लागत से हो रहे अधोसंरचना के कार्य। कुल 11 लाख से अधिक भाई-बहन लाभान्वित होंगे। साथ ही बैगा, भारिया और सहरिया परिवारों के अविद्युतीकृत घरों तक बिजली पहुंचाने की कार्ययोजना स्वीकृत
- आहार अनुदान योजना अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजातियों की बहनों के खातों में जनवरी से अभी तक ₹148 करोड़ से अधिक की राशि अंतरित

## आर्थिक समृद्धि की ओर बढ़ता मध्यप्रदेश



- मध्यप्रदेश के चौतरफा और तेज गति से विकास के लक्ष्य को लेकर चल रही मध्यप्रदेश सरकार की पहली प्राथमिकता अंत्योदय और विकसित मध्यप्रदेश के संकल्प को पूरा करना है। इस दिशा में कदम बढ़ाते हुए प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए ₹ 1 लाख 45 हजार करोड़ से अधिक का लेखानुदान प्रस्तुत
- पिछले 6 माह में जीएसटी अंतर्गत कुल ₹19091 करोड़ का राजस्व प्राप्त ,जो पिछले वर्ष से 28% अधिक है। अप्रैल की जीएसटी राजस्व वृद्धि दर में मध्यप्रदेश देश में प्रथम स्थान पर
- राजस्व वृद्धि के विशेष प्रयासों से ₹4150 करोड़ का अतिरिक्त राजस्व स्क्रूटनी प्रवर्तन, ITC रिवर्सल आदि के माध्यम से प्राप्त हुआ

## औद्योगिक निवेश को प्रोत्साहन



- आष्टा (सीहोर) में लगभग ₹60,000 करोड़ के निवेश से पेट्रोकैमिकल कॉम्प्लेक्स तथा इथेन क्रैकर परियोजना की स्थापना का प्रस्ताव
- 1 एवं 2 मार्च, 2024 को उज्जैन में रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव ऐतिहासिक रुप से सफल रही
- कॉन्क्लेव में 283 इकाइयों को 508 हेक्टेयर भूमि के आवंटन-पत्र प्रदान किये। इन इकाइयों द्वारा ₹ 12 हजार 170 करोड़ से अधिक का निवेश से 20 हजार से अधिक लोगों को रोज़गार
- ₹10 हजार करोड़ लागत की 60 से अधिक उद्योग इकाइयों का शुभारंभ हुआ, जिनसे 17 हजार से अधिक रोज़गार सृजित होने की सम्भावना है
- ₹1 लाख करोड़ से अधिक के व्यवसाय और उद्योग निवेश प्रस्ताव मिले
- कॉन्क्लेव में कुल 12 देशों और 650 से अधिक औद्योगिक निवेशकों की भागीदारी हुई, 2100 से अधिक बिजनेस-टू-बिजनेस बैठकें, 4000 से अधिक डेलिगेट्स ने लिया भाग
- उज्जयिनी विक्रम व्यापार मेला एवं ग्वालियर व्यापार मेला-2024 में वाहनों के आरटीओ पंजीयन पर 50% की छूट पर उज्जैन में हुई 23,000 वाहनों की रिकॉर्ड बिक्री
- व्यापार मेले में हस्तशिल्प और हाथकरघा उत्पादों के क्रय-विक्रय के जरिए लोकल को बनाया गया वोकल। ₹2300 करोड़ का हुआ कारोबार

## तेज गति से अधोसंरचना विकास



- पार्वती-कालीसिंध-चंबल लिंक परियोजना के लिए मध्यप्रदेश, राजस्थान और केंद्र सरकार के बीच समझौता। 10 जिलों को मिलेगा लाभ
- केन-बेतवा लिंक परियोजना के लिये ₹24 हजार 290 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृत। परियोजना के दौधन बांध के निर्माण हेतु ₹5,137 करोड़ लागत की निविदा स्वीकृति के अंतिम चरणों में। प्रेशराइज्ड पाइप प्रणाली के निर्माण हेतु ₹12 हजार 210 करोड़ लागत की निविदाएं आमंत्रित
- ₹308 करोड़ की लागत से खरगोन जिले में जलूद ऊर्जा संयंत्र का भूमिपूजन
- ग्वालियर-बेंगलुरु, ग्वालियर-अहमदाबाद और ग्वालियर-दिल्ली-अयोध्या विमान सेवा का शुभारंभ
- इंदौर उज्जैन सिक्स लेन परियोजना को स्वीकृति
- इंदौर में ₹350 करोड़ से एलिवेटेड कॉरिडोर का भूमिपूजन। भोपाल, देवास, ग्वालियर, जबलपुर एवं सतना में भी बन रहे हैं एलिवेटेड कॉरिडोर
- ₹10 हजार करोड़ से अधिक की लागत से 724 किमी लम्बी 24 सड़क परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास
- माननीय प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से ₹24 हजार 500 करोड़ की अधोसंरचना परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास
- प्रधानमंत्री जी द्वारा अमृत भारत स्टेशन योजनांतर्गत मध्यप्रदेश के 33 स्टेशनों के पुनर्विकास कार्य का शिलान्यास एवं 133 रेल ओवर ब्रिज एवं अंडरपास का शिलान्यास और लोकार्पण
- प्रदेश को 364 रेल परियोजनाओं की सौगात। प्रदेश की चौथी सेमी-हाई स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस खजुराहो से हजरत निजामुद्दीन ट्रेन मिली
- भोपाल में वंदे भारत ट्रेनों के रख-रखाव और सुविधाओं के लिए लगभग ₹100 करोड़ की लागत से नए कोच कॉम्प्लेक्स का शिलान्यास
- निशातपुरा-संत हिरदाराम नगर रेल खण्ड का लोकार्पण
- राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण और सुदृढ़ीकरण के लिए ₹3 हजार 500 करोड़ की राशि स्वीकृत
- जबलपुर में ₹485 करोड़ से अधिक की लागत से मध्यप्रदेश राज्य न्यायिक अकादमी को स्वीकृति
- उज्जैन-जावरा के मध्य 4-लेन ग्रीनफील्ड एक्सेस कंट्रोल्ड हाई-वे निर्माण के लिये ₹5 हजार 17 करोड़ से अधिक की स्वीकृति। इस मार्ग के निर्माण से उज्जैन, इंदौर एवं आस-पास के क्षेत्र मुम्बई-दिल्ली 8 लेन इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर (एक्सप्रेस-वे) से जुड़ेंगे
- ₹1540 करोड़ की लागत से बनने वाले भोपाल मेट्रो के नए 8 स्टेशनों का भूमिपूजन, नगरीय निकायों को विकास कार्यों के लिए ₹1 हजार करोड़ की राशि का अंतरण
- मुख्यमंत्री शहरी क्षेत्र अधोसंरचना (चतुर्थ चरण) निर्माण योजना के लिए ₹1630 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं सागर में प्रधानमंत्री ई-बस सेवा योजना में 550 से अधिक शहरी ई-बसों के संचालन का निर्णय
- कायाकल्प अभियान के अंतर्गत ₹2500 करोड़ के निवेश से बदल रही है शहरों में सड़कों की सूरत
- प्रदेश के सभी प्रमुख शहरों में PNG पाइपलाइन से गैस कनेक्शन व्यवस्था करने का निर्णय
- देश में सबसे कम समय में बनकर तैयार हुये मध्यप्रदेश के सबसे बड़े राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट (ग्वालियर) का उद्घाटन

## सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक अभ्युदय



- पर्यटकों को हवाई यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए 'पीएमश्री पर्यटन वायु सेवा' एवं 'पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा' का शुभारंभ
- नदी, तालाबों, कुओं, बावड़ियों एवं अन्य जल स्रोतों के संरक्षण एवं इनके पुनर्जीवन के लिये 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस से 16 जून गंगा दशहरा तक जल-गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है
- विक्रम सांस्कृतिक पर्व का 1 मार्च से 9 अप्रैल, 2024 तक किया गया आयोजन। इस दौरान कालजयी महानायकों की तेजस्विता पर केन्द्रित भारत के अपने किस्म के पहले संग्रहालय 'वीर भारत न्यास' का शिलान्यास एवं उज्जयिनी गौरव दिवस का आयोजन
- 29 फरवरी, 2024 को प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों से विक्रमोत्सव के अवसर पर विश्व की पहली 'विक्रमादित्य वैदिक घड़ी' का शुभारंभ कर भारतीय काल गणना परंपरा का साक्षात्कार पूरी दुनिया से कराया गया
- पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की स्मृति में ₹20 करोड़ की लागत से बनने वाले अटल स्मारक का भूमिपूजन
- शासकीय कैलेण्डर में विक्रम संवत् अंकित करना प्रारंभ
- मंडला में वीरांगना रानी दुर्गावती की प्रतिमा का अनावरण
- 1450 किमी लंबे श्रीराम वन गमन पथ के निर्माण का निर्णय
- जहाँ-जहाँ भगवान श्रीकृष्ण के चरण पड़े, उन स्थानों को तीर्थ के रूप में विकसित करने का निर्णय
- सिंहस्थ-2028 की तैयारी प्रारंभ, टास्क फोर्स गठित
- इंदौर से उज्जैन एवं ममलेश्वर ज्योतिर्लिंग तथा जबलपुर से चित्रकूट और ग्वालियर से ओरछा एवं पीताम्बरा पीठ के लिए हेलीकॉप्टर सेवाएँ
- वर्ष प्रतिपदा नव सम्वत्सर के शुभारंभ एवं सृष्टि आरंभ दिवस को पूरे प्रदेश में भव्य रूप में मनाने का निर्णय
- मध्यप्रदेश के श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए अयोध्या में एक आस्था भवन (धर्मशाला) निर्माण करने का निर्णय
- देवालयों में लगने वाली सामग्री जैसे- भगवान के वस्त्र-आभूषण, श्रृंगार सामग्री, धातु व पत्थर की मूर्तियों के निर्माण को कुटीर उद्योग के अंतर्गत प्रोत्साहित करने स्व-सहायता समूह तथा क्षेत्र के युवाओं को इसके लिए प्रख्यात कलाकारों से प्रशिक्षण उपलब्ध कराने और मंदिरों में इन सामग्रियों के विक्रय के लिए स्टॉल की व्यवस्था करने का निर्णय
- स्वदेश दर्शन योजना 2.0 के अंतर्गत चित्रकूट के घाट पर अध्यात्म के अनुभव की नवीन परियोजना का भूमिपूजन
- चित्रकूट नगर के प्राकृतिक, ऐतिहासिक और धार्मिक विकास के लिये चित्रकूट विकास प्राधिकरण की स्थापना को स्वीकृति
- यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा भारत की अस्थायी सूची में मध्यप्रदेश की 6 धरोहरें सम्मिलित। ग्वालियर किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजपुर का भोजेश्वर महादेव मंदिर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, खूनी भंडारा बुरहानपुर और रामनगर मंडला का गोंड स्मारक इसमें शामिल हैं
- क्रूज टूरिज्म को गति देने के लिए मध्यप्रदेश में ओंकारेश्वर स्थित एकात्म धाम (स्टैच्यू ऑफ वननेस) से गुजरात के कावड़िया में स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी तक क्रूज संचालित किये जाने का निर्णय

## गौ-संरक्षण एवं संवर्धन



- भारतीय नव वर्ष अर्थात इस चैत्र माह से अगले वर्ष तक गौ-वंश रक्षा वर्ष मनाने का निर्णय
- गौशालाओं में गौ-वंश के लिए बेहतर आहार हेतु प्रति गौ-वंश मिलने वाली ₹ 20 की राशि बढ़ाकर ₹40 करने का निर्णय
- चरनोई की भूमि से अतिक्रमण हटाए जाएंगे
- गौशालाओं को भूसा प्रबंधन के लिये आधुनिक मशीनों एवं उपकरणों के लिये अनुदान तथा प्रोत्साहन
- प्रत्येक 50 किलोमीटर पर घायल गायों को इलाज के लिये परिवहन हेतु हाइड्रोलिक कैटल लिफ्टिंग वाहन का टोल व्यवस्था के अंतर्गत प्रबंध का निर्णय
- अधूरी गौशालाओं का निर्माण पूर्ण कर नई गौशालाएं प्रारंभ करने का निर्णय

## स्वच्छ भारत अभियान में मध्यप्रदेश बना सिरमौर



- स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 में देश के सबसे स्वच्छ शहर का पुरस्कार लगातार सातवीं बार इंदौर को मिला
- मध्यप्रदेश, देश का दूसरा स्वच्छतम राज्य और भोपाल स्वच्छतम राजधानी बना
- प्रदेश के 7 शहर वाटर प्लस, 361 शहर ओडीएफ डबल प्लस, एक शहर 7-स्टार, एक 5-स्टार, 24 शहर 3-स्टार और 132 शहर 1-स्टार गार्बेज फ्री श्रेणी में पुरस्कृत

## अन्य उपलब्धियां



- 50वें खजुराहो नृत्य समारोह के अवसर पर **1 हजार 484 कथक कलाकारों** ने एक साथ **कथक नृत्य** का बनाया **गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड**
- ग्वालियर में आयोजित ताल दरबार में प्रदेश के 1300 से अधिक कला साधकों ने वंदे मातरम् की धुन बजाकर **गिनीज़ वर्ल्ड रिकॉर्ड** में प्रदेश का **नाम दर्ज** किया
- देश में सर्वाधिक खनिज ब्लॉकों की नीलामी कर पाया **प्रथम स्थान**
- प्रत्येक जिले में जिला **पुलिस बैंड का गठन**
- भारत सरकार के गृह मंत्रालय द्वारा देशभर के **10 सर्वश्रेष्ठ थानों में देवास के सिविल लाइन थाने का चयन**
- राज्यों की **स्टार्टअप रैंकिंग 2022** और **राष्ट्रीय स्टार्टअप पुरस्कार 2023** के अंतर्गत मध्यप्रदेश **'लीडर' के रूप में पुरस्कृत**
- **'एक जिला-एक उत्पाद'** के अंतर्गत बुरहानपुर को केला प्रसंस्करण क्षेत्र में विशेष कार्य के लिए **राष्ट्रीय सम्मान**
- प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश को **बेस्ट परफार्मिंग स्टेट अवॉर्ड की श्रेणी में दूसरा स्थान**
- मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड देश के **बेस्ट टूरिज्म बोर्ड के रूप में सम्मानित**
- मध्यप्रदेश **टाइगर** और **चीता स्टेट** के बाद बना **लेपर्ड स्टेट**
- अशोकनगर के चंदेरी के प्राणपुर ग्राम में ₹7 करोड़ से अधिक की लागत के देश के पहले **'क्राफ्ट हैण्डलूम टूरिज्म विलेज'** का लोकार्पण
- **'एक जिला-एक उत्पाद'** के तहत विभिन्न प्राचीन कलाओं को प्रोत्साहित करने के लिए परी बाजार, भोपाल में **'गोलघर स्मारक'** का शुभारंभ
- पंडित खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय के चिकित्सालय को **एनएबीएच सर्टिफिकेशन**

## भारत सरकार की योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार अग्रणी मध्यप्रदेश

- पीएम स्व-निधि योजना
- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना
- पीएम आवास योजना
- कृषि अवसंरचना निधि
- प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना
- स्वामित्व योजना
- नशामुक्त भारत अभियान
- आयुष्मान भारत योजना
- मछुआ क्रेडिट कार्ड योजना
- राष्ट्रीय पशु रोग नियंत्रण कार्यक्रम
- प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना
- राष्ट्रीय आजीविका मिशन
- स्वच्छ भारत मिशन



मध्यप्रदेश शासन

D 16005/24

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2024

NEW LAYOUT-674X576 Pawan New



**भीषण आग से छत की टी और मोटे गार्टर बैंड होने से दो इमारत गिरीं, अग्निकांड में करोड़ों के नुकसान की आशंका**

# चांदनी चौक के कटरा मारवाड़ी में लगी भीषण आग, दर्जनों दुकानें हुई खाक

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के प्रसिद्ध बाजार चांदनी चौक के नई सड़क इलाके में स्थित कटरा मारवाड़ी में भीषण आग लगने से पूरे बाजार में हड़कंप मच गया। ज्यादातर दुकानों में कपड़ा होने की वजह से आग तेजी से फैली। संकरे रास्ते होने की वजह से दमकल की गाड़ियां जब तक मौके पर पहुंचतीं आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। शाम करीब पांच बजे लगी आग पर देर रात खबर लिखे जाने तक भी काबू नहीं पाया जा सका।

कटरा मारवाड़ी में लगी आग कितनी भीषण थी इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि छत में इस्तेमाल लोहे की टी और मोटे गार्टर बैंड हो गए। जिसकी वजह से दो व ढाई मंजिला दो इमारतें ढह गईं। वहीं, आसमान में उठता काला घना धुआं कई किलोमीटर दूर तक नजर आ रहा था। मौके पर आग बुझाने में जुटे फायर फाइटर्स को सुपरवाईज करने के लिए खुद दिल्ली अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग को ग्राउंड पर उतरना पड़ा। खबर लिखे जाने तक आग बूझाने के लिए करीब 50 गाड़ियों का इस्तेमाल किया जा चुका था। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि नई सड़क पर कटरा मारवाड़ी में लगी आग में आसपास के दो और कटरों की दुकान चपेट में आई हैं। आग तेजी से फैलते हुए नई सड़क से चीरा खाना तक पहुंच गई थी। जिस इमारत में आग लगी थी, पहले उसका छज्जा गिर फिर पूरी इमारत ही ढह गई। बाद में एक और इमारत ढह गई। इनमें करीब छोटी-बड़ी 35-40 दुकानें थीं। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग में लगभग 60-65 दुकानें जली हैं। आग अभी बुझी नहीं है। दुकानों के जलने का आंकड़ा और बढ़ सकता है।

दिल्ली पुलिस और दमकल अधिकारियों का कहना है कि आग कैसे लगी और कितनी दुकानें जली हैं, अभी इसका आकलन नहीं हो सकता है। आग बुझने के बाद सर्च ऑपरेशन किया जाएगा। उसके बाद ही पता चल पाएगा कि इस घटना में कुल कितनी दुकानें जली हैं। सूत्रों का कहना है कि इस अग्निकांड में करोड़ों का नुकसान होने की आशंका है।





## पीड़ित दुकानदारों के चेहरे पर छाई मायूसी...

कटरा मारवाड़ी में आग लगने के बाद मौके पर स्थानीय लोगों व राहगीरों की भारी भीड़ लग गई। सब कुछ जलकर खाक हो जाने के बाद पीड़ित दुकानदारों के चेहरे पर मायूसी सी छाई हुई है। बहुत से लोग तो ऐसे थे जो यहां किराए पर दुकान लेकर कपड़े का कारोबार कर रहे थे। उन्हें न तो सामान निकालने का वक्त मिला और नहीं गल्ले में रखा कैश निकाल सके। उन्हें यही चिंता खाए जा रही है कि अब क्या होगा। दिल्ली अग्निशमन विभाग के निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि गुरुवार करीब पांच कंट्रोल रूम को चांदनी चौक, नई सड़क स्थित मारवाड़ी कटरा के 1580– 81 नंबर में आग लगने की सूचना मिली थी। तुरंत मौके पर दमकल की 14 गाड़ियां भेजी गईं। आग तेजी से फैली तो गाड़ियों की संख्या 30 कर दी गई। बाद में और भी गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। दमकल अधिकारी ने बताया कि दुकानों में कपड़ा भारी मात्रा में रखा हुआ था। जिसकी वजह से आग तेजी से फैली। दमकल सूत्रों का कहना है कि संकरे रास्ते होने की वजह से गाड़ियों को मौके पर पहुंचने में दिक्कत हुई।

## लोकसभा में सीटें जरूर कम आईं पर अगला चुनाव नई ऊर्जा के साथः आप




**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): लोकसभा चुनाव के नतीजों और भविष्य की रणनीति बनाने को लेकर गुरुवार को आम आदमी पार्टी (आप) के सभी सांसदों, विधायकों और पदाधिकारियों की अहम बैठक हुई। इस बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव संगठन डॉ. संदीप पाठक, सांसद संजय सिंह, दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय, सौरभ भारद्वाज, आतिशी समेत लगभग सभी पदाधिकारी शामिल हुए। बैठक को संबोधित करते हुए डॉ. संदीप पाठक ने कहा कि इस चुनाव में भले ही आम आदमी पार्टी की सीटें कम आई हैं लेकिन हम अगले लोकसभा चुनाव में नई उर्जा के साथ आएंगे। वहीं सांसद संजय सिंह ने कहा कि इन्होंने हमारे मुखिया अरविंद केजरीवाल के अलावा मनीष सिसोदिया व सत्येंद्र जैन जेल में डाल दिया। मुझे भी छह महीने तक जेल में रखा। हम चाहते तो इनसे डील कर लेते लेकिन हम राजनीति में लीडर बनकर जनता के लिए काम करने आए हैं, डीलर बनने नहीं आए हैं। इस दौरान आप के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में देश के लोगों ने संदेश दिया है कि देश में हमेशा लोकतंत्र और संविधान जिंदा रहेगा।


**उत्तर मध्य रेलवे** G20

No.:-DRM/C/AGRA/NFR/E-AUCTION Dated:- 05.06.2024

**ई-नीलामी सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **वरि. मण्डल वाणिज्य प्रबंधक-आगरा** द्वारा निम्न दी गयी श्रेणियों के अनुसार ई-नीलामी आमंत्रित की गयी है, विवरण निम्न प्रकार हैः-

**श्रेणीः** Misc-Static-Services | **केटलॉग संख्याः** PSCAN-AGRA-24-2


**एसेट्स डिटेल्सः** आगरा छावनी रेलवे स्टेशन के पार्सल कार्यालय में पार्सल स्कैनर मशीन के माध्यम से आउटवर्ड पार्सल को स्कैन करने के ठेके के संबंध में।

**ई-नीलामी प्रारम्भ होने की तिथि एवं समयः** दिनांक 20.06.2024 को समय- 11.00

**ई-नीलामी समाप्त होने की तिथि व समयः** दिनांक 20.06.2024 को समय 11.30

**नोटः** उक्त ठेकों के आवंटन हेतु नीलामी केवल ऑनलाईन वेबसाइट www.ireps.gov.in के e-auction module के माध्यम से की जायेगी। लॉट अनुसार विवरण उपर्युक्त केटलॉग संख्या के अंतर्गत उपलब्ध है। 1012/24 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in


FARNAZ


**कार्यालय नगर परिषद गंगापुर सिटी, जिला गंगापुर सिटी (राज.)**

क्रमांकः–1378 दिनांकः–10.06.2024

**ई–निविदा सूचना**

नगर परिषद गंगापुर सिटी की ओर से राजकीय विभागो में नियमानुसार उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत संवेदको से सम्पूर्ण नगर परिषद क्षेत्र में आईओटी आधारित घर–घर कचरा संग्रहण कर निर्धारित स्थान पर परिवहन करने हेतु निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेन्ट प्रकिया से निविदा आमंत्रित की जाती है। ई–निविदा सूचना निम्नलिखित बेवसाइटों http://eproc.rajasthan.gov.in एवं http://sppp.raj.gov.in पर से अपलोड व डाउनलोड किये जा सकते है।

NIB No.- DLB2425A0107

राज.संवाद/सी/24/621 आयुक्त नगर परिषद गंगापुर सिटी



**उत्तर मध्य रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक / कार्य / झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी0-सी-2024-117

**कार्य का नामःवीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी- कानपुर सेक्शन** : प्रोवीजन ऑफ़ लिमिटेड हाइट पेडेस्ट्रियन सबवे एट वेरियस ट्रेसपासिंग लोकेशन (15 नंबर सबवे इन परोना - कानपुर सेक्शन)

**अनुमानित लागत रू.:** 327955865.15 | **अमानत राशिः** 1789800.00

**स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि :** 12 माह

**निविदा बन्द होने की तिथि : 05.07.2024 at 15:00 hrs.** ●निविदा दिनांक 05.07.2024 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। ● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1009/24(P)


North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR


## चांदनी चौक में लगे फायर हाइड्रेंटों ने नहीं किया काम

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): चांदनी चौक के सांसद प्रवीन खंडेलवाल और दिल्ली भाजपा प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने मारवाड़ी कटरा और चीराखाना की समीपवर्ती इमारत में आग लगने के कारण व्यापारिक वस्तुओं और संपत्ति के बड़े पैमाने पर नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की है। प्रवीन खंडेलवाल ने कहा है कि आग से हुए नुकसान के लिए बीएसईएस और दिल्ली सरकार की लापरवाही जिम्मेदार है और उन्हें व्यापारियों को मुआवजा देना चाहिए। सांसद ने कहा कि यह हैरान करने वाली बात है कि मुख्य चांदनी चौक पर हाल ही में लगाए गए फायर हाइड्रेंटों में से कोई भी गुरुवार को काम नहीं कर रहा था, जिससे फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को पानी लाने के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ रही थी। प्रवीण शंकर कपूर ने कहा कि आग लगने का प्रारंभिक कारण शुरुआत में पता नहीं चल सका, लेकिन आग बहुत तेजी से फैली क्योंकि चारों ओर लटकी बिजली की तारों में तेजी से आग लग गई। इस आग ने फिर से इस बात की ओर इशारा किया कि टाउन हाल में स्थायी फायर स्टेशन स्थापित करना बहुत महत्वपूर्ण है।

## चिड़ियाघर : चिंकारा के हिंसक संघर्ष के बाद बाड़ों में बढ़ाई गई निगरानी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली में चिड़ियाघर के अधिकारियों ने हाल में दो नर चिंकारा के बीच हुए हिंसक संघर्ष के बाद जानवरों के बाड़ों में निगरानी के लिए और अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने की योजना की घोषणा की है। इस संघर्ष में एक चिंकारा की मौत हो गई थी।



चिड़ियाघर में एक जून को दो नर चिंकारा के बीच यह लड़ाई हुई थी। दिल्ली चिड़ियाघर के निदेशक संजीत कुमार ने बताया कि जानवरों के बीच इस तरह के संघर्ष असामान्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि प्रभुत्व के लिए नर (चिंकारा) अक्सर जंगल और चिड़ियाघर दोनों जगहों पर लड़ाई में शामिल होते हैं। दुर्भाग्य से इस मामले में लड़ाई के कारण गंभीर चोट आईं। प्रभावित नर चिंकारा की आंतों में चोट लगी थी और उसे अस्पताल ले जाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना में जीवित बचे चिंकारा को मामूली चोट आई हैं और उसे अन्य जानवरों के साथ एक बाड़े में रखा गया है, जिसमें पिछले महीने पैदा हुआ एक चिंकारा भी शामिल है। संजीत कुमार ने कहा कि इस घटना के बाद पशुओं की सुरक्षा और निगरानी बढ़ाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। उन्होंने बताया कि हम सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने और पशु क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की योजना बना रहे हैं ताकि आपात स्थिति के दौरान त्वरित सूचना मिले।

## मदरसा खाली करने के लिए दी एक महीने की मोहलत

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्लीके हजरत निजामुद्दीन में स्थित एक मस्जिद औरमदरसा को खाली करनेके लिए दिल्ली हाई कोर्ट ने प्रबंधन कोएक महीने का वक्त दियाहै। दिल्ली हाई कोर्ट ने डीडीए औरएक स्थानीय धार्मिक बॉडी को निर्देश दियाहै कि वो मस्जिदऔर मदरसा के केयरटेकर कोखाली करने के लिए एकमहीने का समय दें।डीडीए ने इस मस्जिदऔर मदरसा को ध्वस्त करनेका फैसला किया है। हाई कोर्ट में जस्टिस अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठने अपने आदेश में साफ किया कि या चि का क र्ता फैजयाबमस्जिद और मदरसा याकिसी अन्य शख्स को परिसर खालीकरने के लिए इसकेबाद आगे और कोई मोहलतनहीं दी जाएगी।


**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल**
**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES BHOPAL**
(An Autonomous Institute under Ministry of Health & Family Welfare Government of India)
साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.)–462020, www.aiimsbhopal.edu.in

No. AIIMS/BPL/LEGAL CELL/2024/5000 Dated: 08.06.2024

**चेतावनी सूचना (कैविएट नोटिस)**

यह कि, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल द्वारा जारी विज्ञापन अधिसूचना संदर्भ संख्या ADM-2(3)/AIIMS Bhopal/Rect. Cell/2024/4853 दिनांक 05/06/2024 के अंतर्गत एम्स, भोपाल में सीधी भर्ती के आधार पर विभिन्न ग्रुप 'ए' गैर संकाय पदों की भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उक्त से संबंधित कोई भी व्यक्ति या किसी भी प्रकार से अपात्र/व्यथित (ineligible/aggrieved) उम्मीदवार जो इस विज्ञापन अधिसूचना प्रक्रिया को मध्य प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय / केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, जबलपुर मे रिट याचिका या मूल आवेदन के माध्यम से चुनौती देना चाहते हैं, को सूचित किया जाता है कि वे याचिका/आवेदन/ अभिवचन की एक प्रति कार्यपालक निदेशक कार्यालय, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), साकेत नगर, भोपाल 462020 (म.प्र.) या अधिवक्ता श्रीमती कनक गहरवार, निवासी मकान संख्या 1156/एन, समीक्षा टाउन, नॉर्थ सिविल लाइंस, जीआरपी ग्राउन्ड के सामने, निकट जेठी हॉस्पिटल, जबलपुर 482011(म.प्र.) को भेजें।

उपनिदेशक (प्रशासन) एम्स, भोपाल



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **श्याम कुमार महतो पुत्र राम भगत निवासी बी-34, डी-27, अध्यापक नगर, नांगलोई, दिल्ली** ने एफआईआर सं. **1012/2020, अन्तर्गत धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना निहाल विहार, (बाहरी जिला) दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्याम कुमार महतो** मिल नहीं रहा/रही है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **श्याम कुमार महतो** फरार हो गया/गई है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा/रही है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर सं. **1012/2020, अन्तर्गत धारा 33/38 दिल्ली आबकारी अधिनियम, थाना निहाल विहार, (बाहरी जिला) दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **श्याम कुमार महतो** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **07.08.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री पी. भार्गव राव**
एल.डी. महानगर दण्डाधिकारी-03 (पश्चिम)
कमरा नं. 292, द्वितीय तल,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/7218/OD/2024 (Court Matter)



**उत्तर मध्य रेलवे** G20

ई निविदा सं0- सिग-डब्लू एस-कान्ट्रैक्ट-572 दिनांकः 10.06.2024


**ई-निविदा सूचना**

उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता/निर्माण/उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज, भारत के राष्ट्रपति के लिये, उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिये आन लाइन निविदायें, (**ई टेन्डरिंग**) निर्धारित प्रपत्र पर आमंत्रित की जाती हैं।

**कार्य का नामः** उत्तर मध्य रेलवे के झाँसी मंडल के खैरार-मानिकपुर डबल लाइन कार्य के सम्बन्ध में स्टेशनों (जैसे ओहन, बहिलपुरवा, खोह, चित्रकूटधाम, शिवरामपुर, भरतकूप, बदौसा, अतर्रा, खुरहंड और डिंगवई) पर सम्पूर्ण सिग्नलिंग और टेलीकॉम इनडोर और आउटडोर कार्यों के साथ इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की आपूर्ति, डिजाइनिंग, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग और खैरार जंक्शन स्टेशन, बांदा और मानिकपुर जंक्शन स्टेशन पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग में परिवर्तन का कार्य।

**कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 62,91,81,442.87/- (रु0 बासठ करोड़ इक्यानवे लाख इक्यासी हजार चार सौ बयालीस एवं सत्तासी पैसे मात्र), **धरोहर राशिः** रु. 3295900.00/- (रु0 बत्तीस लाख पन्चानवे हजार नौ सौ मात्र), **कार्य पूर्ण करने की अवधिः** 11 माह, **निविदा जमा एवं खुलने की तिथिः** 05.07.2024 समय 15:00 बजे खुलेगा। निविदा सम्बन्धी पूर्ण जानकारी हेतु भारतीय रेल के वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 1010/24(K)

@CPRONCR @northcentralrailway North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in


PARAS


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**ई-टेंडर नोटिस न. एच आई टी/14/24/29, तिथि - 04-जून-2024**

| क्र. सं. | ई-निविदा संख्या | संक्षिप्त विवरण | टेंडर बंद/खुलने की तिथि वं समय | खरीदी मात्रा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 03241477A | लॉकिंग प्लेट फॉर ए ए आर स्टैण्डर्ड काटरेज बेयरिंग | 20.06.2024 At 10:30 hrs | 159628 नग |
| 2 | 01244042 | बेयरिंग एसेंबली जर्नल बॉक्स | 24.06.2024 At 10:30 hrs | 70 नग |
| 3 | 06240078 | हाई विस्कॉउस नाएलॉन (एच व्ही एन) लाइनर (टी-8751) | 27.06.2024 At 10:30 hrs | 973901 नग |
| 4 | 03241373A | नकल फॉर सेंटर बफर कॉपलर | 03.07.2024 At 10:30 hrs | 26461 नग |
| 5 | 05241217 | थर्मोस्लिंक जोएटिंग किट्स फॉर जोएटिंग अंडरग्राउंड क्वाएड केबल | 03.07.2024 At 10:30 hrs | 649 नग |
| 6 | 05245071 | अंडरग्राउंड रेलवे सिगनलिंग केबल, साईज 19 कॉर X 1.5 एसक्यु.एमएम. | 04.07.2024 At 10:30 hrs | 65.3 कि.मी. |
| 7 | 03242317 | ब्रेक बीम फॉर बॉक्सएन एच एल | 08.07.2024 At 10:30 hrs | 1786 नग |

रेलवे को किसी निविदा के लिए शुद्धिपत्र जारी करने का अधिकार है, शुद्धिपत्र और ई खरीद की जरूरी सूचना वेटर www.ireps.gov.in. पर देख सकते हैं।

सहायक सामग्री प्रबंधक-1
सीपीआर/10/89 कृते प्रधान मुख्य सामग्री प्रबंधक, द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर।

South East Central Railway @secrail



**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**विविध कार्यों हेतु निविदा सूचना**

**क्रम सं. (1) ई-निविदा संख्याः सीपीएम-इंजी-जीएसयु - बीएसपी-01-24-25, दिनांक 07-06-2024, कार्य** : दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर मंडल के अधीन खरसिया झाराडीह के बीच अतिरिक्त लाइन (5.811 कि.मी.) के निर्माण कार्य में, मिट्टी के काम का निष्पादन, छोटे पुलों का निर्माण, मशीन कुचल पत्थर गिट्टी की आपूर्ति, पी. वे सामग्री का परिवहन, पी. वे कार्यों का निष्पादन, वेल्डिंग और अन्य संबद्ध विविध कार्य. **निविदा मूल्य (रु):** 24,64,29,259.83 **अमानत राशि (रु) :** 13,82,200.00 **कार्य पूर्णता की अवधिः** 15 माह **निविदा जमा करने की आरंभ तिथीः-** दिनांक. 20-06-2024 से ! **निविदा जमा करने की अंतिम तिथी :-** दिनांक. 04-07-2024 के 15-00 बजे तक !

उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है ! उपरोक्त निविदाओ हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।

उप मुख्य अभियंता (गतिशक्ति)
सीपीआर/10/92 द.पू.म. रेलवे, बिलासपुर

South East Central Railway @secrail



**गुमशुदा लड़की की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़की (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नामः** खुशी, **पुत्रीः** श्री ओम सिंह, **निवासीः** मकान नं0 जी–121, गली नं0 04ए, वेस्ट करावल नगर, दिल्ली, **उम्रः** 21 साल,3 **कदः** 5 फुट, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **शरीरः** मध्यम, **पहनावाः** आर्मी रंग की टी–शर्ट व नीले रंग की जीन्स एवं पैरों में चप्पल पहने हुए है, दिनांक 03.06.2024 समय 11.30 बजे सुबह अपने घर थाना अन्तर्गत करावल नगर, दिल्ली से लापता हो गयी है।

इस संदर्भ में **DD No. 83A, Dated 04.06.2024** थाना करावल नगर, दिल्ली में दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
फैक्स : 011-24368639
दूरभाष : 011-24368638, 24368641

थाना प्रभारी
थाना– करावल नगर, दिल्ली
फोनः 011-22932396, 8750870728
DP/7347/NE/2024



**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान भोपाल**
**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES BHOPAL**
(An Autonomous Institute under Ministry of Health & Family Welfare Government of India)
साकेत नगर, भोपाल (म.प्र.)–462020, www.aiimsbhopal.edu.in

No. AIIMS/BPL/LEGAL CELL/2024/4999 Dated: 08.06.2024

**चेतावनी सूचना (कैविएट नोटिस)**

यह कि, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल द्वारा जारी विज्ञापन अधिसूचना संदर्भ संख्या ADM-2(2)/AIIMS Bhopal/Rect. Cell/Deputation/2023/2 दिनांक 16/10/2023 तथा उसकी निरंतरता में जारी भर्ती अधिसूचनस संख्या ADM-2(2)/AIIMS Bhopal/Rect. Cell/Deputation/2023/2/1731 दिनांक 14/03/2024 एवं इस संबंध में जारी शुद्धिपत्रों एवं परिशिष्टों के अंतर्गत एम्स, भोपाल में प्रतिनियुक्ति के आधार पर विभिन्न ग्रुप 'ए' गैर संकाय पदों की भर्ती के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

उक्त से संबंधित कोई भी व्यक्ति या किसी भी प्रकार से अपात्र/व्यथित (ineligible/aggrieved) उम्मीदवार जो इस विज्ञापन अधिसूचना प्रक्रिया को मध्य प्रदेश के माननीय उच्च न्यायालय / केन्द्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण, जबलपुर मे रिट याचिका या मूल आवेदन के माध्यम से चुनौती देना चाहते हैं, को सूचित किया जाता है कि वे याचिका/आवेदन/ अभिवचन की एक प्रति कार्यपालक निदेशक कार्यालय, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), साकेत नगर, भोपाल 462020 (म.प्र.) या अधिवक्ता श्रीमती कनक गहरवार, निवासी मकान संख्या 1156/एन, समीक्षा टाउन, नॉर्थ सिविल लाइंस, जीआरपी ग्राउन्ड के सामने, निकट जेठी हॉस्पिटल, जबलपुर 482011(म.प्र.) को भेजें।

उपनिदेशक (प्रशासन) एम्स, भोपाल



**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई–निविदा सूचना सं. NER-LJN-2024-93**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है– **ई–निविदा संख्याः** NER-LJN-2024-93; **कार्य का नामः** एन.ई.आर. लखनऊ मण्डल – कानपुर अनवरगंज बैलास्ट डंप में मशीन से तोड़ी हुई ट्रैक बैलास्ट के आरडीएसओ के स्पेसिफिकेशन आई.आर.एस.–जी.ई.–1 जून–2016 (अद्यतन शुद्धि पर्चियों के साथ) के अनुसार, प्राइवेट क्वैरी से स्टोन बैलास्ट की आपूर्ति एवं रेलवे के वैगनों में लदाई का कार्य ।; **अनुमानित लागत(₹):** ₹15,64,86,655.31; **अग्रिम धन(₹):** ₹9,32,400/-; **समापन अवधिः** 09 माह। 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2024-93 के तक लिये ई–निविदा दिनांक 04.07.2024 को 15:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15:00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग
मुजाधि/डब्ल्यू–117 लखनऊ

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें



**पहचान की अपील**



एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसकी **उम्रः** लगभग 40 वर्ष, **कदः** 5'6", **रंगः** सांवला, **पहनावाः** शरीर पर कपड़े नहीं, जो **11.06.2024** को बाबू जगजीवन राम मेमोरियल अस्पताल में मृत पाया गया। इस संबंध में **प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 361/24** धारा 279/304A भा.द.स. अधिनियम दिनांकः **12.06.2024** के तहत थाना बुराड़ी, दिल्ली में दर्ज की गई है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस मृतक के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें:-

**थानाध्यक्ष - थाना बुराड़ी,**
**दूरभाष. नंबर: 9953745253, 8750870132**

DP/7334/N/2024



जलवायु परिवर्तन का दिल्ली पर टूट रहा कहर

फोटो : अमित श्रीवास्तव

दिल्ली एनसीआर का तापमान हर दशक में 0.90 डिग्री बढ़ रहा है

# बड़ी तेजी से गर्म हो रही है दिल्ली एनसीआर की आबोहवा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : दिल्ली-एनसीआर में मौसम फिर तांडव करने लगा है। आसमान से आग बरस रही है और झलसाने वाली गर्म हवाएं चल रही हैं। हीटवेव के कारण लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो रहा है। अधिकतम तापमान 45.8 डिग्री दर्ज किया गया जो सामान्य से पांच डिग्री अधिक है। वहीं न्यूनतम तापमान भी 29.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो इस मौसम के औसत तापमान से एक डिग्री अधिक है। सफदरजंग वेधशाला में अधिकतम तापमान 44.8 डिग्री, पालम में 45.8 डिग्री, लोधी रोड में 45. 4 डिग्री, 46.3 डिग्री और आयानगर में 46.4 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार, दिल्ली-एनसीआर में बड़ी तेजी से गर्मी बढ़ रही है। हर दस साल में लगभग एक डिग्री तापमान ऊपर की ओर बढ़ रहा है जो बेहद चिंता की बात है। गुरुवार भी बेहद गर्म दिन रहा और लू के कारण लोग परेशान रहे। दिल्ली में सुबह आठ बजे सापेक्षिक आर्द्रता का स्तर 37 प्रतिशत दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने दिन में आंशिक रूप से बादल छाए रहने और लू चलने की संभावना जताई है। विभाग ने कभी-कभी तेज हवाएं चलने का अनुमान भी लगाया है।

### सबसे गर्म शहरों में दिल्ली एनसीआर चौथे नंबर पर

बता दें कि हाल ही में आई एक रिपोर्ट में दावा किया गया है कि जिन शहरों का तापमान सबसे तेजी से बढ़ रहा है, उसमें दिल्ली एनसीआर चौथे नंबर पर है। पहले नंबर पर अहमदाबाद, दूसरे पर जयपुर और तीसरे पर राजकोट का नाम है। गुरुवार को भी दिल्ली देश में चौथा सबसे गर्म दिन रहा। पूर्वी उत्तर प्रदेश के कानपुर में सर्वाधिक 47.5 डिग्री तापमान दर्ज किया गया, वहीं 47.4 डिग्री तापमान के साथ पंजाब का भटिंडा दूसरे नंबर पर रहा, 46.3 डिग्री पारा के साथ हरिरयाणा का सिरसा रहा और दिल्ली का रिज 46.4 डिग्री तापमान के साथ देश का चौथा सबसे गर्म शहर रहा। दिल्ली एनसीआर का तापमान हर दशक में 0.90 डिग्री बढ़ रहा है। मई में आई इस रिपोर्ट में बताया गया है कि गर्मी बढ़ने की 60 फीसदी वजह शहरीकरण है। जलवायु परिवर्तन का असर भी अधिक है। बीते 40 साल के दौरान राजधानी में गर्मी बढ़ रही है। औसत अधिकतम तापमान में काफी वृद्धि हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, 1975 के बाद से गर्मी तेजी से बढ़ रही है। 1980 से 2022 तक औसत अधिकतम सालाना तापमान में इजाफा हुआ है।

### 1980 से 2022 तक रहे हैं सबसे अधिक गर्म वर्ष

मौसम विभाग के आकलन के अनुसार, विगत 44 वर्ष में दिल्ली सर्वाधिक गर्म रहा। 1980 से 2022 के दौरान 1987 में सालाना अधिकतम तापमान 32.73 डिग्री सेल्सियस रहा था। यह इस दौरान सबसे अधिक गर्म था। 1997 में यह सबसे कम रहा। इस साल सालाना अधिकतम तापमान 29.66 डिग्री रहा। 2002 के बाद से इसमें लगातार इजाफा हो रहा है। 2022 में यह 32.01 डिग्री रहा। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अनुसार, सुबह नौ बजे दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक ( एक्यूआई) 181 रहा, जो कि खराब श्रेणी में है।

# एजुकेशन मिनिस्ट्री में जॉब दिलाने के नाम पर एसएससी की छात्रा से ठगे तीन लाख

- *ठगों ने पीड़िता का कराया फोन पर इंटरव्यू, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस*




मनीष राणा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): नॉर्थ डिस्ट्रिक्ट के बुराड़ी इलाके में मिनिस्ट्री में जॉब दिलाने के नाम पर एसएससी (कर्मचारी चयन आयोग) की एक छात्रा के साथ ठगी का मामला सामने आया है। ठगों ने उसे "ग्रेड बी" में जॉब दिलाने की बात कहकर उससे अलग-अलग चीज का चार्ज बताकर उससे रुपये ऐंठे। ठगी का पता चलने पर पीड़िता ने पुलिस को इसकी शिकायत दी। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर केस दर्ज कर लिया है। पुलिस पीड़िता द्वारा दिए गए मोबाइल नंबर व बैंक अकाउंट से ठगों के बारे में जानकारी जुटाने की कोशिश कर रही है।

पुलिस ने मुताबिक, पीड़िता, बुराड़ी इलाके में किराये के मकान में रहती है। वह एसएससी की तैयारी कर रही है। गत छह मई को फेसबुक पर उन्हें जॉब से संबंधी जानकारी के लिए करण तिवारी नाम के एक युवक की आईडी मिली। उन्होंने करण की प्रोफाइल में जॉब वैकेंसी के लिए मेसेज कर पूछताछ की, जिसके बाद मिनिस्ट्री में जॉब दिलवाने की बात कही और एक मेल आईडी educationministry98@gmail.com दी। इसके बाद पीड़िता ने इस मेल आईडी पर अपनी सारी जानकारी अटैच कर भेज दी। इसके बाद पीड़िता को उसकी मेल आईडी पर पेमेंट का मैसेज आया। मैसेज आने के बाद पीड़िता ने 16 ट्रांसजेक्शन कर छह मई से दो जून तक ठगों के अकाउंट में तीन लाख रुपये ट्रांसफर किए।

इसके बाद करण ने उसे एक अन्य युवक सुशांत सागर से बात करने के लिए कहा। इसके बाद सुशांत ने उससे व्हाट्स एप पर इंटरव्यू करवाने के लिए 15,950 रुपये एक खाते मे ट्रांसफर करवाये। पीड़िता ने इसके बाद सौरभ नामक एक युवक से बात की। इंटरव्यू देने के बाद भी जब पीड़िता की जॉब नहीं लगी और न पैसे वापस मिले तो उसे ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने पुलिस को इसकी शिकायत दी।

### एक लाख से अधिक बताई थी सैलरी

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि बातचीत के दौरान करण तिवारी ने फेसबुक मैसेंजर पर मेसेज कर उसे बतलाया था कि ग्रेड बी की पोस्ट है। उसकी सैलरी एक लाख से अधिक होगी। आरोपी ने उसका विश्वास जीतने के लिए उसका इंटरव्यू कराया। उसने खुद भी एक बड़ा अधिकारी बताया था।

## दो माह में ही कबाड़ बेचकर उत्तर रेलवे ने कमाए 101.11 करोड़ रुपए


**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : रेलवे ने सामान ढुलाई और टिकट बेचकर कमाई करने के साथ एक और नया तरीका ढूंढ़ लिया है, जिससे रेलवे मालामाल हो रहा है। मौजूदा वित्तीय वर्ष में भी उत्तर रेलवे ने खूब कमाई की है। कमाई का यह माध्यम कबाड़ बन गया है। हाल ही में कबाड़ बेचकर 100 करोड़ से अधिक की कमाई का रिकार्ड बन चुका है। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी बताया कि उत्तर रेलवे चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 101.11 करोड़ रुपये के स्क्रैप का निपटान करके स्क्रैप बिक्री में जोन नंबर 1 पर है। उत्तर रेलवे चालू वित्त वर्ष में 100 करोड़ रुपये की स्क्रैप बिक्री में पहला जोन भी है। स्क्रैप से आय के साथ साथ रेल परिसरों को साफ-सुथरा बनाए रखने में भी मदद करता है।

## 194 वर्तमान व सेवानिवृत्त प्रिंसीपल को मिलेगा वित्तीय लाभ, एलजी ने दी एमएसीपी स्कीम को मंजूरी



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एलजी वीके सक्सेना ने एक बड़ा निर्णय लेते हुए 194 सेवारत/ सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों, उप-प्रधानाचार्यों, शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों को बड़ी सौगात दी है। उन्होंने संशोधित सुनिश्चित करिअर उन्नयन योजना (एमएसीपी) के अंतर्गत 37400-67000 वेतनमान के साथ ग्रेड-पे 8700 (पूर्व संशोधित) में आने वाले 194 सेवारत/ सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों, उप-प्रधानाचार्यों, शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों के फाइनेंशियल अपग्रेडेशन के अनुदान को मंजूरी दे दी है। राजनिवास के अधिकारियों ने बताया कि एलजी के फैसले से अब इन्हें 15 वर्षों से लंबित लाभ मिल सकेगा। इससे संबंधित फाइल को मंजूरी देते हुए उपराज्यपाल ने इसकी मुकदमेबाजी पर हुए खर्च और मामले में शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई में हुई अत्यधिक देरी पर चिंता जताई। इससे पहले फरवरी 2024 में सक्सेना ने शिक्षा विभाग के 151 सेवारत/सेवानिवृत्त प्रधानाचार्यों, उप-प्रधानाचार्यों, शिक्षा अधिकारियों और जिला शिक्षा अधिकारियों को एमएसीपी देने के प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। साथ ही उन्होंने मामले में मुकदमेबाजी में हुए खर्च का पता लगाने, शामिल अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने और कारण बताओ नोटिस के बारे में भी जानकारी देने का निर्देश दिया था। एक ही पद पर लंबे समय तक बने रहने वाले सरकारी कर्मचारियों को राहत देने के उद्देश्य से, भारत सरकार ने एक सितंबर 2008 से प्रभावी एमएसीपी योजना लागू की थी।

## यतिश ने घातक गेंदबाजी से जीता दिल



**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : राजधानी दिल्ली में चल रहे डीडीसीए टी-20 लीग में गुरुवार को एमटीएनएल और चांद खन्ना क्लब के बीच मैच खेला गया। इसमें यतिश की घातक गेंदबाजी के बावजूद चांद खन्ना क्लब को एमटीएनएल के हाथों 30 रनों से हार का सामना करना पड़ा। पहले बल्लेबाजी करते हुए एमटीएनल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 189 रन बनाई। वहीं लक्ष्य का पीछा कर रही चांद खन्ना की टीम 9 विकेट के नुकसान 159 रन ही बना सकी। चांद खन्ना टीम की तरफ से अमन ने विस्फोटक बल्लेबाजी की तो वहीं यतिश ने 33 रन देकर चार विकेट हासिल किया।

## गंगा दशहरा 16 जून : गंगा मां आई थी पृथ्वी पर

**नई दिल्ली, (दिनेश शर्मा/पंजाब केसरी):** गंगा दशहरा 16 जून को है। इस दिन सागर के 60 हजार पुत्रों की भस्म को स्पर्श कर गंगा मां ने मुक्ति प्रदान की थी। स्कंद पुराण के अनुसार इसी तिथि से लोकाचार में गंगा में अस्थि विसर्जन का चलन शुरू हुआ। इससे पहले मां सरस्वती नदी में अस्थि विसर्जन की प्रथा थी। सरस्वती के लुप्त होने के उपरांत मां गंगा का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। गंगा दशहरा पर मां गंगा के जल में डुबकी से मोक्ष की प्राप्ति होती है। यदि गंगा समीप ना हो तो किसी भी नदी, कुंड, तालाब में विधिपूर्वक स्नान करने और दान से भी गंगा मां प्रसन्न होती है।

## इंडिया हेल्थ 2024: देश में टेलीमेडिसन और डिजिटल हेल्थ सॉल्यूशन का उपयोग बढ़ा

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : जैसे-जैसे दुनिया अधिक डिजिटलाइज़ेशन की तरफ बढ़ रही है, वैसे- वैसे स्वास्थ्य सेवा और कल्याण के लिए तकनीक के इस्तेमाल में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। इन्हीं सब मुद्दों को लेकर दिल्ली में द्वारका स्थिति यशोभूमि में 'इंडिया हेल्थ 2024" एक्सपो के पहले संस्करण की शुरूआत गुरुवार को यहां हुई। 15 जून तक चलने वाले इस प्रदर्शनी का आयोजन इनफोर्मा मार्केट्स इन इंडिया द्वारा किया जा रहा है। इसमें बायोमेडिकल इंजीनियर, पैथोलोजिस्ट, रेडियोलोजिस्ट, हॉस्पिटल कन्सलटेन्ट, मेडिकल डिवाइस वितरक, चिकित्सक, प्रोक्यरोमेन्ट मैनेजर, आर एण्ड डी पेशेवर एवं अन्य विनियामक प्रतिनिधि शामिल है। अरब हेल्थ प्रदर्शनी से प्रेरित इंडिया हेल्थ का उद्देश्य हेल्थकेयर के आधुनिकीकरण के लिए विश्वस्तरीय मंच उपलब्ध कराना तथा लर्निंग, नेटवर्किंग के लिए अनुकूल माहौल को बढ़ावा देना है। इस उद्घाटन के मौके पर हंगरी के नई दिल्ली में राजदूत इस्तवन सजाबो,



एसोसिएशन ऑफ हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स इंडिया के महानिदेशक डॉ. गिरधर ज्ञानी, मैनेजिंग डायरेक्टर इन्फोर्मा मार्केट्स इन इंडिया योगेश मुद्रास आदि मौजूद थे। उद्घाटन के बाद पत्रकारों से बातचीत में योगेश मुद्रास ने बताया कि प्रदर्शनी ने स्वास्थ्य के साथ-साथ उद्योग जगत के रूझानों पर भी रोशनी डाली जा रही है। यहां पर डिजिटल हेल्थ तकनीकें जैसे टेलीहेल्थ, वियरेबल्स, एआई उन्मुख डायग्नॉस्टिक, हेल्थकेयर उद्योग में बढ़ते प्रभाव को भी फोकस किया गया है। उन्होंने दावा किया कि इंडिया हेल्थ एक्स्पो 2024 हेल्थकेयर के क्षेत्र में इनोवेशन्स एवं उत्कृष्टता के भविष्य का सफल प्रदर्शन कर रहा है और नई दिल्ली को हेल्थकेयर उद्योग के विश्वस्तरी हब के रूप में स्थापित करेगा।

### हजारों किलोमीटर दूर बैठे सर्जन रोबोट की मदद से करेंगे टेली सर्जरी

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : टेली रोबो सर्जरी से हजारों किलोमीटर दूर बैठे सर्जन पूरी सटिकता और बिना किसी ब्लड लॉस के कोई भी सर्जरी करने में सक्षम हो गया है। इससे ना केवल मरीजों के इलाज का खर्च कम होगा, बल्कि उसे अस्पतालों में रूकना भी नहीं पड़ेगा। शनिवार को ऐसी ही टेली रोबो सर्जरी गुड़गांव और दिल्ली के राजीव गांधी कैंसर इंस्टीट्यूट के बीच होगी। इसके लिए एक ही जरूरी शर्त है और वह है हाईलेवल कनेक्टिविटी। गुरुवार को राजधानी में एसएस मंत्रा ने पांच हाथों वाले इस विशिष्ट रोबोट का डेमो प्रदर्शित किया। विश्व विख्यात रोबो सर्जन डॉ. सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि टेली रोबो सर्जरी एक नया कॉन्सेप्ट है जिससे मरीजों को काफी लाभ होने वाला है। अभी यह सुविधा हर जगह उपलब्ध नहीं है, लेकिन जल्दी ही यह पूरे भारत में सर्जरी का एक अभिन्न हिस्सा होगा।

## विकसित राष्ट्र के लिए अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को टैक्स के दायरे में लाना होगा

**भारत को अपनी कराधान की व्यवस्था को 'रेट' के बजाय 'रेवेन्यू' पर केंद्रित करना होगा**

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी) : नई बदलती दुनिया में आगे बढ़ने की दिशा में नए विचार एवंसमाधान प्रदान करने के लिए समर्पित स्वतंत्र थिंक टैक थिंक चेंज फोरम (टीसीएफ) ने इंडिया हैबिटेट सेंटर, नई दिल्ली में एक परिचर्चा का आयोजन किया। परिचर्चा का विषय 'विकसित राष्ट्र बनने की राह पर भारत की गति को तेज करने के लिए प्रगतिशील कराधान व्यवस्था" रखा गया था। इस परिचर्चा में विशेषज्ञों ने जोर देकर कहा कि 2047 तक 25 ट्रिलियन डॉलर जीडीपी के साथ विकसित राष्ट्र बनने के लिए भारत को अपनी कराधान की व्यवस्था को रेट से रेवेन्यू पर केंद्रित करना होगा। वक्ताओं और पैनलिस्ट ने इस बात पर ध्यान आकर्षित कराया किअपनी बड़ी आबादी के कारण भारत जीडीपी की तुलना में टैक्स के अनुपात को कम रखते हुएभी भरपूर टैक्स जुटा सकता है। इससे भारत को बड़ी अर्थव्यवस्था से विकसितअर्थव्यवस्था बनने में मदद मिलेगी। इसमें अनौपचारिक अर्थव्यवस्था को टैक्स के दायरे में लाना भी महत्वपूर्ण बिंदु है। थिंक चेंज फोरम का अनुमान है कि यह अनौपचारिक अर्थव्यवस्था 30 से 35 प्रतिशत तक है। रेट से रेवेन्यू की ओर केंद्रित कराधान की व्यवस्था में टैक्स की दरों को कम करने, टैक्स चुकाने वाले बेस को बढ़ाने और भारत की निवेश एवं विकास संबंधी जरूरतों को पूरा करने के लिए वित्तीय माध्यम तैयार करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था के विकास के वाहकों पर ईवाई इंडिया के सीनियर पार्टनर सुधीर कपाड़िया ने अपने विचार रखे।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2024-92**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

**ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2024-92 (Two-Packet), कार्य का नाम :** 1. वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/द्वितीय के अनुभाग में सीसेइं/पीवे/नानपारा (किमी. 95/0-101.10, 101.70 से 103.10 एवं 103.3 से 118.5 तक, कुल 22.70 किमी.), सीसेइं/पीवे/तिकुनिया (किमी. 221.4 से 234.0/0-101.10, 101.70 से 103.10 एवं 103.3 से 118.5 तक, कुल 22.70 किमी.) के अन्तर्गत CTR(P) MG कार्य एवं साथ में डीप स्क्रीनिंग व बैलास्ट की आपूर्ति से बैलास्ट कुशन को 150mm तक बढ़ाने का कार्य। 2. वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/द्वितीय के अनुभाग में सीसेइं/पीवे/नानपारा (1:12 = 10 Set), सीसेइं/पीवे/तिकुनिया (1:12 = 10 Set & 1:8.5=7 Set), सीसेइं/पीवे/मैलानी (1:12 = 10 Set & 1:8.5=4 Set) कुल 48 Set विभिन्न यार्डों (Main Line) में TTR (MG) का कार्य। **अनुमानित लागत** : रु. 37,74,71,342.12, **अग्रिम धन** : रु. 20,37,400.00, **समापन अवधि** : 18 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या NER-LJN-2024-92 के लिए ई-निविदा दिनांक 04.07.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग,**
**मुजाधि/डब्ल्यू-116 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, म.प्र. लोक निर्माण विभाग संभाग अशोक नगर (म.प्र.)**

**निविदा सूचना**

निविदा सूचना क्रमांक 01/वर्ष 2024-25/का.यं./1280-81 अशोक नगर, दिनांक 07.06.2024

निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जा रही है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेंडर क्रमांक | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रं. | कार्य की अनुमानित राशि (रु. लाख में) | 1-धरोहर राशि 2-निविदा प्रपत्र की राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. | 7. |
| 1. | 2024_PWDRB_349422_1 | प्लान कार्य | उपसंभाग मुंगावली के अन्तर्गत पारकना से बरखेड़ा व्हाया गढ़ला मार्ग लंबाई 7.00 कि.मी. ढेंकन से झांसाखेड़ी मार्ग लम्बाई 3.50 कि.मी. रूसल्ला से पिपरिया मार्ग लम्बाई 3.00 कि.मी. नानौती से शेखपुर मार्ग लं. 1.80 कि.मी. रतभानपुर से माधौपुर मार्ग लम्बाई 2.90 कि.मी. एवं विदिशा मार्ग से दगदमा चक्क मार्ग लम्बाई 1.20 कि.मी. कुल लम्बाई 19.40 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 1610.00 | 1-Rs. 10,00,000/- 2-Rs. 30,000/- |
| 2. | 2024_PWDRB_349423_1 | प्लान कार्य | उपसंभाग मुंगावली के अन्तर्गत केशोपुर से सिंघाड़ा मार्ग लम्बाई 4.82 कि.मी. का विशेष मंजबूतीकरण कार्य। लम्बाई 4.82 कि.मी. | द्वितीय | 72.19 | 1-Rs. 72,190/- 2-Rs. 10,000/- |
| 3. | 2024_PWDRB_349498_1 | वार्षिक मरम्मत | उपसंभाग अशोकनगर के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु बी.टी. पैच रिपेयर कार्य, क्षतिग्रस्त पुल/पुलियों की मरम्मत वीआईपी कार्यक्रम हेलीपेड, बैरिकेटिंग कार्य एवं विभिन्न मार्गो का मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.90 | 1-Rs. 39800/- 2-Rs. 2000/- |
| 4. | 2024_PWDRB_349967_1 | वार्षिक मरम्मत | उपसंभाग मुंगावली के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु बी.टी. पैच रिपेयर कार्य, क्षतिग्रस्त पुल/पुलियों की मरम्मत वीआईपी कार्यक्रम हेलीपेड, बैरिकेटिंग कार्य एवं विभिन्न मार्गो का मरम्मत कार्य। | प्रथम | 5.00 | 1-Rs. 10000/- 2-Rs. 2000/- |
| 5. | 2024_PWDRB_349968_1 | वार्षिक मरम्मत | उपसंभाग चंदेरी के अन्तर्गत वर्ष 2024-25 हेतु बी.टी. पैच रिपेयर कार्य, क्षतिग्रस्त पुल/पुलियों की मरम्मत वीआईपी कार्यक्रम हेलीपेड, बैरिकेटिंग कार्य एवं विभिन्न मार्गो का मरम्मत कार्य। | प्रथम | 5.00 | 1-Rs. 10000/- 2-Rs. 2000/- |
| | | | **Total :-** | | 1712.17 | |

उपरोक्त वेबसाइट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेंडर डाक्यूमेंट) वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं ऑनलाइन सबमिट करने की अंतिम तिथि 28.06.2024 (17.30) बजे निर्धारित है। निविदा दिनांक 01.07.2024 (12.00) बजे मुख्य अभियंता, उत्तर परिक्षेत्र, लो.नि.वि. ग्वालियर के कार्यालय में खोली जाएगी। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाइट पर किया जाएगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जाएगा।

**हस्ताक्षर/-**
**कार्यपालन यंत्री**
**लो.नि.वि. संभाग अशोक नगर**

G-11617/24



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, चाईबासा।**
*email- rwdchaibasa64@gmail.com*

**शुद्धि पत्र।**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के **पत्रांक**– 823 **(अनु0) दिनांक**– 07.06.2024 द्वारा आमंत्रित ई निविदा आमंत्रण सूचना सं0–12/R1/2023-24/RWD/EE/CHAIBASA जिसका PR No -325669 West Singhbhum (24-25) D है, में प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

**विश्वासभाजन,**
**कार्यपालक अभियंता**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,**
**चाईबासा।**

PR 326247 (West Singhbhum) 24-25 (D)



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,**
**जमशेदपुर**

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर के ई–अल्पकालिन पुनर्निविदा संख्या – **RWD/EE/JSR/STPKG/01/RVIII/2023-24** दिनांक **07.06.2024** का PR 325547 (REO) 24-25 (D) द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
जमशेदपुर

PR 326303 REO(24-25)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल,**
**जमशेदपुर**

शुद्धि पत्र

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, जमशेदपुर के ई–अल्पकालिन पुनर्निविदा संख्या – **RWD/EE/JSR/STPKG/05/RII/2023-24** दिनांक **07.06.2024** का PR 325539 REO (24-25)_D द्वारा प्रकाशित निविदा को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल,
जमशेदपुर

PR 326298 REO(24-25)D



**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **डीईएन/3/हावड़ा। क्रम सं. 1, ई–निविदा सं.:** 69_2024–25, **कार्य का विवरण:** एईएन/आजिमगंज के कार्यक्षेत्र में विभिन्न लेवल क्रॉसिंग गेटों पर नॉन स्टैंडर्ड हाइट गेज के स्थान में स्टैंडर्ड हाइट गेज का प्रावधान। **अनुमानित मूल्य:** रु.2,25,07,087.64, **बयाना राशि:** रु.2,62,500/-, **क्रम सं. 2, ई–निविदा सं.:** 73_2024–25, **कार्य का विवरण:** एईएन/नवद्वीपधाम के अधीन एसएसई/डब्ल्यू/नवद्वीपधाम की शाखा में नवद्वीपधाम में एक मंजिला आरपीएफ कार्यालय का निर्माण। **अनुमानित मूल्य :** रु.86,66,084.40, **बयाना राशि:** रु. 1,73,300/-, **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 06 (छह) माह (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय:** दिनांक 08.07.2024 को 14.00 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 प्रत्येक हेतु)। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान, ई-निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में कोई फिक्सड डिपॉजिट रिसीट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा। HWH-115/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)**

ई-मेल :- cgayushjagdalpur@gmail.com दूरभाष एवं फैक्स क.: 07782-227927

क्रमांक/योजना/पें.चि.सु. 2024/ जगदलपुर, दिनांक / /2024

**// निविदा सूचना //**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के जिला आयुर्वेद चिकित्सालय जगदलपुर में पेंशनरों की चिकित्सा सुविधा हेतु स्थानीय औषधि विक्रेताओं से आयुर्वेद शास्त्रोक्त एवं प्रोपरायटरी (पेटेण्ट) औषधियों के निर्धारित दर पर (शासन के पक्ष में जो भी छूट होती हो) किये जाने हेतु मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। टू बिड निविदा में प्रथम लिफाफे (अ) पर प्री क्वालीफाईड एवं द्वितीय लिफाफे (ब) पर प्राईज बिड लाल रंग के स्याही में अंकित होना अनिवार्य होगा। निर्धारित तिथि व समय के पश्चात् प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जाएगा। संबंधित पंजीकृत फर्म शासन के **शीर्ष मद : (0210 चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य, 03 चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और अनुसंधान, 101 आयुर्वेद, 0753 विविध)** बैंक में चालान के माध्यम से जमा कर, चालान की एक प्रति प्रस्तुत कर, निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्तों की जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 27/06/2024 सायं 05:30 बजे तक ।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि -28/06/2024 दोपहर 12:00 बजे तक।
3. निविदा खोलने की तिथि -28/06/2022 शाम 02:00 बजे।

**हस्ता./-जिला आयुर्वेद अधिकारी**
**जिला बस्तर, जगदलपुर, (छ.ग.)**

G-242500274/4 dt. 13.06.2024



**कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बालोद (छ.ग.)**

क्रमांक/स्टोर/2024/1854-57 बालोद दिनांक 11/06/2024

**निविदा**

कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बालोद (छ.ग.) के अधीन संचालित आयुष संस्थाओं में आने वाले रोगियों के लिये आयुर्वेद (शास्त्रोक्त एवं पेटेंट), एवं होम्योपैथी औषधियों वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 31.03.2025 तक "सी.जी.एम.एस.सी." में अनुपलब्ध औषधियों का अनापत्ति पश्चात एवं आयुष संस्थाओं द्वारा मांग अनुरूप क्रय किये जाने हेतु टू-बिड सिस्टम के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, घड़ी चौक बालोद से प्राप्त की जा सकती है।

निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि :- 26/06/2024 दोपहर 03:00 बजे तक।

निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथि: 05/07/2024 दोपहर 02:00 बजे तक।

निविदा खोले जाने की तिथि :- 05/07/2024 दोपहर 03:00 बजे।

निविदा फार्म की कीमत 500/- (पांच सौ रुपये मात्र) है, जिसे "0210-चिकित्सा शिक्षा, 03-चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण व अनुसंधान, 101-आयुर्वेद, 0753-विविध प्राप्तियां" चालान हेड में जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय में जमा कर निविदा प्रपत्र एवं शर्तें प्राप्त करें।

**नोट:** जिले के स्थानीय औषधि विक्रेताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।

**हस्ता./-(डॉ. ज्योति गजभिये)**
**जिला आयुर्वेद अधिकारी, बालोद (छ.ग.)**

G-242500268/3 dt. 13.06.2024



**दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड**
7-9 आरामबाग, पहाड़गंज, नई दिल्ली-55

**ई-निविदा सूचना**

निविदा आईडी संख्या : 2024_DSCSC_257664_1

दिल्ली राज्य नागरिक आपूर्ति निगम लिमिटेड (डी एस सी एस सी) रा.रा. क्षेत्र दिल्ली में गाजीपुर, सिरसपुर स्थित डीएससीएससी गोदामों या अन्य कोई गोदाम को 4500 QTLS +/- 20% (लगभग 750 QTL +/- 20% प्रतिमाह हेतु 2022-23 व 2023-24 सत्र के उत्पादन में से एस-30 ग्रेड शुगर की आपूर्ति के लिए वास्तविक चीनी निर्माताओं, व्यापारियों, थोक विक्रेताओं तथा आयातकों से ई-निविदा आमंत्रित करता है। जन वितरण प्रणाली (पी डी एस) के तहत या अन्य रा.रा. क्षेत्र दिल्ली में पात्र राशन कार्डधारियों को वितरण के लिए अवार्ड की तिथि से 6 माह के लिए 250 QTL से 500 QTL प्रतिमाह के रेंज में प्रत्येक गोदाम में पहुंचाया जाना संभावित है।

यह https://govtprocurement.delhi.gov.in वेबसाइट पर नि:शुल्क देखा/डाउनलोड किया जा सकता है।

1. ई-बोली जमा करने की प्रारंभ तिथि और समय : 12:6.2024 को शाम 06.55 बजे से
2. बोली जमा करने की अंतिम तिथि और समय : 03.7.2024 दोपहर 12.30 बजे
3. तकनीकी बोली खोलने की तिथि और समय : 03:7.2024 दोपहर 01.00 बजे
4. वित्तीय बोली खोलने की तिथि और समय : तकनीकी रूप से योग्य बोलीदाताओं को बाद में वित्तीय बोली खोलने की तिथि और समय के बारे में सूचित किया जाएगा।

**पंजीयन जानकारी के लिए बोलीदाता निम्न पते पर संपर्क करें :-**
**हैल्प डेस्क : ई-निविदा प्रणाली**
**छटा तल, सी-विंग, विकास भवन-2**
**(मेटकॉफ हाउस के निकट), सिविल लाइन्स, दिल्ली-110054**
**टोल नि:शुल्क सं. : 180030702232/01244200462**
**(सोमवार-शुक्रवार प्रात: 9.30 बजे से सायं 6.00 बजे तक)**

**निगम के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर किसी भी या सभी निविदाओं को बिना किसी कारण के मंजूर या निरस्त कर सकते हैं।**

DIP/Shabdarth/classified/0086/24-25 हस्ताक्षर/- वरिष्ठ महाप्रबंधक

# पंजाब केसरी क्लासीफाइड

## आवश्यकता

### आफिस स्टाफ

शीघ्र चाहिए- आफिस कार्य हेतु स्मार्ट यंग फीमेल (मैरिड-अनमैरिड) सैलरी (18000-20000) केवल फीमेल शीघ्र संपर्क करें। मुकेश- 9643455026.
1253560

### पोल्ट्री

एनईसीसी दिल्ली क्षेत्र में आज (14.06.2024) के लिए सुझाया गया फार्म-गेट अण्डे का रेट ₹ 500/- रुपये प्रति 100 अण्डे (व्यापार और उद्योग की जानकारी के लिए) है।
1250396

### खोया-पाया

Lost- Migration, Provisional, Character Certificate of Tanweei RajKumari, BA (Yoga) of University of Patanjali, Haridwar, around Delhi on 09.06.2024. If found contact :- 9868172257.
7000001

एक बेनामा जिसका विक्रेता मौ.रईस पुत्र मौ.नफीस नि.शाहमदार,स.पुर क्रेता श्रीमती विजय लक्ष्मी पत्नी अशोक कुमार वत्स नि.कपिल विहार,स.पुर 3.1.1995 बही सं.1, जि 136-160, पृष्ठ 473-488 द.नं.9 कार्य.सब रजि.स.पुर में दर्ज है, 10.6.24 को 11बजे दिन कोर्ट प्रांगण में गिर गया ढूंढा नहीं मिला,मिलें संपर्क करें मोहित द्वारा एड.पंकज सिंह 141,सिविल कोर्ट,स.पुर मो. 9675983535.
7000003


### नाम परिवर्तन

I, Ashima W/o Shri Nikhil R/o House No. BB-269, Ashoka Basti Nabi Karim Pahar Ganj Delhi-110055 that name of daughter has been mentioned as Bhavya in her School record, where as her correct name is Bhavika.
1253528

I Haranarayan S/o Panna Lal R/o C-527 Shahid Shukhdev Nagar Wazirpur Industial Area Ashok Vihar, North West Delhi-110052 (UID No. 634953918946) that my name is Haranarayan but wrongly it is mention in the Rashan Card bearing no 077002559482 as Ram Charan. that the Haranarayan and Ramcharan both the names of same person.
1253526

I, Narender Singh S/o Dan Singh R/o WZ-501, Basai Dara Pur, New Delhi-110015 declare that Narender Singh & Narender Singh Bohara Both are one & same Person.
1253530

I Rajesh Kumar Madhavan S/o Padmanabhan Madhavan R/o C-128, Group-I, Hastsal, Uttam Nagar, New Delhi-110059 have changed my name to Rajesh Kumar for all purposes.
1253529




I, Naveen Gupta S/o Nawal Kishore Gupta R/o A-3/177, Sector-5, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Naveen Kumar Gupta for all purposes.
1253534

I, hitherto known as Shruti Parashar alias Shruti Sethi W/o Rajat Sethi D/o Vijay Kumar Sharma R/o A-68, UGF, Gurudwara Road, Mohan Garden, Uttam Nagar, New Delhi-110059 have changed my name and shall hereafter be known as Shruti Sethi.
7000002

## नाम परिवर्तन

I, Pinki D/o Maman R/o H.No.174, Naharpur Village, Sector-7, Rohini, Delhi-110085, have changed my name to Pinki Singh.
1253535

I, Shakun Rani W/o Naresh Kumar R/o H.No. 27, Extn 2-B, Nangloi, Delhi-110041, have changed my name to Sonu Chawla DOB is 25-06-1977 for all future purposes.
1253533

मैं, Ashish Jethani पुत्र Hukam Chand Jethani निवासी बी-71, एस3, भोपुरा, दिलशाद एक्स-2, साहिबाबाद, गाजियाबाद- 201005 ने अपना नाम Ashish Jethani से बदलकर Ashish Hukam Jethani कर लिया है। अब से मुझे भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए आशीष हुकम जेठानी के नाम से जाना जाएगा।
1253532

I, Priyanka W/O Vikas Rathor R/O 3232, Budh Wali Gali , Arya Pura, Subzi Mandi, Malka Ganj, Delhi - 110007 Hereby Declare That Priyanka And Priyanka Saini Is One And The Same Person.
1253531

I, Nitin Kumar S/o Pradeep Kumar Gupta R/o 1402, Ashoka Tower, Shipra Srishti, Indirapuram, Ghaziabad UP-201014, have changed my name to Nitin Kumar Gupta for all purposes.
1253550

I, Santosh Kumar S/o Chander Bhan Mishra R/o 1939 Nangala Enclave Part 2, Sec-22, Faridabad have changed my name to Santosh Kumar Mishra.
1253551

I, Sherestha Kumari W/o Yogesh Gupta R/o R-15, First Floor, Model Town-3, Delhi-110009 have changed my name to Shrestha Gupta for all purposes.
1253564

I, Viney Kumar S/o Sahib Dayal Dureja R/o H. No.26, Tagore Park, Delhi-9, has changed my name to Viney Kumar Dureja.
7000005

I, Deepak Kumar S/o Lakhan Lal R/o H.No.159, Dhirpur, Delhi-9, has changed my name to Deepak Kumar Sahu.
7000004

## सार्वजनिक सूचना

**PUBLIC NOTICE**

My Client Nasir Ahmed S/o Late Babu Khan and his wife Shahana both R/o 26/255, Block 26, Trilok Puri, Delhi-110091 have disowned/ debarred their Elder son namely Sahil and his wife Gulaksha and Younger son namely Sameer from all of their moveable and immoveable properties due to their wayward, insolent and incorrigible ways. My client and his family shall not be responsible for their acts and deeds and any body dealing with them will do so at his own risk and responsibility.
Sd/-RAHUL BHAGAT, ADVOCATE, Chamber : 193, 1st Floor, Western Wing, Tis Hazari Courts, Delhi-54

**PUBLIC NOTICE**

Public is hereby informed that My clients Sh. Krishan Kant Bhatia S/o Sh. Kanwar Bhan Bhatia, R/o 40, Bharat Apartments, Sector-13, Rohini, North West, Delhi-110085 has disowned and served all the relation from his wife namely Manisha Bhatia, son namely Vaibhav Bhatia and daughter namely Ushanita Bhatia R/o 40, Bharat Apartments, Sector-13, Rohini, North West, Delhi-110085 from his all movable and immovable properties due to their bad behavior and cruel attitude towards my clients and his family members. My clients shall not be responsible for any acts, deeds and things that may be done by them.
Sd/-TARUN ARORA) Advocate, CHAMBER NO.14, CIVIL SUPPLY BUILDING, TIS HAZARI COURTS DELHI-110054.

**PUBLIC NOTICE**

Be it known to all concerned that my clients Mr. Chander Bhan S/o Krishan Lal & Mrs. Savitri Devi W/o Chander Bhan, both R/o House No. 464, Sindhi Colony, Gali No. 4, H Block, Swaroop Nagar, Delhi-110042 has ended/severed all concerns and relations with his son namely Sandeep Kumar R/o Block MU-11A, LIG Flats, Ground Floor, Pitam Pura, Delhi-110088 and his wife Sangeeta who are residing separately since their marriage. My client hereby disowned/ debarred/ousted them from all her movable and immovable properties and my clients shall not be responsible for any acts, deeds and omissions of the aforesaid persons in any manner in future and if, anybody deals with them, he/she/they may do so at their own costs, risks and consequences.
Sd/-ASLAM SHAH Advocate, Enrl. No. D/2463/2018, Ch. No. 711, Lawyer's Chamber Block Rohini Court Complex, Delhi-110085

## सार्वजनिक सूचना

**सार्वजनिक सूचना**

मेरे मुवक्किल जगजीत सिंह और उनकी पत्नी श्रीमती निर्मला देवी निवासी मकान नंबर ए-97/7 आनंद पुर धाम गांव कराला उत्तर-पश्चिम दिल्ली-110081 ने अपने बेटे प्रदीप कुमार और उसकी पत्नी कविता को मेरे मुवक्किलों के प्रति बुरा आचरण, व्यवहार तथा नियंत्रण से बाहर होने के कारण उन्हें अपनी समस्त चल, अचल संपत्तियों से बेदखल कर सभी संबंध समाप्त कर लिए हैं। यदि कोई उनके साथ संबंध रखता है तो वह उनके अपने जोखिम, लागत और परिणामों पर होगा, मेरे मुवक्किल उनके किसी भी कार्य अथवा लेन-देन के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। अमरदीप इंदोरा (एडवोकेट), चैंबर नं. 604 रोहिणी कोर्ट दिल्ली।

**PUBLIC NOTICE**

Notice to public in general that my clients Smt. Kamla W/o Late Sh. Om Parkash and Sh. Pawan Kumar S/o Late Sh. Om Parkash both R/o WZ-53, Keshopur Village, Vikas Puri, New Delhi have severed their relations from her son/brother namely Sh. Harish and his wife Neelam alongwith their children and debarred them from all their movable/immovable property/ies as they are not under control of my clients. If anybody deals with them which is at their own risk & responsibility. -Sd./-, (Amit Gaba), Advocate.

**आवश्यक सूचना**

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल विजय सिंह पुत्र श्री बाबू राम, उम्र 74 वर्ष (आधार 7447 4999 7885) और श्रीमती शीला रानी पत्नी विजय सिंह, उम्र 64 वर्ष (आधार 6648 6931 6665), दोनों निवासी सी-1/28, बुद्ध विहार, फेज-1, उत्तर-पश्चिम दिल्ली-110086, ने अपने बेटे प्रशांत सिंह उम्र 35 वर्ष (आधार 4203 1370 1750) और उसकी पत्नी पूनम उम्र 30 वर्ष (आधार 8340 0344 2510) और उनके बच्चों (मास्टर हर्षित और बेबी अन्वी) द्वारा लगातार किये जा रहे गलत व्यवहार और आचरण के कारण उनसे अपने सभी संबंध तोड़ दिए हैं, और अपनी सभी चल और अचल सम्पत्तियों से उन्हें बेदखल कर दिया है। यदि कोई भी व्यक्ति उनके साथ किसी भी प्रकार का लेनदेन करेगा तो वह अपने जोखिम और परिणाम पर करेगा और मेरे मुवक्किल उनके किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
हस्ता. सुनील शर्मा (अधि.) इनरोल नं. P-322/1999

**DISOWNMENT / BEDAKHAL**

The general Public is hereby informed that my clients namely Sh. TULSI RAM S/O RAM KRISHAN and his wife namely SANTRA DEVI W/o Sh. TULSI RAM R/o H.no. C-25, C-Block, Part-1, Roshan Vihar, Najafgarh, Delhi -110043 have served all their relations With their Son Namely Kuldeep Singh S/o Tulsi Ram his wife namely JYOTI W/O KULDEEP SINGH and D/o MAINPAL due to their bad habits and their different temperaments with my clients and they did not talk properly with my clients and daughter in law namely Jyoti w/o Kuldeep Singh of my clients always misbehaved and abused with my clients and she gave always threat to my clients to involved in false cases.
Hence, both of my clients have also disowned and debarred his above mentioned son and daughter in law and the children of Kuldeep Singh And Jyoti from all there moveable and immovable properties. Anybody dealing with Kuldeep Singh And Jyoti will do so at his/her/their own risk and responsibilities and my clients will not be responsible for any act/ deed or dealing done by Kuldeep Singh And Jyoti.
Sunil Umraniya (Advocate)
Enrl. P/1185/2014
Ch.No.171 D.B.A. Jhajjar (Haryana) Mb. 8930156956

## कोर्ट नोटिस

**COURT NOTICE**
**(U/O 5 Rule 20 CPC)**
IN THE COURT OF Sh. Sagar Sharma Civil Judge (Junior Division), Nuh
PADAM SINGH SON OF RANVEER SINGH
Vs.
SANDEEP SHARMA SON OF JAI KISHAN SHARMA
CNR No. HRNU02-000619-2024
Next Date: 19.07.2024
PUBLICATION ISSUED TO
SANDEEP SHARMA SON OF JAI KISHAN SHARMA R/O Plot No.85 Khasra No.786 Inam Bihar Conidehat Hhojiabad UP-201102
And
Nandan S/o Bhoji S/o Kalli R/O B-15, Gali No.11, Mukund Karwal Nagar, North East Delhi 110094 Also At C/O Bhoji B25/2, Gali No.11, Mukund Vihar, Karwal Nagar, North East Delhi-110094 Mobile No.7827714496

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served, It is ordered that defendant(s)/ respondent(s) should appear in person or through counsel on 19.07.2024 at 10:00 a.m.
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district Notice & district=Mewat
Sd./-
Civil Judge (Junior Division)
Seal Nuh
Dated this day of 03.06.2021

## पाठकों को परामर्श

पाठकों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापनों के सम्बन्ध में कोई कार्रवाई करने से पहले तथ्यों की समुचित जांच स्वयं ही अवश्य कर लें, क्योंकि 'पंजाब केसरी' विज्ञापनदाताओं द्वारा किए गए किसी भी दावे की सच्चाई का न तो कोई आश्वासन देता है और न ही समर्थन करता है। इसलिए पाठकों को स्वयं ही अपने आधार पर सभी तथ्यों की जांच करनी चाहिए। किसी भी प्रकार के लेन-देन के लिए यह समाचार पत्र उत्तरदायी नहीं होगा।

# सेंसेक्स, निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई,** (पंजाब केसरी): खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी का माहौल रहा और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए।

कारोबारियों ने कहा कि पूंजीगत उत्पाद, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और औद्योगिक शेयरों में भारी खरीदारी ने भी सूचकांकों को आगे बढ़ाने में मदद की। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल का निचला स्तर है। खाद्य वस्तुओं की कीमतों में मामूली गिरावट के कारण खुदरा मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक के चार प्रतिशत (दो प्रतिशत ऊपर या नीचे) के संतोषजनक दायरे के नीचे बनी हुई है। दिन में कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 538.89 अंक यानी 0.70 प्रतिशत उछलकर



● सेंसेक्स 76,810.90 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ

77,145.46 अंक के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। बाद में यह 204.33 अंक की बढ़त के साथ 76,810.90 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 75.95 अंक की बढ़त के साथ 23,398.90 अंक पर बंद हुआ। यह इसका नया सर्वकालिक उच्च स्तर है।

# आकाश के छात्र-छात्राओं ने रचा इतिहास



इरम काजी



कीर्ति शर्मा

कुमार पांडा



मृदुल मान्या

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): टेस्ट प्रिपेरेशन सर्विसेज में राष्ट्रीय स्तर पर अग्रणी संस्थान आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड के होनहार 21 छात्रों ने नीट यूजी परीक्षा 2024 में 720@720 अंक प्राप्त करके एयर 01 रैंक हासिल करते हुए इतिहास रचा है। इन 21 छात्रों में से 14 क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र हैं और सात छात्र डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम से हैं। ये परिणाम आज राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी द्वारा घोषित किए गए। यह टेस्ट प्रिपेरेशन के क्षेत्र में एक अद्वितीय उपलब्धि है।

AIR 01 हासिल करने वाले आकाशियंस - मृदुल मान्या आनंद (दिल्ली), आयुष नौगरैया (झांसी), अक्षत पनगरिया (हल्द्वानी), आदित्य (चेन्नई), अर्घ्यदीप दत्ता (कोलकाता), सक्षम अग्रवाल (सिलीगुड़ी), सुजॉय दत्ता (दिल्ली), आर्यन यादव (लखनऊ), मानव प्रियदर्शी (रांची), पलांशा अग्रवाल (मुंबई-नेरुल), ध्रुव गर्ग, समित कुमार सैनी और इरम क़ाज़ी (जयपुर) और कृति शर्मा (सूरत) और कई अन्य छात्र हैं।

आकाश के डीएलपी प्रोग्राम में नामांकित छात्रों कृष्णमूर्ति पंकज शिवाल और गुणमय गर्ग सहित कई अन्य छात्रों ने भी AIR 01 हासिल किया है।

# वनाग्नि से चार वन कर्मियों की झुलसकर मृत्यु

**देहरादून,** (भाषा) : उत्तराखंड के अल्मोड़ा जिले में सिविल सोयम वन प्रभाग के तहत बिनसर वन्यजीव विहार में आग की चपेट में आने से चार वनकर्मियों की मृत्यु हो गयी और चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए।

सिविल सोयम के वन प्रभागीय अधिकारी ध्रुव सिंह मर्तोलिया ने बताया कि यह हादसा दोपहर बाद करीब पौने चार बजे हुआ जब वन्यजीव विहार में आग लगने की सूचना पर आठ वनकर्मियों का दल उसे बुझाने के लिए मौके पर पहुंचा। उन्होंने बताया कि यह दल जैसे ही वाहन से नीचे उतरा, तेज हवा के साथ बढ़ी आग की लपटों ने उन्हें भी अपनी चपेट में ले लिया जिससे चार वनकर्मियों की मौके पर ही मौत हो गयी ।

मर्तोलिया ने बताया कि इस हादसे में जान गंवाने वालों में बिन्सर रेंज के वन 'बीट' अधिकारी त्रिलोक सिंह मेहता, 'फायर वाचर' करन आर्य, प्रांतीय रक्षक दल का जवान पूरन सिंह तथा दैनिक श्रमिक दीवान राम शामिल हैं।

# 9 करोड़ की ठगी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): थाना साइबर क्राइम पुलिस द्वारा वॉट्सऐप ग्रुप में ऐड करके शेयर ट्रेडिंग में मुनाफे के नाम पर लगभग 9 करोड़ रुपयों की ठगी करने वाले गैंग के दो साइबर अपराधी गिरफ्तार किए है। इनकी पहचान अकरम उर्फ सैम ये खाता प्रयोगकर्ता और दूसरा सुशील कुमार खाता धारक को रेलवे पुल के नीचे, सूरजपुर-कसना रोड ग्रेटर नोएडा से गिरफ्तार किया गया। ये लोग 26 से ज्यादा लोगों से फ्रॉड कर चुके है। दरअसल 31 मई को सेक्टर-40 निवासी द्वारा स्वयं के साथ साइबर ठगी होने के संबंध में थाना साइबर क्राइम में मुकदमा दर्ज कराया था।

## अर्थजगत

# चने, तेलों, चीनी में तेजी, गेहूं में वृद्धि

**नई दिल्ली,** (एनएनएस): स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने से चना खड़ी मोटर राजस्थान, एमपी, चना दाल लोकल तथा बढ़िया में 75-100 रुपए प्रति क्विंटल तेजी आई। अरहर रंगून तथा देशी महाराष्ट्र में 35-100 रुपए तथा उड़द रंगून में 35-100 रुपए प्रति क्विंटल का सुधार हुआ। गेहूं दड़ा मिल पहुंच तथा चक्की पहुंच में 15-20 रुपए प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई। तिलहन बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने सरसों एक्सपैलर, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी, तथा सोा तेल डिगम्ड में 100-100 रुपए, सरसों में 50 रुपए तथा बिनौला मिल डिलीवरी में 40 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई। चीनी बाजार में, स्टॉकिस्टों की लिवाली बढ़ने से विभिन्न मिलों की चीनी में 15-30 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी आई।

**अनाज-दाल :** गेहूं एमपी देशी 3650/3850, दड़ा (मिल पहुंच) 2640/ 2645, चक्की (पहुंच) 2650/2655, आटा चक्की (10 किलो) (जीएसटी सहित) 295/300, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1420/1430, मैदा (50 किलो) 1450/1470, सूजी (50 किलो) 1460/1480, चोकर (48 किलो) 1170/1180, चावल: बासमती लालकिला 14400, स्वाद 10400, शरबती सेला 4700/4800, स्टीम 5200/5500, (1121 नं.) चावल सेला 7600/7800, स्टीम 8600/8800, सोर्टेक्स 8900/ 9000, (1509 नं.) चावल सेला 6500/6600, स्टीम 7600/7800, बासमती (1718) सेला 7500/7600, मक्की: यूपी 2225/2230, बिहार 2300/2350, जौ : 2175/ 2200, उड़द कच्चा: देशी 9700/10000, दाल उड़द: छिलका (लोकल) 11000/11500, बढ़िया 11800/12400, दाल मूंग: छिलका 9500/9800, बढ़िया 10300/11600, मूंग धोया: लोकल 9000/9200, बढ़िया 10000/10800, दाल मसूर: लोकल 8100/8200, बढ़िया 8300/8500, मलका: लोकल 7700/7900, बढ़िया 8000/8200, दाल अरहर: दड़ा 15500/16000, पटका 16300/16800, चना (खड़ी मोटर) राजस्थान 7225/7250, एमपी 7175/7200, चनादाल: लोकल 8200/8300, बढ़िया 8400/8500, बेसन (35 किलो) (जीएसटी अतिरिक्त): एग्रोप्योर 3280, राजमा चित्रा: चीन 11200/12900, ब्राजील 12400/13000, पुणे 10400/13700, राजमा भूटान 10300/10600, काबली चना: छोटा 7500/8000

## कल क्या होगा?



**शनिवार** ज्येष्ठ सुदी नवमी को मक्की, बाजरा, जौ, मूंग, उड़द, तुवर, देशी चना, मसूर, सरसों, बिनौला व इसके तेल, ग्वार, ग्वार गम, अमचूर, चीनी, मोठ, कलौंजी, लौंग, इमली, हल्दी, मैंथा ऑयल, कालीमिर्च, मखाना, मगज तरबूज, गुड़, पारा, निकिल, सोयाबीन, टिटेनियम डाइ ऑक्साइड, सोडा एश में लाभ तथा गेहूं, जई, तिल, बारीक चावल, राजमा चित्रा, काबुली चना, मटर, मलका, राई, पोस्तदाना, किशमिश, जीरा, जावित्री, जायफल, अरंडी तेल, सिट्रिक एसिड, मोम, सीसा, टिन, कॉपर, पीतल में हानि हो सकती है। भाग्यांक 3-6-8-9 है। यात्रा विचार- पश्चिम दिशा की ओर 10.41 बजे पूर्वाहन के बाद यात्रा शुभ होगी।

**चीनी मिल डिलीवरी :** अफजलगढ़ 3875, सिंभावली 3920, शामली 3865, मोदी 3865, देवबंद 3930, किनौनी 3930, बुढ़ाना 3860, खतौली &, मवाना 3860

**गुड़-शक्कर :** गुड़ पेड़ी 4400/4500, चाकू 4500/4600, ढैया 4500/4600, शक्कर 4800/4900, खांडसारी 5200/5300

**तिलहन और तेल :** सरसों 5850/5900, खली एक्सपेलर: सरसों 2850/3050, बिनौला 3300/3500, डिऑयल्ड एक्सटेरक्शन (टन): राइसब्रान कंटीन्यूस 15900/16000, सरसों 26000/26300, सोयाबीन पीला 43000/43500, सूरजमुखी 25500/25700, मूंगफली (40-45 प्रश.) 44000/44500, राईसब्रान (प्रति यूनिट) 149/150, खाद्य तेल (जीएसटी अतिरिक्त): मूंगफली साल्वेंट रिफाइंड (टीन) 2700/2800, सरसों तेल (टीन) 1800/2000, सरसों एक्सपेलर 11600, तिल तेल 14800, सोयाबीन रिफाइंड मिल डिलीवरी 10400, सोया तेल डिगम्ड 9450, (टीन) 1600/1700, सनफ्लावर 1650/1700, गोला तेल (टीन) 2650/2750

**लोहा व इस्पात :** सरिया: कामधेनु: (8 एमएम) 70400, (10 एमएम) 69300, (12 एमएम) 66900, (16-25 एमएम) 68100, कामधेनु पीएएस-10000 (पीस): (8 एमएम) 386, (10) 592, (12) 836, (16) 1488, ( 20 एमएम) 2327, (25 एमएम ) 3632, अम्बा शक्ति - 500 एसडी: (8 एमएम) 70200, (10 एमएम)68500, (12 एमएम) 67600, (16-25 एमएम) 67300, (32 एमएम) 66700, अम्बा शक्ति-ट्राईकोर (8 एमएम) 70000, (10) 68000, (12) 67500, (16-25) 67500, (32) 67500, केवीएस टीएमटी बार (8 एमएम) 70300, (10) 68600, (12) 67600, (16-25) 66700, (28-32) 66800, बिरला (8 एमएम) 69800, (10 एमएम) 66800, (12 एमएम) 67200, (16-25 एमएम) 66800, टीएमटी: जयभारत: (8 एमएम) 69800, (10 एमएम) 68700, (12 एमएम) 67300, (16-25 एमएम) 67000, अनमोल-500 एसडी: (8 एमएम) 69200, (10 एमएम) 68700, (12 एमएम) 67400, (16-25 एमएम)67500, चैनल: राना (जीएसटीअतिरिक्त) 56000, एमएस (केवीएस) (75&40) (100&50) 58200, जयभारत 55000, अनमोल 55000, बिरला 57300, गार्डर (ज्वाइस्ट): जयभारत 56000, अनमोल 56000, टी-आयरन: राना 56000, (बिलट): (ढाई से तीन इंच) 46400, (साढ़े तीन इंच) 47400, (चार इंच) 47800, (पांच इंच) 47700, (छ: इंच) 47700, स्क्रैप: पुरानी 40500, मैल्टिंग स्क्रैप 42500, इंगट 47000, राउंड 52500.

**अलौह धातु :** एंटीमनी: चीन &, कैडमियम: रॉड &, मैक्सिको &, प्लेट &, लैड (सीसा): बैट्री सफेद &, बैट्री काला 102, देशी मुलायम 189/207, देशी सख्त (एक-डेढ़ प्रतिशत) 189/207, चार प्रतिशत 194/211, पी.पी.&, गन मैटल स्क्रैप: लोकल &, मिक्स &, जालंधर &, स्टील बर्तन &, ब्रास (पीतल): हनी 567, रेडिएटर देशी 386, रेडिएटर विदेशी 386, चादरी देशी 539, पुर्जे स्क्रैप 525, टिन (रांग): इंगट मलेशिया &, इंडोनेशिया 2800, जिंक (जस्ता): इंगट (पटरा) एचजेडएल 268, एजेड 272, आईजेड 265, आईजे 267,पीएमआई 231, ड्रास (ढीमा) 210, निकिल कैथोड: रसियन- (4&4) 1520, (8&8) 1525, (4&24) 1530, नार्वे (4&4) 1540, (4&24) 1545, कॉपर (तांबा): आरमेचर प्लांट 792, भटठी 794, सीसी 870, एल्यूमीनियम: सीजी इंगट 238, शीट कटिंग 218, वायर स्क्रैप 222, बर्तनफूट 186, पुर्जाफूट 184, रॉड: लोकल 242, कम्पनी 258

# पुलिस ने ईद को लेकर धर्मगुरुओं के साथ की बैठक

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): पुलिस कमिश्नर गौतमबुद्धनगर लक्ष्मी सिंह एवं जिलाधिकारी मनीष वर्मा द्वारा आगामी त्यौहार ईद उल-अजहा (बकरीद) को लेकर शांति व्यवस्था व आपसी सौहार्द बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस आयुक्त कार्यालय सेक्टर-108 के ऑडिटोरियम में धर्मगुरुओं व संभ्रांत नागरिकों के साथ पीस कमेटी की मीटिंग की गई।

मीटिंग में पुलिस कमिश्नर द्वारा सभी धर्म गुरुओं/संभ्रांत नागरिकों के साथ संवाद करते हुए आगामी त्यौहार को शांति पूर्वक ढंग से मनाने, किसी भी व्यक्ति की धार्मिक भावनाओं को ठेस न पहुंचाने व आपसी सौहार्द

● अफवाह या कुर्बानी से संबंधित वीडियो बनाकर गलत तरीके से पोस्ट न किया जाये

बनाये रखने हेतु बताया गया। सभी उपस्थित लोगों को बताया गया कि अपने आस-पास के लोगों को जागरूक करें कि सोशल मीडिया पर किसी भी प्रकार की अफवाह या कुर्बानी से संबंधित वीडियो बनाकर गलत तरीके से पोस्ट न किया जाये। इसके साथ ही उन्हें अवगत कराएं कि ऐसा करने वालों को चिन्हित करते हुए प्रशासन एवं पुलिस द्वारा वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

# ईडी ने यमुना प्राधिकरण से मांगी वीवो कंपनी की रिपोर्ट

**नोएडा,** (पंजाब केसरी): मोबाइल का उत्पादन करने वाली वीवो कंपनी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शिकंजा कसना शुरू कर दिया है। प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (धन शोधन) के तहत चल रही जांच में ईडी ने यमुना प्राधिकरण (यीडा) से वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड कंपनी की कई बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी है। ईडी के सहायक निदेशक अमित कुमार ने यीडा के सीईओ डॉ. अरुणवीर सिंह को पत्र लिखकर वीवो की संपत्तियों की बिना अनुमति किसी भी तरह से बिक्री या हटाने पर रोक लगाने की बात कही है।

इस मामले में जल्द से जल्द रिपोर्ट मांगी गई है। यीडा के सेक्टर-24 में स्थापित वीवो कंपनी पर वर्ष 2023 में जीएसटी का पैसा चीन पहुंचाने का आरोप है। इस मामले में ईडी वीवो मोबाइल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रैंड प्रॉस्पेक्ट इंटरनेशनल कम्युनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड और एक अन्य के खिलाफ प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत जांच कर रही है।

# इलेक्ट्रिक चेतक ने अपने पोर्टफोलियो का विस्तार किया



**पुणे,** (पंजाब केसरी): दुनिया की सबसे मूल्यवान 2-व्हीलर और 3-व्हीलर कंपनी, बजाज ऑटो लिमिटेड ने किफायती चेतक 2901 की शुरुआत के साथ अपने लोकप्रिय इलेक्ट्रिक स्कूटर पोर्टफोलियो के विस्तार की घोषणा की। चेतक के पास विशिष्ट फायदे हैं जैसे कि मजबूत मेटल बॉडी और उन्नत तकनीकी सुविधाओं ने इलेक्ट्रिक स्कूटर बाजार में खुद को मजबूती से स्थापित कर लिया है।

बजाज ऑटो अब अपने इलेक्ट्रिक चेतक स्कूटरों की रेंज तक पहुंच का लोकतंत्रीकरण कर रहा है, जिससे यह आईसीई वाहन और इलेक्ट्रिक वाहन सवारों दोनों के लिए एक आकर्षक पेशकश बन गई है। इसका उद्देश्य उन उपभोक्ताओं को आकर्षित करना है जो बिना पैसे खर्च किए एक सुंदर, टिकाऊ और सुविधा संपन्न स्कूटर को महत्व देते हैं। नया चेतक 2901 123 किलोमीटर (एआरएआई-प्रमाणित) की उल्लेखनीय रेंज वाला एक किफायती इलेक्ट्रिक स्कूटर है जो रोजमर्रा के आवागमन के लिए बिल्कुल उपयुक्त है।

# अमिता देवनानी का नया पॉडकास्ट एपिसोड



**मुम्बई,** (पंजाब केसरी): अमिता देवनानी एक नए पॉडकास्ट एपिसोड प्रस्तुत करती हैं, जो पूर्णतावाद के कारण होने वाले तनाव के विषय पर केंद्रित है। इस एपिसोड में विशेष अतिथि श्रीमती अंबिका वारियर, एक पुनर्वास मनोवैज्ञानिक के साथ बातचीत में शामिल है। अमिता देवनानी एक प्रसिद्ध परामर्श मनोवैज्ञानिक और जीवन प्रशिक्षक हैं, जो मानसिक स्वास्थ्य के प्रति अपने सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण के लिए जानी जाती हैं। श्रीमती अंबिका वारियर मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक प्रसिद्ध वकील हैं, जिनके पास कल्याण और मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने का व्यापक अनुभव है। "डीलिंग विद परफेक्शनिज्म" नामक एपिसोड, परफेक्शनिज्म के मनोवैज्ञानिक प्रभावों पर प्रकाश डालता है और इस मानसिकता के हानिकारक प्रभावों पर काबू पाने के लिए व्यावहारिक सलाह प्रदान करता है।

# इंडिया स्टोनमार्ट का रीको, सीडॉस एवं लघु उद्योग भारती के बीच होगा एमओयू

**जयपुर,** (पंजाब केसरी): इंडिया स्टोनमार्ट 2026 के 13वें संस्करण के आयोजन के लिए राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में शुक्रवार को कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री, राजस्थान सरकार की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में रीको, सेंटर फॉर डवलपमेंट ऑफ स्टोन्स (सीडॉस) एवं लघु उद्योग भारती के बीच त्रिपक्षीय समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए जाएंगे। एमओयू का उद्देश्य इंडिया स्टोनमार्ट के माध्यम से पत्थर उद्योग के विकास और विस्तार में सहयोग प्रदान करना है। इस अवसर पर सीडॉस एवं लघु उद्योग भारती के बीच ग्लोबल स्टोन टेक्नोलॉजी फोरम- अंतर्राष्ट्रीय पत्थर उद्योग कॉन्फ्रेंस के 10वें संस्करण के आयोजन हेतु भी समझौता पत्र पर हस्ताक्षर किए जाएंगे।

Govt. of Bihar

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, मुंगेर**
**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक –296 दिनांक 15.03.2024 द्वारा निर्गत ई0 निविदा आमंत्रण सूचना सं0 –34 / वर्ष 2023–24 के क्रमांक – 01 से क्रमांक – 07 तक के कार्यो के लिए निविदा आमंत्रित की गई है, जिसका पी0आर0 नं0–020055 BCD 2023–24 है, जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 16.03.2024 को हो चुका है, एवं शुद्धि पत्र जिसका प्रकाशन दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 01.05.2024 को हो चुका है एवं जिसका पी0आर0 नं0–000397 BCD 2024–25 है, जिसे अपरिहार्य कारणवश पुनः अवधि विस्तारित एवं निम्नवत् संशोधित किया जाता है एवं इस निविदा के ग्रुप सं0–03 से ग्रुप सं0–07 तक को अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

| क0 | विवरण | पूर्व में कार्य का नाम | वर्त्तमान में कार्य का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रुप सं0–1 | पूर्व में मुंगेर नौवागढ़ी दक्षिणी पंचायत, कटरिया एवं मय पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य (विधुतिकरण कार्य सहित तीन अद्द) | मुंगेर में कटरिया पंचायत एवं मय पंचायत में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कार्य (विधुतिकरण कार्य सहित दो अद्द) |

| क0 | विवरण | पूर्व में निर्धारित तिथि | पूर्व में संशोधित तिथि | पूर्व में संशोधित तिथि | वर्त्तमान में संशोधित तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | परिमाण विपत्र बिक्री (डाउनलोड) की तिथि एवं समय | 15.04.2024 से 15.05.2024 तक 15:00 बजे अपराह्न तक | 10.05.2024 से 30.05.2024 तक 15:00 बजे अपराह्न | 03.06.2024 से 24.06.2024 तक 15:00 बजे अपराह्न | 14.06.2024 से 06.07.2024 तक 15:00 बजे अपराह्न |
| 2 | निविदा प्राप्ति (अपलोड करने) की अंतिम तिथि एवं समय | 16.05.2024 को 15:00 बजे तक | 31.05.2024 को 15:00 बजे तक | 26.06.2024 को 15:00 बजे तक | 08.07.2024 को 15:00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने (तकनीकी बीड) की तिथि एवं समय | 20.05.2024 को 15:30 बजे | 03.06.2024 को 15:30 बजे | 27.06.2024 को 15:30 बजे | 09.07.2024 को 15:30 बजे |
| 4 | निविदा खोलने (वित्तीय बीड) की तिथि एवं समय | तकनीकी बीड निष्पादन के बाद | तकनीकी बीड निष्पादन के बाद | तकनीकी बीड निष्पादन के बाद | तकनीकी बीड निष्पादन के बाद |
| 5 | प्री बीड मिटिंग की तिथि एवं समय | दिनांक 24.04.2024 को 15:00 बजे कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय में एवं 29.04.2024 को अधीक्षण अभियंता भवन अंचल, मुंगेर के कार्यालय में | दिनांक 20.05.2024 को 15:30 बजे कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय में एवं 24.05.2024 को अधीक्षण अभियंता भवन अंचल, मुंगेर के कार्यालय में | दिनांक 10.06.2024 को 15:30 बजे कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय में एवं 12.06.2024 को अधीक्षण अभियंता भवन अंचल, मुंगेर के कार्यालय में | दिनांक 20.06.2024 को 15:30 बजे कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, मुंगेर के कार्यालय में एवं 27.06.2024 को अधीक्षण अभियंता भवन अंचल, मुंगेर के कार्यालय में |

उक्त सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

PR. No. 001818 (BCD) 2024-25

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल, मुंगेर

ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किञ्च जगत्यां जगत्

भगवान इस जग के कण-कण में विद्यमान हैं।




# पीओके : सच का आइना (2)

**जिन्ना** और लियाकत अली ने फैसला किया कि 'आपरेशन कश्मीर' नामक एक ऐसा अभियान शुरू किया जाए जिसके तहत पहले महाराजा हरि सिंह से 'यथास्थिति समझौते' की समाप्ति का ऐलान हो तथा साथ ही हमला भी कर दिया जाए। पहले तो आपरेशन बड़ा गुपचुप रहा और अन्दर ही अन्दर तैयारी चलती रही, परन्तु बाद में कराची से प्रकाशित होने वाले अखबार 'डान' ने सबसे पहले पाकिस्तान के मेजर खुर्शीद अनवर (सेवानिवृत्त) का एक इंटरव्यू छापा जिसमें यह दावा किया गया था कि जल्द ही कश्मीर पाकिस्तान का एक हिस्सा हो जाएगा। चारों तरफ हलचल मची हुई थी। कबायलियों के भेष में पाकिस्तान ने आक्रमण कर दिया। मुजफ्फराबाद, भिम्बर, अलीबेग, नौशेरा, बारामूल, सब तरफ तांडव मच गया। ये लोग जेहाद कर रहे थे। यह पाकिस्तान का जेहाद था। ये पाकिस्तान बनने की खुशी मना रहे थे। ये जिन्ना के लाडले सैनिक थे। ये लियाकत अली के लख्ते जिगर थे। इन्हें इस बात का अहसास हो गया था कि हिन्द की फौज से जरूर टक्कर होगी, अत: उससे पहले जश्न मना लिया जाए।

10 साल से लेकर 60 वर्ष तक उम्र की किसी औरत तक को इन वहशियों ने नहीं छोड़ा। यहां तक कि अस्पतालों में इलाज करवा रही औरतें भी महफूज न रहीं। 95 हजार हिन्दू कश्मीर घाटी में कत्ल कर दिए गए। महाराजा ने भारत से विलय का निर्णय ले लिया। उधर विलय हुआ, इधर 27 अक्तूबर को भारत की सेना श्रीनगर पहुंच गई। पाकिस्तानी फौज मुजफ्फराबाद से श्रीनगर की ओर बढ़ रही थी। श्रीनगर में ब्रिगेडियर राजेन्द्र सिंह फौज की कमान में थे। उन्होंने श्रीनगर से 115 किलोमीटर की दूरी पर द्रोमेल नामक स्थान पर मुकाबला करने का निर्णय लिया। कुछ ऐसी स्थिति बनी कि ब्रिगेडियर सिंह को पीछे हटने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने उड़ी में दुश्मन से लोहा लिया और बड़ी संख्या में पाकिस्तानी हताहत हुए, पर निर्णायक युद्ध 'शाल्टंग' में हुआ। ऐसी सुदृढ़ व्यूह रचना की कि एक बार जो पाकिस्तानी सैनिक आगे आए, फिर वापस नहीं गए। शाल्टंग पाकिस्तानियों का कब्रिस्तान बन गया।

> मुजफ्फराबाद, भिम्बर, अलीबेग, नौशेरा, बारामूल, सब तरफ तांडव मच गया। ये लोग जेहाद कर रहे थे। यह पाकिस्तान का जेहाद था। ये पाकिस्तान बनने की खुशी मना रहे थे। ये जिन्ना के लाडले सैनिक थे। ये लियाकत अली के लख्ते जिगर थे। इन्हें इस बात का अहसास हो गया था कि हिन्द की फौज से जरूर टक्कर होगी, अत: उससे पहले जश्न मना लिया जाए। 10 साल से लेकर 60 वर्ष तक उम्र की किसी औरत तक को इन वहशियों ने नहीं छोड़ा। यहां तक कि अस्पतालों में इलाज करवा रही औरतें भी महफूज न रहीं। 95 हजार हिन्दू कश्मीर घाटी में कत्ल कर दिए गए। महाराजा ने भारत से विलय का निर्णय ले लिया।

संक्षेप में यहां सिर्फ इतना ही कहना चाहूंगा कि 10 दिनों में अर्थात् 7 नवम्बर, 1947 तक सारी कश्मीर घाटी को भारत की सेना ने आतंकवादियों से, जो कबायलियों के भेष में आक्रमण कर रहे थे, मुक्त करा लिया। इसके बाद शेष क्षेत्रों की मुक्ति का अभियान छेड़ा जाना था। शेष क्षेत्रों पर आक्रमण क्यों नहीं किया जा सका, इसमें शेख अब्दुल्ला की क्या भूमिका थी। उनकी कुटिलता किस कदर विद्रूप हो गई, नेहरू जी ने क्या भूमिका अदा की। ब्रिगेडियर परांजपे वहां क्यों मजबूर हो गए, एजैंट जनरल न्यायमूर्ति कुंवर दलीप सिंह ने वहां जाकर क्या देखा? इन सब विषयों पर मैं पहले भी लिख चुका हूं। अत: अच्छा यही होगा कि उन विषयों को छोड़कर आगे बढ़ें और उस मुकाम पर आएं जब आक्रमण के बदले सारा मामला ही संयुक्त राष्ट्र पहुंच गया। यह राष्ट्र की बहुत बड़ी त्रासदी थी। यह ऐसी भूल थी जो जानबूझ कर की गई। यह ऐसी भूल थी जो अक्षम्य है। भारत के लोग मूलत: बड़े भावुक हैं। जिससे प्यार करते हैं, उससे किसी न किसी तरह का रिश्ता जोड़ना चाहते हैं। किसी को पिता बना लेंगे, किसी को चाचा बना लेंगे, किसी को ताऊ बना लेंगे, किसी को भाई बना लेंगे। रिश्तों की बड़ी मर्यादा होती है और राजनीति में अक्सर ऐसी मर्यादा रह नहीं पाती।

पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर यानी 'पी.ओ.के.' की बात कायदे आजम से ही शुरू की जाए। आज आप पी.ओ.के. हो आएं, आपको खुद पता चल जाएगा, कायदे आजम की उनकी नजर में क्या इज्जत है? आज पाक अधिकृत कश्मीर का आम नागरिक आपको वहां चीखता-चिल्लाता मिलेगा-''कौन है जिन्ना? कहां है जिन्ना? उसी नामुराद ने सारा खेल बिगाड़ दिया। सारी उम्र 'टू-नेशंस थ्यूरी' कह के चीखता रहा। बार-बार हमें वरगलाता रहा। हम अलग, हमारा आइना अलग, हमारी सोच अलग, हमारा अदब अलग, हमारी जुबान अलग, महारे रहनुमा अलग, हमें अलग मुल्क चाहिए। क्या मिल गया उसे इस मुल्क में ? वह खुद आखिरी वक्त तक इसी डर से गुजारता रहा कि लोग गोलियां न चला दें।

(क्रमश:)

**आदित्य नारायण चोपड़ा**
Adityachopra@punjabkesari.com

## पानी की बूंद-बूंद बहुत बार...


गीता पाढा

जब-जब पानी की समस्या गहराती है,
तब कुछ क्षण के लिए बुद्धिजीवियों को पानी की कीमत समझ आती है,
पानी की बूंद-बूंद बहुत बार राजनीतिक मुद्दा बन जाती है,
पर वास्तव में ये दुनिया में जल संकट दर्शाती है !!

# शिक्षा और रोजगार देने में ट्रांसजेंडर को जाति से परे विशेष श्रेणी में रखें : अदालत

**चेन्नई,** (भाषा): मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि ट्रांसजेंडर को उनकी जाति से परे सिर्फ विशेष श्रेणी के तौर माना जाना चाहिए। अदालत ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश और रोजगार देने के लिहाज से ट्रांसजेंडर को महिला या पुरुष श्रेणी में न रखा जाए। न्यायमूर्ति वी. भवानी सुब्बारायन ने 12 जून को पारित आदेश में कहा कि 'प्रत्येक रोजगार और शैक्षिक अवसरों'' में सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे। सरकार सभी राज्य भर्ती एजेंसियों को निर्देश दे कि वे ट्रांसजेंडर को एक विशेष श्रेणी के रूप में निर्दिष्ट करें और उनके कट-ऑफ अंक के लिए अलग मानदंड निर्धारित करें।

- विशेष श्रेणियों के लिए उपलब्ध उम्र में छूट ट्रांसजेंडर को भी दी जाए, भले ही उनकी जाति कुछ भी हो

भविष्य में रोजगार के अवसरों और शिक्षण संस्थानों में अन्य विशेष श्रेणियों के लिए उपलब्ध उम्र में छूट ट्रांसजेंडर को भी दी जाए, भले ही उनकी जाति कुछ भी हो। न्यायाधीश ने स्पष्ट किया कि भविष्य में ट्रांसजेंडर को पुरुष या महिला श्रेणी में नहीं माना जाएगा।

अदालत ने ट्रांसजेंडर आर अनुश्री की याचिका को स्वीकार कर लिया। उन्हें 2017-18 के लिए संयुक्त सिविल सेवा परीक्षा में शामिल होने के अवसर से वंचित कर दिया गया था। न्यायाधीश ने कहा कि चूंकि याचिकाकर्ता ने योग्य कट-ऑफ अंक प्राप्त किए हैं, इसलिए तमिलनाडु लोक सेवा आयोग याचिकाकर्ता को सत्यापन के लिए दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति दे। न्यायाधीश ने कहा कि याचिकाकर्ता को अनुसूचित जाति की महिला श्रेणी में रखा गया था और तमिलनाडु लोक सेवा आयोग (टीएनपीएससी) ने उसे सत्यापन के लिए अपने दस्तावेज अपलोड करने की अनुमति नहीं दी थी।

# लोकसभा अध्यक्ष का सीधा चुनाव!



राकेश कपूर
संसद से सड़क तक
kapurakesh@gmail.com

**नई** 18वीं ससंद का सत्र 24 जून से शुरू होने जा रहा है। सत्र का उद्घाटन राष्ट्रपति के सम्बोधन से होगा इसके बाद नई संसद का पहला काम लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव करना होगा। संसदीय लोकतन्त्र में अध्यक्ष का पद सर्वाधिक महत्वपूर्ण होता है क्योंकि संसद की कार्यवाही का सारा दारोमदार अध्यक्ष पर ही निर्भर करता है। हमारे संविधान निर्माताओं ने जो व्यवस्था की है उसके अनुसार अध्य़क्ष पद दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर होना चाहिए और इस पर बैठने वाले व्यक्ति का रुतबा न्याय प्रेमी विक्रमादित्य जैसा होना चाहिए।

बेशक शुरू में सत्तारूढ़ पार्टी ही इस पद पर अपना प्रत्याशी निर्वाचित कराती थी क्योंकि तब लोकसभा में विपक्षी सांसद नाममात्र के ही होते थे मगर अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने वाले सांसद अपनी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे देते थे जिससे उन पर पक्षपात का आरोप कोई न लगा सके परन्तु बाद में यह परंपरा समाप्त सी होती चली गई।

अध्यक्ष के साथ उपाध्यक्ष का चुनाव भी कुछ समय बाद लोकसभा में कराया जाता है। इस पद के लिए चुनाव कराने की जिम्मेदारी अध्यक्ष की ही होती है परन्तु पिछली लोकसभा बिना उपाध्यक्ष के ही पूरी हो गई। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी नहीं चाहती थी कि इस पद पर विपक्ष का कोई सदस्य बैठे। भारत में 1967 के बाद से यह परंपरा कायम हुई कि अध्यक्ष पद सत्तारूढ़ दल के पास रहे और उपाध्यक्ष पद पर विपक्ष का सांसद बैठाया जाये जिससे संसद की कार्यवाही सुचारू रूप से चल सके परन्तु पिछली लोकसभा में इस परंपरा को तोड़ दिया गया और उपाध्यक्ष पद का चुनाव ही नहीं कराया गया।

इसे केवल संसद का दुर्भाग्य ही कहा जा सकता है क्योंकि पिछली लोकसभा में जो संसदीय नजीरें पेश करने की कोशिश की गईं उनसे लोकतन्त्र पर भारी आघात लगा। अध्यक्ष का पद पूरी तरह से अराजनैतिक तो होता ही है मगर सरकार का हिस्सा भी नहीं होता। हमारे संविधान निर्माता यह पुख्ता व्यवस्था करके गये कि लोकसभा अध्यक्ष की सत्ता पूर्णत: स्वतन्त्र रहे और उसकी सरकार पर निर्भरता लेशमात्र भी न रहे। इसके लिए भारत की संसद के प्रथम लोकसभा अध्यक्ष श्री जी.वी. मावलंकर ने बहुत गहन अध्ययन किया था और इस पद पर बैठने से पहले ही अध्यक्ष की स्वतन्त्र सत्ता के पूरे इन्तजाम बांध दिये थे। उनका पृथक सचिवालय स्थापित किया गया तथा संसद परिसर का पूरा इन्तजाम उनके हाथ में दिया गया परन्तु जब से भारत में गठबन्धन सराकरों का दौर चला है तब से अध्यक्ष पद को लेकर यह सर्वानुमति रही है कि यह पद मुख्य सत्ताधारी दल के सहयोगी दलों के पास जाना चाहिए जिससे संसद में पूरी तरह सन्तुलन बना रहे और उपाध्यक्ष पद पर विपक्ष के सांसद को विराजमान किया जाना चाहिए।

1977 में जब पहली बार कथित गैर कांग्रेसी मोरारजी सरकार गठित हुई थी तो अध्यक्ष पद संगठन कांग्रेस के नेता श्री संजीव रेड्डी को दिया गया था जो जनता पार्टी का प्रमुख घटक दल थी। इसके बाद 1989 में जनता दल की सरकार बनने पर संसोपा के श्री रबिराय



को यह पद दिया गया। 1996 में केन्द्र में संयुक्त मोर्चा की सरकार बनने पर यह पद राष्ट्रवादी कांग्रेस के नेता स्व. पूर्णो संगमा को दिया गया। जब 1998 में एनडीए की वाजपेयी सरकार बनी तो इस पद पर सहयोगी दल तेलगू देशम के स्व. जी.एम. बालयोगी को बैठाया गया। बाद में 2004 में जब डा. मनमोहन सिंह की यूपीए सरकार बनी तो इस सरकार को बाहर से समर्थन देने वाली पार्टी मार्क्सवादी पार्टी के नेता श्री सोमनाथ चटर्जी को इस पद पर बैठाया गया परन्तु 2009 में पुन: डा. मनमोहन सिंह के प्रधानमन्त्री बनने पर कांग्रेस ने सभी सहयोगी दल की राय लेकर अपनी सांसद मीरा कुमार को इस पद पर बैठाया परन्तु उपाध्यक्ष पद विपक्ष के अकाली दल के सांसद को दिया।

2014 में उपाध्यक्ष पद भाजपा ने अपने सहयोगी दल अन्नाद्रमुक के श्री थम्बी दुरै को दिया जबकि अध्यक्ष पद पर अपनी सांसद श्रीमती सुमित्रा महाजन को बैठाया। मगर 2019 में अध्यक्ष पद पर भाजपा ने अपने प्रत्याशी ओम बिड़ला को बैठा कर उपाध्यक्ष पद को खाली ही बनाये रखा। अब नई 18वीं लोकसभा में विपक्ष बहुत मजबूती के साथ उभरा है। इंडिया गठबन्धन के कुछ 234 सांसद हैं और भाजपा के 240 तथा उसके सहयोगी दलों के साथ मिला कर उसके 293 सांसद हैं। इस प्रकार देखा जाये तो भाजपा के सहोयगी दलों की सदस्य संख्या 53 सांसद हैं। ये सहयोगी दल चाहते हैं कि अध्यक्ष उन्हीं में से किसी एक दल का सांसद बने। सबसे बड़े सहयोगी दल तेलगू देशम (16 सांसद) व जनता दल (यू- 12 सांसद) हैं।

विशेष कर तेलगू देशम चाहती है कि पहले की वाजपेयी सरकार की भांति अध्यक्ष पद उनके पास ही आना चाहिए। मगर भाजपा इसके लिए फिलहाल राजी नहीं हो रही है जिसकी वजह से गठबन्धन का भविष्य इस पद पर भी बहुत कुछ निर्भर करता है। भाजपा के सहोयगी दल धर्मनिरपेक्ष व पूर्ण लोकतान्त्रिक तरीके से चलने वाले माने जाते हैं। संसदीय परंपराओं में इनका विश्वास रहा है और ये जानते हैं कि अध्यक्ष पद पर बैठे व्यक्ति के अधिकार संसद व सांसदों के मामले में कितने व्यापक होते हैं। विभिन्न दलों के बीच जो तोड़फोड़ की राजनीति पिछले पांच साल चलती रही है उससे भी ये दल घबराये हुए हैं। इन्हें अपने अस्तित्व को बचाये रखने की भी चिन्ता है। यही वजह है कि तेलगू देशम व जनता दल (यू) केन्द्र सरकार में 'छलनी के छालन' मन्त्रालय लेकर भी कुछ नहीं बोल रहे हैं क्योंकि हर हालत में ये अध्यक्ष पद चाहते हैं।

इन्हें विश्वास है कि इस मुद्दे पर उन्हें विपक्षी इंडिया गठबन्धन का भी पूरा समर्थन मिलेगा क्योंकि विपक्ष को भी इस बार अपना उपाध्यक्ष चुनवाना है। राजनीति में असंभव कुछ भी नहीं होता है। जो संकेत मिल रहे हैं उन्हें देखते हुए कहा जा सकता है कि सहयोगी दल अपना अलग से एक गुट बना कर भाजपा से अध्यक्ष पद लेने का प्रयास करेंगे। अध्यक्ष ही उपाध्यक्ष का चुनाव कराते हैं जिससे विपक्ष को भी अपना उपाध्यक्ष चुनवाने में कोई दिक्कत नहीं आयेगी। इससे लोकसभा अधिक जानदार और शानदार तरीके से चलेगी और संसद में बहस- मुबाहिसों का एक नया दौर भी शुरू होगा जो पिछली लोकसभा से पूरी तरह गायब हो गया था। विपक्षी सांसदों को थोक के भाव निलम्बित करा कर विधेयक पर विधेयक पारित करा लिये गये थे। लोकतन्त्र का सबसे बड़ा आभूषण संसदीय परिपाटियां व परंपराएं ही होती हैं।

# दही-चीनी का वो पल



कुमकुम चड्ढा
कलम-दवात

**जब** राष्ट्रपति दौपदी मुर्मू ने तत्कालीन कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को दही-चीनी खिलाई तो उन्हें क्या पता था कि उनके इस अनायास कृत्य से हंगामा मच जाएगा। रिकॉर्ड के लिए, जब मोदी केंद्र में सरकार बनाने का दावा पेश करने गए तो राष्ट्रपति मुर्मू ने न केवल उन्हें बधाई दी, बल्कि उन्हें दही-चीनी भी खिलाई, पारंपरिक रूप से शुभ शुरुआत के लिए भोजन। तब वह नहीं जानती थी कि यह स्वाभाविक कार्य एक उथल-पुथल पैदा कर देगा। इस कदम की आलोचना इस आधार पर की गई कि राष्ट्रपति का कार्यालय निष्पक्ष दिखाई देना चाहिए। एक संवैधानिक राज्य प्रमुख के लिए भावना प्रदर्शित करना अनुपयुक्त है। दही-चीनी परम्परागत रूप से शुभ है लेकिन बीजेपी चुनाव में बहुमत हासिल करने में विफल रही थी।

400 पार के शोर के बावजूद बीजेपी सरकार बनाने के आधे आंकड़े तक पहुंचने में नाकाम रही। फिर भी गठबंधन सहयोगियों की मदद से संख्या बल जुटाने के बाद तत्कालीन कार्यवाहक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति से मुलाकात कर सरकार बनाने का दावा पेश किया। एक सप्ताह के भीतर श्री मोदी जी की राष्ट्रपति से यह दूसरी मुलाकात थी। पहली बार 5 जून को नतीजे घोषित होने के 24 घंटे बाद। उस दिन मोदी ने हरे रंग की जैकेट पहनी थी और दिन बुधवार था। ज्योतिषीय दृष्टि से रंगों का विशेष महत्व होता है। हरा रंग जो बुधवार को पहना जाता है, विकास का प्रतीक है। एक खंडित जनादेश के लिए इसकी बहुत आवश्यकता थी जो मतदाताओं ने एक दिन पहले भाजपा को दिया था। क्या मोदी ने ज्योतिष का सहारा लिया, यह बहस का विषय है लेकिन यह सच है कि भाजपा की सुषमा स्वराज ने रंग-चिकित्सा का पूरी निष्ठा से पालन किया, अपनी साड़ियों और यहां तक कि भोजन का चयन भी ग्रहों के अनुसार किया। प्रत्येक बुधवार को उनके घर में पकने वाली दाल हरी होती थी। यह उनके द्वारा पहनी गई साड़ी से भी मेल खाएगा। उनकी बेटी बांसुरी स्वराज जो अब संसद सदस्य हैं, पुष्टि करती हैं कि घर पर मेनू वही है जो उनकी मां ने तय किया था।

सुषमा स्वराज का 2019 में निधन हो गया था, उनका आखिरी ट्वीट जम्मू-कश्मीर में धारा 370 को खत्म करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद देते हुए था ''मैं अपने जीवनकाल में इस दिन को देखने का इंतजार कर रही थी'' उन्होंने तब कहा था। तब से काफी समय बीत चुका है। 2019 की अपराजित भाजपा जिसने अपने दम पर 300 से अधिक सीटें जीती थीं, सिमट गई है। शपथ ग्रहण की घोषणा होने तक ऐसा लग रहा था कि मोदी जी अपनी हार से उबर चुके हैं। उन्हें तीसरा कार्यकाल मिलेगा या नहीं, इसकी शुरुआती अनिश्चितता खत्म हो गई थी, उनकी शारीरिक भाषा बदल



गई थी और उनका प्रभाव कम से कम दृश्यमान रूप से कायम था।

मंत्रिमंडल गठन में जिस दरार की आशंका थी, वैसा नहीं हुआ। ऐसा लगता है कि मोदी को अपना रास्ता मिल गया है। सहयोगियों को समायोजित किया गया लेकिन वे अधिकार प्राप्त करने पर जोर देने में असमर्थ रहे। उदाहरण के लिए जब एनसीपी ने मोदी से कहा कि या तो उन्हें कैबिनेट में जगह दी जाए, नहीं तो वे इससे कम कुछ भी स्वीकार नहीं करेंगे। मोदी ने उन्हें कुछ नहीं दिया। मोदी आश्चर्य चकित करने के लिए जाने जाते हैं। इसलिए जब उनके मंत्रिमंडल की बात आती है तो उनसे कुछ अप्रत्याशित करने की उम्मीद की जाती है। तो, इससे क्या संकेत मिलता है: क्या मोदी सतर्क हैं? या अतिरिक्त सावधानी बरतते हैं कि पंख न फड़फड़ाएं? क्या वे ताश के पत्तों के एक ऐसे घर की अध्यक्षता कर रहे हैं जो जरा सी हलचल से ढह सकता है? क्या वह अतिरिक्त प्रयास करेंगे और सहयोगियों को मनाएंगे? यह एक तंग रस्सी पर चलने की बात है। एक तरफ गठबंधन चलाने की मजबूरियां हैं। दूसरी ओर उनकी अपनी सरकार को व्यवस्थित रखने की चुनौती।

बेशक चीजें समय के साथ सामने आएंगी और सहयोगी अपनी ताकत दिखाएंगे लेकिन यह होगा, जब होगा। फिलहाल देश के लिए मोदी ही एकमात्र जवाब नजर आ रहे हैं। एक स्थिर सरकार जो सभी के हित में हो और जो अच्छी हो या बुरी, केवल मोदी के नेतृत्व में ही प्रदान की जा सकती है। हो सकता है कि विपक्ष एकजुट होकर एक सम्मानजनक संख्या तक पहुंच गया हो, लेकिन यदि आप संख्याओं को समझेंगे तो सदन विभाजित हो सकता है। इसका मतलब शीर्ष पद के लिए कई दावेदार भी हो सकते हैं।

अपनी विभाजनकारी राजनीति के लिए मोदी की आलोचना के बावजूद इस बात से इन्कार नहीं किया जा सकता है कि वह दूरदर्शी और निर्णायक हैं। उनकी राजनीति से कोई भी भिन्न हो सकता है लेकिन उनके शासन मॉडल को कई लोग पसंद करते हैं। एक मजबूत नेता बनाम विपक्षी दलों का एक समूह जो अभी तक एक साथ काम नहीं कर पाए हैं, एकमात्र समाधान प्रतीत होता है। कम से कम अभी के लिए

इस संदर्भ में I-N-D-I-A गठबंधन ने सरकार बनाने का दावा पेश करने के बजाय किनारे पर रहने का निर्णय लेकर अच्छा किया। प्रयास करने और असफल होने के बजाय उनके लिए प्रतीक्षा करना और देखना अधिक सार्थक है। किसी भी मामले में यदि वे एक मजबूत विपक्ष की तरह अच्छा प्रदर्शन करते हैं और भाजपा को रोकते हैं तो वे निश्चित रूप से विश्वसनीयता हासिल करेंगे।

कुछ लोग इस बात से असहमत होंगे कि फिलहाल कोई ऐसा व्यक्ति जो देश और उसके राजनीतिक दलों का समर्थन करता हो, मोदी की शक्ति की बराबरी करने वाला नेता खड़ा कर सकता है, मोदी की ताकत से मेल खाने के लिए एक नेता को खड़ा कर सकता है, ऐसा व्यक्ति जो देश को विकास के पथ पर ले जाने के साथ-साथ समावेशी और रचनात्मक राजनीति भी कर सके। समय आ गया है लेकिन शायद नेतृत्व अभी भी विकसित हो सकता है और जब तक ऐसा नहीं होता, मोदी अपनी दही-चीनी का लुत्फ़ उठा सकते हैं।

# भारत और पड़ोसी देश



आकाश चोपड़ा

**भारत** ने हमेशा पड़ोसी प्रथम को प्राथमिकता दी है। वैसे तो पड़ोसी देशों से हमारे संबंध उतार-चढ़ाव वाले रहे हैं लेकिन बदलती भूराजनीतिक स्थितियों के चलते क्षेत्रीय सहयोग की भावना हमेशा सकारात्मक रही है। 2014 में नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री पद सम्भालने के बाद से ही पास पड़ोस के देशों को तो प्राथमिकता दी ही लेकिन अमेरिका, फ्रांस समेत कई यूरोपीय देशों और खाड़ी देशों से अपने संबंध मजबूत किए। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार पीएम पद की शपथ लेने के अवसर पर सात पड़ोसी देशों को आमंत्रित किया। समारोह में मालदीव, श्रीलंका, नेपाल, मॉरिशिस, भूटान और सेशल्स के राष्ट्र अध्यक्ष उपस्थित रहे। देश की युवा पीढ़ी को भारत की विदेश नीति में काफी रुचि है और वह विदेश नीति के मामले में गम्भीरता से चर्चा भी करते हैं।

विदेशी नेताओं में मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू की यात्रा पर सबकी नजरें लगी हुई थीं क्योंकि उनकी यात्रा भारत और मालदीव के बीच जारी तनाव के समय में हुई है। मालदीव के राष्ट्रपति ने पद सम्भालते ही भारत को मालदीव में तैनात अपने सैनिकों को वापिस बुलाने के लिए फरमान जारी कर दिया था और भारत ने अपने सैनिक वापिस भी बुला लिए हैं। मोहम्मद मोइज्जू ने अपने चुनाव में इंडिया आऊट का नारा दिया था। शपथ ग्रहण समारोह में आमंत्रित किए गए 7 अहम देशों में से 5 हिन्द महासागर क्षेत्र के देश हैं। जबकि नेपाल और भूटान दशकों से भारत के अच्छे पड़ोसी रहे हैं। यद्यपि नेपाल के साथ संबंधों में भी ज्वार भाटा आता रहा है लेकिन दोनों देशों में सांस्कृतिक और सामाजिक संबंध बहुत गहरे हैं। भारत द्वारा चीन और पाकिस्तान



को शपथ ग्रहण समारोह में नहीं बुलाना हमारी स्पष्ट विदेश नीति और कूटनीति को प्रदर्शित करता है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी दोबारा विदेश मंत्री का पद सम्भालते ही कहा है कि दुनिया देख चुकी है कि संकट के समय अगर कोई देश ग्लोबल साऊथ के साथ खड़ा रहा तो वो भारत ही है। जी-20 की अध्यक्षता के दौरान जिस तरह हमने अफ्रीकी संघ की सदस्यता के लिए कोशिश की, उससे दुनिया के देशों का विश्वास हम पर बढ़ा है। भारत के जो पड़ोसी देश चीन के प्रभाव के चलते अपनी नीतियों को लेकर दुविधा में रहते हैं उनका प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में आना अच्छा संकेत है।

जानकारों की मानें तो पीएम मोदी अपने पड़ोसियों को साधना चाहते हैं। वह चाहते हैं कि भारत के पड़ोसी देशों का झुकाव चीन की ओर अधिक न हो। जैसा कि बीते कुछ समय में देखा गया है। नेपाल, श्रीलंका और मालदीव बीते कुछ समय से चीन से अधिक प्रभावित हुए हैं। चीन ने श्रीलंका, मालदीव को अपने फायदे के लिए टारगेट किया है। चीन की वजह से ही बीते समय में नेपाल से रिश्तों में खटास आई। ड्रैगन की वजह से ही भारत का मालदीव संग रिश्ता तनाव में आया। हालांकि, अब भारतीय प्रयासों से ये देश अब ट्रैक पर आने लगे हैं। चीन इन देशों को कर्ज के जाल में फंसाकर हिंद महासागर क्षेत्र में अपना दबदबा बनाना चाहता है। अगर चीन अपने मंसूबों में कामयाब होकर भारत को चौतरफा घेरना चाहता है। यही वजह है कि भारत अपने पड़ोसियों से रिश्ते बेहतर कर उन्हें चीन से दूर करने में जुटा है।

अब सवाल उठता है कि आखिर इसके पीछे भारत की क्या मंशा? तो इसका जवाब है समुद्री सुरक्षा। चीन समंदर का सिकंदर बनना चाहता है। वह हिंद महासागर पर अपना एकछत्र राज चाहता है। ऐसा करके वह समुद्री सुरक्षा को मजबूत करना चाहता है। वह हिंद महासागर क्षेत्र में अपना दबदबा बढ़ाकर भारत को घेरने की कोशिश कर रहा है। यही वजह है कि भारत हिंद महासागर क्षेत्र में चीनी दखल को रोकना चाहता है। चीन लालच-प्रलोभन देकर भारत के पड़ोसी देशों को अपने पाले में लाना चाहता है। यह भारत के समुद्री सुरक्षा के लिहाज से काफी खतरनाक होगा। यही वजह है कि अब भारत की नजर मालदीव, श्रीलंका, सेशल्स, मॉरिशिस और बांग्लादेश से रिश्ते को और बेहतर करने पर है।

नेपाल के वर्तमान प्रधानमंत्री पुष्पकमल दहल प्रचंड की कोशिश चीन और भारत के साथ संबंधों में संतुलन साधने की है। उनके पूर्ववर्ती ओली के कार्यकाल में भारत के साथ संबंधों में तल्खी पैदा हो गई थी। सेशल्स समुद्री सुरक्षा की दृष्टि से बेहद अहम है और उसने हमेशा समुद्री सुरक्षा के मामले में भारत का समर्थन किया है। मॉरिशिस के राष्ट्रपति प्रविद कुमार जगन्नाथ ने ब्लू इकोनमी और साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में भारत को काफी सहयोग दिया। भारत और भूटान के संबंध राजनीतिक और ऐतिहासिक दृष्टि से मजबूत हैं। दोनों देशों में ऊर्जा, जल प्रबंधन और शिक्षा में सहयोग बढ़ा है। प्रधानमंत्री शेख हसीना के कार्यकाल में भारत-बंगलादेश संबंधों में काफी प्रगति हुई है और उसने भारत की समुद्री नीति का हमेशा समर्थन किया है। इन देशों से बेहतर संबंध के चलते चीन को अहम संदेश पहुंच गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा भविष्य में भारत की भूमिका एक प्रमुख शक्ति बनाने की है। कितना अच्छा होता कि पड़ोसी पाकिस्तान आतंकवाद छोड़कर भारत का मित्र देश बनता तो उसे भी ज्यादा फायदा होता।

# हंगरी पर 21.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर का जुर्माना

**ब्रसेल्स,** (एपी) : यूरोपीय संघ की शीर्ष अदालत ने हंगरी को बृहस्पतिवार को 21.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर (20 करोड़ यूरो) का जुर्माना भरने का आदेश दिया। हंगरी पर यह जुर्माना इसलिए लगाया गया है क्योंकि उसने यूरोपीय न्यायालय के पिछले फैसले के बावजूद यूरोपीय संघ के शरण संबंधी नियमों का उल्लंघन किया है। इसके अलावा, भविष्य में नियमों का पालन न करने पर हंगरी को प्रतिदिन 10 लाख यूरो का जुर्माना भी भरना होगा। यूरोपियन कोर्ट ऑफ जस्टिस ने कहा कि हंगरी ने लक्जमबर्ग में शीर्ष यूरोपीय संघ के न्यायाधीशों के 2020 के फैसले को लागू नहीं किया है।

दिल्ली आर.एन.आई. नं. 40474/83
पंजाब केसरी
दिल्ली कार्यालय :
फोन आफिस: 011-30712200, 45212200, प्रसार विभाग: 011-30712224, विज्ञापन विभाग: 011-30712229, सम्पादकीय विभाग: 011-30712292-93, मैगजीन विभाग: 011-30712330, फैक्स : 91-11-30712290, 30712384, 011-45212383, 84
Email: Editorial@punjabkesari.com
स्वत्वाधिकारी दैनिक समाचार लिमिटेड, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, नजदीक वजीरपुर डीटीसी डिपो, दिल्ली-110035 के लिए मुद्रक, प्रकाशक तथा सम्पादक अनिल शारदा द्वारा पंजाब केसरी प्रिंटिंग प्रेस, 2-प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से मुद्रित तथा 2, प्रिंटिंग प्रेस कॉम्पलैक्स, वजीरपुर, दिल्ली से प्रकाशित।

## प्रतियोगिता रिश्तों की

1. मां-बेटा, बेटी का रिश्ता।
2. पिता-बेटा, बेटी का रिश्ता।
3. माता-पिता का रिश्ता।
4. पति-पत्नी का रिश्ता।
5. सास-बहू, दमाद का रिश्ता।
6. ससुर-बहू, दमाद का रिश्ता।
7. दोस्तों का रिश्ता।
8. दादा-पोते, पोतियों का रिश्ता।
9. नाना-नानी का नातिनों से रिश्ता।
10. पड़ोसियों का रिश्ता।
11. भाभी-देवर का रिश्ता।
12. जीजा-साली का रिश्ता।
13. गुरु-शिष्य का रिश्ता।
14. अपने पालतू प्राणी के साथ रिश्ता (कुत्ता, बिल्ली, तोता) कोई भी।
15. प्रभु से रिश्ता या ऐसा कोई जिसका आपकी जिंदगी में महत्व है या जिसने आपकी जिंदगी बदल दी।
16. भाई-भाई का रिश्ता।
17. भाई-बहन का रिश्ता।
18. बहनों को रिश्ता।

नाम ....................

पता ......................

फोन नम्बर ............

20 पंक्तियां ..........

फोटो

..........................................

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें : 9871598497, 9811030309
deskfeature@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।
हमारी वैबसाइट एवं लिंक
https://vnkc.org/
https://m.facebook.com/vnkclub




# ऐसे करें बैंक एग्जाम की तैयारी

किसी भी परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी खुद की तैयारी ज्यादा महत्व रखती है। अगर आप किसी संस्थान से कोचिंग करते हैं तो भी घर आकर आपको प्रैक्टिस करनी पड़ेगी। आप चाहें तो घर बैठे-बैठे भी तैयारी कर सकते हैं। घर से तैयारी करने के कुछ फायदे भी हैं। एक तो फीस के रूप में जाने वाला आपका पैसा बच जाता है। दूसरी ओर कोचिंग संस्थान तक जाने-आने



वाले समय की बचत होती है।

**ऑनलाइन हेल्प**

मौजूदा समय में आईटी क्षेत्र की क्रांति से काफी आसानी हो गई है। अब घर बैठे-बैठे कोई भी कोर्स ऑनलाइन कर सकते हैं। बैंकिंग की तैयारी के लिए भी आप किसी ऑनलाइन इंस्टिट्यूट से जुड़ सकते हैं। उसके माध्यम से आप अपनी कमजोरी और तैयारी के स्तर को जान सकते हैं और फिर उसी हिसाब से अपनी तैयारी शुरू कर सकते हैं।

**रीजनिंग ऐप्टिट्यूड**

सिलोजिजम, मशीन इनपुट-आउटपुट, पजल टेस्ट आदि का बैंक पीओ में काफी वेटेज होता है। 6 महीने पहले से तैयारी करके आप इन पर कमांड हासिल कर सकते हैं। वर्बल रीजनिंग की चिंता न करें क्योंकि उस पर कमान हासिल करने में सिर्फ1 से 2 महीने लगते हैं।

**क्वॉन्टिटेटिव ऐप्टिट्यूड**

गणित के सवालों को तेजी से हल करने की ट्रिक सीखें। रोजाना के जीवन में दिमाग में ही जोड़, घटाव, गुणा और भाग की प्रैक्टिस करें। सरलीकरण, औसत, प्रतिशतता, अनुपात एवं समानुपात, लाभ और हानि एवं आंकड़ा विश्लेषण की जड़ से जानकारी हासिल करें।

**इंग्लिश लैंग्वेज**

पिछले कुछ सालों से इस सेक्शन की कठिनाई का स्तर बढ़ता जा रहा है। इसको क्लियर करने के लिए आपको इंग्लिश लैंग्वेज का अच्छा रीडर होना चाहिए। अंग्रेजी के समाचार पत्र, पत्रिका आदि को पढ़ने की आदत डालें। इसके अलावा ग्रैमर पर मेहनत करें।

**कंप्यूटर नॉलेज**

आपको इस सेक्शन को हल करने के लिए कंप्यूटर का जादूगर बनने की जरूरत नहीं है। अपने ऑनलाइन इंस्टिट्यूट के ऑनलाइन कंप्यूटर सेक्शन को फॉले करें। जब पूरा अध्ययन कर लें तो ऑनलाइन या ऑफलाइन ढेर सारे सवालों की प्रैक्टिस करें।

**जनरल अवेयरनेस**

इस सेक्शन की तैयारी के लिए एक तो करंट अफेयर्स पर ध्यान रखें। आपके आसपास देश-दुनिया में घटित होने वाली अहम घटनाओं का नोट बना लें। ●

# ऑनलाइन जॉब्स : घर बैठे कमाएं पैसा ही पैसा

इंटरनेट के माध्यम से पैसा कमाने के कई तरीके हैं। जिनसे आप काफी पैसा कमा सकते हैं। पर सवाल है आप इसके लिए कितना समय देते हैं और कितनी कड़ी मेहनत करते हैं। हम आपको इंटरनेट से पैसा कमाने के कुछ विकल्पों का सुझाव दे रहे हैं।

**ब्लॉगिंग**

यदि आपकी पढ़ने में रूचि है और आप अच्छा लिखते हैं तो आप अपना ब्लॉग बनाकर इंटरनेट से पैसा कमा सकते हैं। इसके लिए किसी किस्म की टेक्नीक की जरूरत नहीं है। हां, लेखन कला में प्रबुद्ध होना चाहिए, जो लोगों का ध्यान आपकी ब्लॉग पर खींच सके। इसमें जितने ज्यादा लोग आपको फॉलो करेंगे, विज्ञापन द्वारा आप चीजों



को प्रमोट करके ज्यादा पैसे कमा सकते हैं।

**ट्यूशंस**

ट्यूटर्स की डिमांड लगातार बढ़ रही है। यदि आप दूसरों को अपना ज्ञान बांटना चाहते हैं तो ई-टीचिंग आपके लिए एक अच्छा विकल्प है। ऑनलाइन ट्यूटर बनके अपने विषय के विशेषज्ञ होकर आप प्रति सप्ताह काफी समय ट्यूशन के लिए दे सकते हैं। ट्यूटर डॉट कॉम, स्मार्ट थिकिंग ई-ट्यूटर जैसी कई ऐसी साइट्स हैं जहां आप अपना नाम दर्ज करा सकते हैं।

**पेड राइटिंग**

यदि आप का लिखने में पेशन है तो आप ब्लॉग्स के अलावा कई ऐसी साइट्स है जहां आर्टिकल या ई-बुक लिख सकते हैं। ई-बुक्स में प्रिंटिंग का खर्च नहीं आता। यदि आपकी भाषा पर अच्छी पकड़ है तो आप कॉपी एडिटर बन सकते हैं। जहां वेब मास्टर आपको लेख पढ़ने और उनकी व्याकरण और वाक्य विन्यास सुधारने के लिए पैसा देते हैं।

**फोटोग्राफी**

यदि आप एक अच्छे फोटोग्राफर हैं और कैमरे को अच्छी तरह चलाना जानते हैं तो समझ लीजिए आप इंटरनेट के माध्यम से काफी पैसा कमा सकते हैं। क्योंकि बहुत-सी ऐसी साइट्स हैं जो आपकी तस्वीरों का आपको पैसा दे सकते हैं। सार्वजनिक स्थलों और दूसरी अन्य तरह की फोटोग्राफी में आप बहुत सारा स्टॉक बनाकर इन साइट्स को दे सकते हैं।

**अपने ब्रांड बेचना**

अगर आप डिजाइनिंग द्वारा नयी और रचनात्मक किस्म की इमेजिस बनाने में माहिर हैं तो अपनी इस नई खोज के द्वारा आप काफी पैसा कमा सकते हैं। हो सकता है आपके डिजाइन को किसी उत्पाद की ब्रांडिंग में खरीद लिया जाए जिससे आपको काफी आय हो सकती है। आप अलग-अलग वेबसाइट पर अपनी डिजाइन को अपलोड कर सकते हैं, इससे कंपनी इन्हें अलग-अलग



प्रोडक्ट्स पर प्रिंट करती है। टी-शर्ट, हैंडबैग, किताबें, पोस्टर, कैलेंडर, ग्रीटिंग कार्ड इन सब पर आपकी इमेज आ सकती है और



इसके जरिए आप पैसा कमा सकते हैं।

**यू-ट्यूब**

आपके भीतर की प्रतिभा को पूरी दुनिया के दूसरे लोगों तक पहुंचाने में यू-ट्यूब की सबसे अधिक भूमिका है। अपनी वीडियो बनाकर आप उसे यू-ट्यूब पर डाल सकते हैं। यदि आप अच्छा खाना बनाते हैं, फिल्ममेकर हैं, म्यूजिशियन या कॉमेडियन हैं तो अपने चाहने वालों का प्यार पाने के लिए आप यू-ट्यूब पर अपनी वीडियो डाल सकते हैं। आपके वीडियो पेज पर आने वाले विज्ञापन के जरिये आपको पैसा मिलता है।

**एप्प बनाना**

स्मार्टफोन की पापुलैरिटी लगातार बढ़ रही है। आज जिसे देखो उसके हाथ में स्मार्टफोन है। स्मार्टफोन की बढ़ती मांग के लिए उसकी एप्लीकेशन की भी मांग बढ़ गई है।

**दूसरों के लिए रिसर्च करें**

यदि आप अच्छा लिख नहीं सकते तो कोई बात नहीं। यदि आप मेहनती हैं तो दूसरों के लिए रिसर्च वर्क करके आप काफी पैसा कमा सकते हैं। जिन लोगों के पास रिसर्च के लिए समय नहीं होता, उनके लिए रिसर्च करके आप ऑनलाइन सर्च द्वारा सप्ताह में कुछ घंटे की मेहनत से काफी पैसे कमा सकते हैं। ●



# जरूरी है बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान देना

कहा जाता है 'फेस इज द इंडेक्स ऑफ माइंड' बिल्कुल सच है। मन में जो भाव आ रहे होते हैं वो चेहरे पर भी आ जाते हैं। अगर सामने वाला आपके भावों को पढ़ ले तो वो जान जाता है कि आपके मन में क्या चल रहा है। इसी प्रकार आपके शरीर के अंगों के एक्शन से भी जाना जाता है कि आप इस समय क्या कहना चाहते हैं। इस भाषा को बॉडी लैंग्वेज के नाम से जाना जाता है।

- बॉडी लैंग्वेज जानना या बॉडी लैंग्वेज से अपने मन की बात बिना कहे दूसरे तक सही तरीके से पहुंचाना उतना ही जरूरी है जितनी कि आपकी परफार्मेंस। जीवन में हमेशा काम आता है बॉडी लैंग्वेज समझना। हमारे जीवन पर हर पल इसका प्रभाव पड़ता है। भले ही हम इसे महसूस कर पायें या नहीं।
- करियर में आगे बढ़ने के लिए अच्छी परफार्मेंस के साथ बॉडी लैंग्वेज पर ध्यान देना भी उतना ही जरूरी है।
- हमारा दिमाग लगभग हर बॉडी पॉश्चर से निकलने वाले संकेतों को समझ सकता है। यह भी एक भाषा है जैसे हम अन्य भाषाएं सीखते हैं।
- हमें अपनी रोजमर्रा की आदतों में कुछ बेसिक पॉश्चर्स पर ध्यान देना चाहिए जैसे सामने वाले से बात करते समय हमेशा आई कॉन्टेक्ट बना कर रखना, चेहरे पर हल्की-सी मुस्कान बना कर रखना, मजेदार बात हो तो हाथ हिलाकर बात करना, साधारण आवाज में बात करना, गंभीर बात के लिए हाथों को सीधा रखकर बात करना, हैरानी वाली बात में आईब्रोज ऊपर करना, खुशी वाली बात पर हंसकर बात करना, ये सब पोजिटिव बॉडी लैंग्वेज का हिस्सा हैं। हाथ बांधकर बात करना, मुंह पर या चेहरे पर हाथ रखकर बात करना, नजरें झुका कर बात करना, ग्रुप में फुसफुसा कर बात करना नेगेटिव बॉडी लैंग्वेज का हिस्सा हैं। रिलेक्स्ड पॉश्चर में बात करने का अर्थ है आप बात पूरी तरह देकर सुन रहे हैं।



- किसी भी स्तर के व्यक्ति से ऊंची आवाज में बात करने से आपके व्यक्तित्व की गंभीरता कम होगी।
- बात करते समय शब्दों के अलावा दूसरे की बॉडी लैंग्वेज को समझने का प्रयास भी करना चाहिए। इससे लगता है कि आप उसकी बातों को पूरी तरह समझ रहे हैं।
- सामने वाले की खुशी और दु:ख में अपने हावभाव भी वैसे ही रखें ताकि आपको लगे कि आप उसके साथ पूरी तरह इंवोल्व हैं।
- अगर सामने वाले के हाव-भाव परेशानी वाले लगें तो उसे सहानुभूति भरे शब्द बोले और अपने हावभाव भी वैसे ही प्रकट करें। ●

## GENERAL KNOWLEDGE



- -**चंद्रतल** पर मनुष्य को उतारने वाला प्रथम देश कौन सा हैं?
- -शुक्रग्रह के अन्वेषण करने के लिए भेजे गए सबसे पहले रोबोट अंतरिक्ष यान का क्या नाम है?
- -भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन का गठन 1969 में किया गया। इसका मुख्यालय कहां हैं?
- -अन्तरिक्ष में जाने वाले प्रथम एशियाई कौन हैं?
- -अन्तरिक्ष में जाने वाले प्रथम व्यक्ति कौन थे?
- -आन्ध्र प्रदेश में श्रीहरिकोटा स्थित श्रीहरिकोटा स्पेस सेंटर का नया नाम क्या है?
- -अन्तरिक्ष में जाने वाली प्रथम महिला कौन हैं?
- -मंगल पर जीवन की उपस्थिति के लिए कौन-सी एक अवस्था सबसे सुसंगत है?
- -भारत का पहला रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट कहां से छोड़ा गया था?
- -चन्द्रमा पर चरण रखने वाले प्रथम व्यक्ति कौन हैं?
- -सूर्य का पृष्ठीय तापमान कितना आंका गया है?
- -चंद्रमा के लिए यात्रा करने वालाप्रथम अन्तरिक्ष यान कौन सा है?
- -सर्वाधिक सात बार अन्तरिक्ष यात्रा करने वाले प्रथम व्यक्ति कौन हैं?
- -अंतरिक्ष में कुल कितने तारामंडल हैं?
- -भारत सरकार द्वारा अन्तरिक्ष आयोग की स्थापना कब की गई?
- -भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन किस के अधीन उसके अनुसंधान औरविकास संगठन के रूप में कार्य करता है?
- -सांध्य तारे को उदय क्या निरूपित करता है?
- -पृथ्वी की आयु-निर्धारण में हम कौन-सी विधि का प्रयोग करते हैं?
- -पहली बार अन्तरिक्ष में जाने वालाजानवर?
- -पृथ्वी अपनी धूरी पर घूमती है, यह सर्वप्रथम किसने प्रतिपादित किया?
- -प्रथम उपग्रह आर्यभटट का प्रक्षेपण कब किया गया था?
- -प्रथम वाणिजियक संचार उपग्रह का नाम बताएं?
- -वह प्रथम मानव रहित बग्गी जिसे चंद्रतल पर चलने का गौरव प्राप्त हैं?
- -सौरमंडल का सबसे ठंडा ग्रह कौन-सा है?
- -इसरो का पूरा नाम क्या है?

**उत्तर**- अमेरिका, मैगलेन, बंगलुरू, फाम तुआन (वियतनाम, 1980), यूरी गगारिन (रूस), प्रो. सतीश धवन स्पेश सेंटर, वेलेन्टीना तेरेश्कोवा (रूस), बर्फ घटकों और हिमशीतित जल की उपस्थिति, बैकानूर, नील ए. आर्मस्ट्रांग, 6000एC, अपोलो-8, जेरी रौस(अमेरिका, 2002), 89, 1972, अन्तरिक्ष विभाग, पूर्व दिशा, यूरेनियम डेटिंग, लाइका नाम की कुतिया, कॉपरनिकस ने, 19 अप्रैल, 1975 को, अली बर्ड, लूनाखोद -1 (रूस), नेप्च्यून, भारतीय अन्तरिक्ष अनुसंधान संगठन, ●



## साहित्य केसरी

**दैनिक पंजाब केसरी दिल्ली में नियमित रूप से 'साहित्य केसरी' की शुरूआत हो चुकी है। मैगजीन अंक में एक पृष्ठ साहित्य और साहित्यकारों को समर्पित किया गया है। आप अपनी रचनाएं हमें deskfeature@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।**
**नोटः कविता 20 पंक्ति से अधिक न हो और कहानी या व्यंग्य 520 शब्दों से अधिक न हो।**
**- संपादक**

## कविताएं

# पिता



**नन्हें** पग, विश्वास का
सफ़र,
थाम के नन्ही उँगलियाँ,
अपने हस्त,
चलता धीरे धीरे..
हर्षित मन,
आत्मिक बंधन
सान्निध्य की मंज़िल
चलता तीरे तीरे..
छाँव भी देता,
धूप भी देता..
कभी नर्म, कभी सख्त...
सखा भी बनता धीरे धीरे
जीवन के सारे
अनुभव भी,
हस्तांतरित करता
मन के तीरे तीरे
वर्तमान भी गढ़ता,
भविष्य भी रचता,
साम्राज्य की सारी कमान,
थमाता धीरे धीरे
तन की पूँजी,
मन की पूँजी..
सारे जीवन धन की पूँजी
सर्वस्व देता मन के तीरे तीरे

● **रश्मि वैभव गर्ग**

# तुम मेरे हो



**तुम** मेरी सांसें हो प्रियवर
तुम ही हो धड़कन मेरी
तुम से ही दुनियाँ मेरी है
तुम से ही खुशियाँ मेरी।
तुम से ही मेरा ये जीवन
महकता है हर घड़ी
तुम ही वो खुशबू हो मेरे
तुम ही हो चन्दन मेरे।
तेरे बिन मैं एक पल भी
जी नहीं सकती कभी
तुम ही साँसें हो मेरी और
तुम ही तन-मन हो मेरे।
तुम से जीवन है मेरा
सुन्दर बहुत मधुमास सा
तुम ही मौसम ग्रीष्म हो और
तुम ही सावन हो मेरे।
आशियाना मेरे ख्वाबों का
तुम्हीं हो सुन प्रिये
तुम ही दर - चौखट हो मेरे,
तुम ही आँगन हो मेरे।
तुम ही दिन का हो उजाला
पूर्णमासी रात हो
तुम फरिश्ता बन के आए
अंधेरी दुनियाँ में मेरे।

● **संजुला सिंह ( संजू )**

## केसरी सूडोकू- 2912

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | | 7 | | | | |
| 7 | 9 | | 8 | | | | 5 | |
| | 1 | | 9 | | | | | 7 |
| | | 9 | 7 | 4 | | | 1 | |
| 4 | | | 2 | | 5 | | | 8 |
| | 7 | | | 3 | 6 | 2 | | |
| 8 | | | | | 9 | | 7 | |
| | 4 | | | | 7 | | 3 | 9 |
| | | | | 1 | | 8 | | |

### हल करने का तरीका

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।
- आड़ी व खड़ी पंक्ति में और 3x3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सूडोकू 2911 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 9 | 1 | 7 | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 1 |
| 2 | 3 | 1 | 4 | 6 | 8 | 5 | 9 | 7 |
| 7 | 1 | 3 | 6 | 8 | 9 | 4 | 2 | 5 |
| 9 | 4 | 2 | 3 | 1 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 6 | 8 | 5 | 2 | 4 | 7 | 9 | 1 | 3 |
| 1 | 9 | 8 | 7 | 2 | 6 | 3 | 5 | 4 |
| 3 | 6 | 7 | 5 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 |

कहानी

# लाल डब्बे का रहस्य



**बंटी** नौवीं कक्षा में पढ़ता था। वो, कक्षा के और विद्यार्थियों के मुकाबले थोड़ा सुस्त सा लड़का था। और उसकी कुछ विषयों जैसे गणित और विज्ञान में पकड़ बहुत कम थी। इस कारण उसे थोड़ी सी हीन भावना का अक्सर एहसास होता था। अपने दोस्तों चिंटू और मिंटू की सलाह से उसने गणित की कोचिंग लेने का निर्णय लिया। रवि सर उसकी कक्षा के अध्यापक और साथ ही साथ विज्ञान और गणित के बहुत ही अच्छे शिक्षक भी थें। रवि सर का घर और बंटी का घर बहुत ही आस- पास था। घर नजदीक होने के चलते वो रवि सर के घर टयूशन लेने जाने लगा। वो रवि सर से कोचिंग लेता रहा। इससे उसका गणित और विज्ञान धीरे- धीरे बहुत ही बेहतर हो गया। समय धीरे-धीरे बीत रहा था। बंटी को पढ़ते हुए छः महीने से ज्यादा का वक्त बीत गया था। लेकिन, एक बात बंटी ने महसूस की थी। कि जब-जब वो महीने के अंत में फीस देता। रवि सर कुछ हिसाब बैठाकर उसमें से कुछ पैसे एक लाल रंग के डब्बे में रख देते। ऐसा वो हर महीने ही करते थे। बंटी, के अलावे चिंटू, मिंटू, गनी, मुकेश, रावत, सुजाता भी वहीं पढ़ते थें। वे लोग भी जब महीने के अंत में अपनी टयूशन की फीस देते। तो रवि सर उसमें से भी कुछ पैसे निकालकर उस लाल डब्बे में रख देते। बंटी को अब वहां पढ़ते हुए साल भर का समय हो गया था। लेकिन, महीने के अंत में जब-जब वो फीस के पैसे देता। तो रवि सर वही क्रम बारंबार से दुहराते। रवि सर पूरे स्कूल में एक कड़क या कह लें कठोर टीचर के रूप में जाने जाते थें। कोई भी विधार्थी रवि सर का सीधा सामना नहीं करना चाहता था। इस कारण बंटी जो कि अभी किशोरावस्था में था। बावजूद इसके वो रवि सर से डरता था। इसके कारण भी। और कुछ संकोच वश भी। वो रवि सर से लाल डब्बे का रहस्य पूछ नहीं पाता था। एक दिन वो, टयूशन लेने रवि सर के घर गया था। तो, रवि सर अपने लड़के और पत्नी से बुरी तरह उलझे हुए थें। प्रकरण ये था कि लाल डब्बे में से हिसाब के पैसों में से कुछ गड़बड़ी थी। उनकी पत्नी बरखा बार- बार रवि सर से कह रहीं थी कि पैसे हमलोगों ने नहीं निकाले हैं। उनका लड़का दिनकर भी बार- बार यही बात दुहरा रहा था कि पिताजी मुझे आपसे जितने पैसों की जरूरत होती है वो तो मिल ही जातें हैं फिर मैं क्यों करूं आपके डब्बे से पैसे निकालूंगा? उनकी पत्नी भी बार-बार यही कह रही थी कि पता नहीं सर को क्या सूझती है। कि वो लाल डब्बे में पैसे रखते हैं।

दुनिया भर के बैंक क्या बंद हो गये हैं? जो आप लाल डब्बे में पैसे रखते हैं। आखिर, आप पैसे निकालकर लाल डब्बे में रखते ही क्यों हैं? और आप जब घर के सारे खर्चे और मेरे हाथ खर्चे के लिये भी पैसे दे ही देते है। तब भला मैं क्योंकर आपके पैसे लेने लगी? खैर, कुछ दिनों के बाद सर का हिसाब मिल गया था। जिसकी चर्चा अलग से एक दिन चली थी। दर असल वो एक विद्यार्थी का पैसा अपनी दूसरी जेब में रखकर भूल गये थें। इसकी याद उन्हें सप्ताह भर बाद आयी थी। एक दिन की बात है। उसे अच्छी तरह याद है। उस दिन मकर संक्रांति का दिन था। वो, चिंटू और मिंटू मोटर साईकिल से कहीं जा रहें थें तभी उन्होंने देखा की रवि सर एक खुले मैदान में खड़े हैं। और उनके आस-पास खाने-पीने की बहुत सारी चीजें पड़ी हैं। टेबल पर एक तरफ कोने में, चूड़ा- गुड़ और लाई-तिलकुट की थैलियां, बंधी, हुई थीं। उसी टेबल पर दूसरे किनारे कुछ गर्म कपड़े जैसे - स्वेटर, शॉल की थैलियां पड़ी थी। आज मकर संक्रांति होने के कारण वहां अनाथ और असहाय लोगों की एक बहुत लंबी लाईन लगी थी। रवि सर की मदद के लिये उनके मुहल्ले के कुछ लड़के भी वहीं पर थें। जिन्हें बंटी, टयूशन पढ़ने जाते समय अक्सर गली में देखता था। बारी- बारी से वो असहाय और नि: शक्त लोगों को चूड़ा-गुड़, तिलकुट और लाई की थैलियां बांटते। अशक्त लोग रवि सर को आशीर्वाद देते और एक - एक कंबल लेकर अपने घर की तरफ चले जाते। रवि सर जरुरत के अनुरूप ही किसी को शॉल, कंबल और स्वेटर बांट रहें थें। जब सब कुछ बंट गया। तो बंटी, चिंटू - और मिंटू सर के करीब आये। फिर, बंटी ने रवि सर से पूछा सर, आप और ये सब ..मैं कुछ समझा नहीं..? आपको तो हम लोगों ने अब तक गणित और विज्ञान के एक कठोर शिक्षक के रूप में ही जाना था। आपका ये कौन सा रूप है ..? बंटी और चिंटू- मिंटू रवि सर के इस रूप को देखकर सचमुच में आश्चर्य चकित थें। रवि सर, बंटी और चिंटू-मिंटू से बोले - बेटा, मैं ये काम हर साल, मकर संक्रान्ति के दिन करता हूं। मैं बहुत दिनों से ये नोटिस कर रहा था। कि तुम लोगों को लाल डब्बे के बारे में बहुत उत्सुकता होती थी लेकिन, या तो डर से या शायद संकोच वश तुमलोगों ने मुझसे कुछ नहीं पूछा मैनें भी सारी बातें वक्त के ऊपर छोड़ दीं। मैं कभी नहीं चाहता था। कि तुम्हें इस लाल डब्बे का रहस्य पता चले। खैर, अब तो तुम सारी चीजें अपनी आंखों से देख ही रहे हो। मैं तुम्हें लाल डब्बे का रहस्य कभी बताना ही नहीं चाहता था। आजकल सोशल मीडिया का जमाना है। और, लोग अपने दान-पुण्य की कोई भी तस्वीर सोशल मीडिया पर डालने का कोई भी अवसर अपने हाथ से जाने देना नहीं चाहते। लेकिन, शायद उन्हें पता नहीं है; कि ऐसा करके वो कमजोर और जरूरतमंद लोगों का एक तरह से मजाक उड़ाते हैं। ऐसा करने से उन अशक्त लोगों को कितनी हार्दिक पीड़ा होती है। इसका अनुमान कोई नि:शक्त व्यक्ति ही जान सकता है। कई बार मेरे कुछ शुभेच्छुओं ने मेरी फोटो भी इसी तरह डालने की कोशिश की। लेकिन, मैनें उन्हें सख्ती से मना कर दिया। जानते हो क्यों? क्योंकि, मुझे दिखावा करना बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता। फिर, सोचा एक दिन तुम्हें खुद ही पता चल जायेगा। मुझे जो टयूशन पढ़ाकर फीस मिलती है। मैं उसमें से ही कूछ पैसे हर महीने बचाकर इन जरूरतमंदों और गरीब लोगों के बीच बांटने के लिये रख लेता हूं। आखिर, इस मतलबी, दुनिया में कौन किसके बारे में सोचता है? लेकिन मैं हमेशा ऐसे गरीब और लाचार लोगों की मदद करने के बारे में सोचता हूं। ताकि, इन जरूरतमंदों की कुछ मदद हो सके। मैं मानता हूं; कि मेरा ये प्रयास बहुत ही छोटा है। लेकिन, बूंद- बूंद ही समुद्र भरता है। मैं सच बताता हूं।

मैं अपने स्तर से और जितनी मेरी औकात है। उसके हिसाब से जितना मेरी ताकत और मेरे पास मौजूद संसाधन हैं। उनसे इन गरीबों और अनाथों की मदद करने का प्रयास करता हूं और सच कहूं, तो मैं मदद करने वाला कौन होता हूं दरअसल ये काम ईश्वर ही मुझसे करवातें हैं जानते हो इस नेक काम से मुझे इतनी दिली खुशी मिलती है कि उसे मैं शब्दों में बयान नहीं कर सकता और, हां मुझे इसकी प्रेरणा मेरे पिता से मिली थी। वो भी एक शिक्षक थें। बंटी सोच रहा था कि रवि सर सचमुच में कितने महान हैं। एक तरफ वो, अनुशासन के पक्के हैं तो दूसरी तरफ, गणित के कठोर शिक्षक। ऊपर से नारियल की तरह कठोर हैं लेकिन, अंदर से उतने ही मुलायम।

● **महेश कुमार केशरी**

# पानी की एक बूंद



**एक** जंगल मै तीन दोस्त पानी की खोज में इधर-उधर भटकते रहे लेकिन उन्हें पानी कही नज़र नहीं आया। फिर भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी और वो लगातार पानी की खोज करते रहे। अन्त में उनकी मेहनत रंग लाई उन्हें एक सूख रहे सरोवर में थोड़ा सा पानी दिखाई दिया तीनों मित्रो के चेहरे पर रौनक आ गई और तीनो सरोवर में जा पहुचें और जल्दी -जल्दी तीनों ने अपनी-अपनी प्यास बुझाई और पानी पीकर संतुष्ट हो गए। उनके पास एक घड़ा भी था उन्होंने उसे भी जैसे-तैसे भर लिया अब उस सरोवर में पानी एक बूंद भी नहीं रह गई थी। जिस घड़े में उन्होंने पानी भरा उसमें दरार पड़ी हुई थी और उसमें से एक-एक बूंद पानी टपक रहा था। एक दोस्त बोला भाई इसमें से तो पानी टपक रहा है क्या करें? दूसरा मित्र बोला पानी को रोकने के लिए हमें कुछ करना चाहिए। तीसरा मित्र बोला भला एक बूंद पानी से टपकने से क्या होता है। पहला मित्र बोला भाइयो बड़ी मेहनत करने के बाद हमें पानी मिला है व्यर्थ नहीं जाना चाहिए। तीसरा मित्र बोला छोड़ो बेकार की बातें हम तीनों थक गए हैं आराम कर लेते हैं। उसके बाद जो करना है कर लेना। आओ तीनों एक अच्छी जगह देख कर वहां सोने चलते हैं। सोने से पहले घड़े को सही तरीके से रख देते हैं और सो जाते हैं। तीनों इतने थके चुके थे कि तीनों गहरी नींद में सो गए।

6-7 घंटों बाद एक मित्र की नींद खुली और उसने सोचा थोड़ा पानी पी लूं और जैसे वो घड़े के पास आया और उसमे पानी देख उसमे एक बूंद पानी भी नहीं था और वो चिल्लाकर बोला, मित्रो उठो घड़े में एक बूंद पानी भी नहीं बचा। अब क्या करें? तीनों एक-दूसरे की शक्ल देखने लगते हैं। तीनों को अपनी गलती का अहसास हो जाता है। अगर हम उस टपकती हुई पानी की बूंद को रोक देते तो आज हम प्यासे नहीं मरते, बूंद-बूंद से घड़ा भरता है तो बूंद बूंद से खाली भी होता है। इसलिए कहते हैं कि पानी की एक-एक बूंद कीमती है।

● **श्रीचंद रैकवार**

व्यंग्य

# रील का चक्कर तुम क्या जानो बाबू...



**जिसे** देखो रील रिलीज कर रहा है। सरकारी हों या प्राइवेट या खलिहर। सब इस रोग से पीड़ित हैं। रील देख लगता है कि वह अपने काम से खुश नहीं हैं। रियल लाइफ बोरियत वाली है। तभी तो रील बना रहे हैं। बाकि बचे रील पर अंगुली करने वाले हैं। नाना प्रकार के रील लोग फील कर रहे हैं। ना कोई उम्र का बंधन, ना कोई धन की जरूरत। सभी रील का चस्का लगा लिए हैं। फेसबुक व यूट्यूब को मस्का लग रहा है। कुछ रातों -रात प्रसिद्धि के सातवें आसमान पर उड़ने लगते हैं। लाइमलाइट में आ जाते हैं। इंटरव्यू अलग -अलग मीडिया हाउस लेने लगती है। रील से मूड आता है और अंगुली एकाएक चल पड़ती है। आँख ऊपर -नीचे हिलते-डुलते, किसी सुंदर स्त्री का रील देखने लगते हैं।

एक सरकारी मास्टरनी या कई मास्टरनी क्या कहें जी? किचन से रील बना रहीं हैं। डिश भले बढ़िया न बनें, लेकिन फोकस कि रील बढ़िया बन जाए। ऐसा इसलिए कह रहा हूँ, क्योंकि पकवान पर उनका फोकस कम है। यह डिश घर वालों को क्या दम देगा। ससुराबिल्ली बनकर रील में खोए हैं। कौन जाने किस पर पड़ा है। यहाँ आदमी से आदमी सटा खड़ा है। सब एक साथ सांस ले रहे हैं और एक साथ सांस छोड़ रहे हैं। जो भी मोबाइल लेने में जरा गड़ाबड़ा जाता है, उसे फौरन एक झटका लग जाता है। रील ने भी भारी प्रदूषण फैलाया है, संस्कारवान से रील देखा ही नहीं जाता है, क्योंकि हर मिनट बाद बड़ा कांड हो जाता है। इतनी हसीन कष्ट सबको पसंद है। यह कितनी खुशी की बात है कि मोबाइल के कारण अपना कीमती समय काट रहा है और रील देखना नहीं छोड़ा। इसको जिसने टोका या रोका तो बवाल और बेचारे दहेज उत्पीड़न में अंदर। बहू का रील देखकर बन जाना बंदर। बंदर इसलिए कि हूबहू नकल करिए अर्थात रील बनाइए। आजकल बच्चे, किशोर, जवान और बूढ़े सब रील में खोए हैं। ट्रेन, बस या हवाई जहाज में आपको रील चलाते या बनाते आपको दिख जाएंगे। हर दिन सोशल मीडिया में भारी भीड़ है। सब उसमें चढ़ने को उतावले हैं। चढ़े क्या, चढ़ाए गए हैं। मोबाइल कन्धों पर धरकर भीतर सरकाए गए हैं। अब निकलना बहुत मुश्किल है। यह भी बुरी लत है। इतनी जल्दी जाने वाली नहीं है। इसको छोड़ना बच्चों का खेल मत समझना। बड़े-बड़े सूरमा भी हैं। ये खुलापन, ये कल्चर, यह सब विदेशी हैं। ये हमारा चरित्र बदल सकती हैं और भाग्य भी। फुर्सत में लाकर नैतिकता से रुख़सत कर दे रहीं हैं।

रील कहीं-न-कहीं हमारे मन को भी छूती हैं। वह मनुष्य को मनुष्य के क़रीब लाती हैं। ऐसा नहीं की सब नकारात्मकता ही डाली जाती हैं। अच्छा मोटिवेशन भी करती हैं। मोबाइल रील सहिष्णु बनाती हैं। उत्तेजना के क्षणों में शांत रहना सिखाती हैं। देखा जाए तो रील की यही प्रगति है। बस मनुष्य की प्रकृति विकृति से बची रहे। रील-विल का चक्कर तुम क्या जानो बाबू! रील सुकून देता है। रियल लाइफ में टेंशन है। रील लाइफ में मेंशन है। रील में ज़रूर! ऐसा निश्छल अपार प्रेम आप रियल में कहीं और दिखने से रहा। आइए बाबू! रियल से रील की दुनिया में गोता लगाते हैं। वाहियात खतरा मोल लेकर पुण्यतिथि न बन जाना, बल्कि सुरक्षित रील बनाकर प्रसिद्धि का पुण्य कमाना।

● **सूर्यदीप कुशवाहा**

गीत

# राष्ट्रप्रेम



**वंदे** मात्रम वंदे मात्रम
आजादी के दीवाने दिल से बोलो
वंदे मात्रम वंदे मात्रम।।
आजादी के ये दीवाने
सर पर कफ़न बाँध चले मस्ताने।।
डटे रहें चट्टानों से हिम्मत न छोड़ें।
दुश्मनों को ललकारें साहस न तोड़ें।।
आजादी के परवानों ने दी है कुर्बानियां।
हँसते-हँसते खा गये सीने पर गोलियाँ।।
देश की शान पर करते हैं अभिमान।
राष्ट्र गान से गूंजता है सारा आसमान।।
वंदे मात्रम वंदे मातरम।।
देश के जवानों से महफ़ूज़ हैं हर गलियां।
महफ़ूज़ है हर घर गाँव हर की बेटियाँ।।
देश की माटी से प्रेम कर जान लुटाते।
तिरंगे की रक्षा करते आँच न आने देते।।
जब-जब संकट के बादल देश पर छाये।
मातृभूमि की रक्षा करने सीना ताने आये।।
वंदे मात्रम वंदे मात्रम।।
अधरों पर है राष्ट्र गीत सीने में तूफ़ान लिये।
क़दम - क़दम बढ़ाते दुश्मन की ललकार लिये।।
दिल में ज्वाला देश प्रेम की
मातृभूमि को आज़ाद करायें।
बाजूओं ने थामी बंदूक़ें,
दुश्मनों को मार गिरायें।।
दिल से बोलें वंदे मात्रम वंदे मातरम।।

● **अलका पाण्डेय**

**अब दानियों के अनुरोध पर 'एक मिशन एक सेवा' का प्रकाशन प्रतिदिन किया जा रहा है ताकि दानदाता अपने प्रियजनों के जन्मदिन, पुण्यतिथि, वैवाहिक वर्षगांठ या किसी खास मौके की तिथि विशेष पर अपनी इच्छानुसार दान राशि प्रकाशित करा सकें।**

# एक मिशन एक सेवा



बुढ़ापा जीवन का अटल सत्य है। गरीबी, बीमारियां, तथा अपनों का मुंह फेर लेना, इसे अभिशाप बना देते हैं। आईये! ऐसे बुजुर्गों का सहारा बनें। सुखी-सम्पन्न लोगों के सहयोग से इनका अकेलापन, दुःख दूर किये जा सकते हैं। ताकि भावी पीढ़ी इनसे प्रेरणा ले सकें।

**पंजाब केसरी समाचार पत्र समूह** 2000 रु.

## दानियों के लिए विशेष सूचना

वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब के लिए दान देने वाले सज्जन अब देशभर में **पंजाब नैशनल बैंक** की किसी भी शाखा में जाकर सहायता राशि जमा करवा सकते हैं, इसके लिए ध्यान रखें कि उक्त राशि **वृद्ध केसरी, रोमेश चंद्र ट्रस्ट के अकाऊंट नंबर** 3075002102006705 में देय होनी चाहिए। हमारा अनुरोध है कि सहायता राशि जमा करवाने के बाद हमें सूचित जरूर करें, ताकि रसीद भेजी जा सके। यह राशि आयकर छूट प्राप्त है। **जो सज्जन पंजाब नैशनल बैंक की किसी शाखा में नकद राशि जमा कराएं, वे बैंक की रसीद हमें कोरियर करा दें, ताकि आपको हम रसीद भेज सकें। सभी दानकर्ताओं से अनुरोध है कि दान भेजते समय पूरा पता, टेलीफोन नंबर और पैन कार्ड नंबर भी साथ में लिखें।**

दिल्ली के बाहर के दानकर्ता 500/- रुपए से कम की दानराशि कृपया ड्राफ्ट या मनीआर्डर से ही भेजें

कृपया अपना ड्राफ्ट या चैक **वृद्ध केसरी रोमेश चंद्र ट्रस्ट**, के नाम बना कर हमें भेजें। सभी दानी सज्जनों के नाम प्रति दिन प्रकाशित किए जाएंगे। लेकिन फोटो 5100/- या इससे अधिक की दान राशि देने वाले सज्जनों के प्रकाशित किए जाएंगे। दान के लिए पंजाब केसरी कार्यालय में प्रात: 10 से 5.30 बजे तक सम्पर्क करें।

*** यह राशि आयकर कानून की धारा 80-जी के अन्तर्गत करमुक्त है!**

**पता :- वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब**
2, प्रिंटिंग प्रेस काम्प्लेक्स, नियर वजीरपुर डिपो, दिल्ली-35

**दान के लिए कृपया 01130712376, 09871598497, 9810107375 पर संपर्क करें। यदि कोई सज्जन या संस्था हमारे नाम से पैसा इकट्ठा करे तो इसका जिम्मेदार वरिष्ठ नागरिक केसरी क्लब नहीं होगा।**

Price Rs. 4.50 (वार्षिक शुल्क 1980 रुपए डाक द्वारा) PunjabKesari.com PunjabKesari.com @punjabkesaricom पंजाब केसरी DELHI

R.N.I. No. 404 74/83, Postal Regn.No. DL(N)/0169/2018-20, Posted at Delhi RMS Delhi-6

ग्लोबल Window

## दिशा पाटनी ने मनाया 32वां बर्थडे

**मुंबई,** (आईएएनएस): एक्ट्रेस दिशा पाटनी आज अपना 32वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रही हैं। इस खास दिन पर अपकमिंग साइंस फिक्शन एक्शन फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के मेकर्स ने उन्हें खास गिफ्ट दिया है। दरअसल, टीम ने फिल्म से उनके लुक को जारी किया है। मेकर्स ने सोशल मीडिया पर दिशा का एक शानदार पोस्टर जारी किया, जिसमें उनके लुक को देख गैंगस्टर वाइब्स आ रही हैं। फिल्म में दिशा 'रॉक्सी' के किरदार में हैं। उन्होंने क्रॉप टॉप के साथ क्रॉप जैकेट और मैचिंग ट्राउजर पहने हुए हैं। उन्होंने अपने लुक को ग्लव्स और बूट के साथ पूरा किया।



# लाल सागर में यूनान के मर्चेंट शिप पर हमला

- **चालक दल का सदस्य लापता, विस्फोटकों से लदी नाव में विस्फोट कर शिप का मुख्य हिस्सा तोड़ा**

**अदन (यमन),** (आईएएनएस) यमन के पश्चिमी तट के पास लाल सागर में एक मर्चेंट शिप पर दो बार हमला किया गया, जिसमें चालक दल का एक सदस्य लापता हो गया है। यमन और समुद्री अधिकारियों ने ये जानकारी दी। सिन्हुआ न्यूज़ एजेंसी ने बताया, तटरक्षक बलों के एक अधिकारी ने बुधवार को कहा कि ग्रीक स्वामित्व वाले बल्क कैरियर पर होदेइदाह के दक्षिण-पश्चिम में लगभग 67|7 समुद्री मील की दूरी पर हमला किया गया। विस्फोटकों से लदी एक नाव में विस्फोट किया गया, जिससे शिप का मुख्य हिस्सा टूट गया और उसमें पानी भर गया। अधिकारी ने बताया कि जहाज पर सवार 21 लोगों में से एक लापता हो गया है। अधिकारी ने कहा, शिप में पानी भर रहा है और यह डूब रहा है। उन्होंने कहा कि हमले के तुरंत बाद कॉल कर इसकी जानकारी दी गई। इस बीच, यूके मैरीटाइम ट्रेड ऑपरेशंस (यूकेएमटीओ) ने पुष्टि की है कि उसे होदेइदाह के पास हुई घटना की जानकारी मिली है। साथ ही उसने यह भी कहा कि कैप्टेन ने बताया कि जहाज में पानी भर रहा है और अब वह कंट्रोल से बाहर हो गया है। इसके बाद शिप पर दोबारा हमला किया गया। होदेइदाह क्षेत्र को नियंत्रित करने वाले हौथी समूह ने फिलहाल हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है। हौथी समूह ने हाल के महीनों में लाल सागर में मर्चेंट शिप पर कई हमले किए हैं। पिछले साल नवंबर से, हौथी समूह ने गाजा पट्टी में फिलिस्तीनियों के साथ एकजुटता दिखाने के लिए लाल सागर से गुजरने वाले इजरायल से जुड़े जहाजों पर मिसाइलों और ड्रोन से कई हमले किए हैं। जवाब में, क्षेत्र में तैनात अमेरिकी-ब्रिटिश नौसैनिक गठबंधन ने हौथी समूह को रोकने के लिए जनवरी से ही उसके ठिकानों पर मिसाइल से हमले किए हैं।




# वेस्टइंडीज सुपर आठ में, न्यूजीलैंड बाहर

**टरूबा (त्रिनिदाद और टोबैगो),** (भाषा) : शेरफेन रदरफोर्ड की करियर की सर्वश्रेष्ठ पारी तथा अलजारी जोसेफ और गुदाकेश मोती की शानदार गेंदबाजी की मदद से वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर सुपर 8 में जगह बनाई और कीवी टीम को अगले चरण में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया। वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे वह ग्रुप सी में 6 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है। पूर्व उपविजेता और पिछली बार सेमीफाइनल में जगह बनाने वाले न्यूजीलैंड की यह लगातार दूसरी हार है। वह अपने पहले मैच में अफगानिस्तान से 84 रन से हार गया था।



बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही और 13वें ओवर में उसका स्कोर 7 विकेट पर 76 रन था। रदरफोर्ड ने इसके बाद जिम्मेदारी संभाली तथा 39 गेंद पर नाबाद 68 रन की पारी खेली जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। उनकी इस पारी की मदद से वेस्टइंडीज ने 9 विकेट पर 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 75 रन पर आउट होने वाली न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 9 विकेट पर 136 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स ने सर्वाधिक 40 रन बनाए। वेस्टइंडीज के लिए जोसेफ ने 19 रन देकर चार जबकि गुदाकेश मोती ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए। न्यूजीलैंड की टीम ने पिछले तीन वनडे विश्व कप और इतने ही टी20 विश्व कप में कम से कम सेमीफाइनल में जगह जरूर बनाई थी लेकिन इस बार उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज 2021 में सुपर 12 से बाहर हो गया था जबकि 2022 में वह ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था। वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा कि यह शानदार जीत है। यह देखना शानदार रहा कि हमारे किसी खिलाड़ी ने जिम्मेदारी संभाली। रदरफोर्ड की पारी ने हमें आत्मविश्वास दिलाया।

# खूनी खेल में हमास बैकफुट पर आया

**नई दिल्ली, (एजेंसी):** इजरायल के साथ अब हमास खूनी खेल नहीं चाहता है। गाजा में कत्लेआम देखकर हमास थक चुका है। यही कारण है कि खौफजदा हमास गाजा में अब परमानेंट सीजफायर चाहता है। हमास अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्लान मानने को तैयार है। इतना ही नहीं हमास ने अमेरिका से कहा कि वह इजरायल पर परमानेंट गाजा सीजफायर के लिए दवाब बनाए। हमास ने एक बयान में कहा कि उसने इजरायल के साथ युद्ध विराम समझौते पर पहुंचने के प्रयासों में 'पूर्ण सकारात्मकता' दिखाई है। उसने अमेरिका से गाजा में स्थायी युद्ध विराम को स्वीकार करने के लिए इजरायल पर दबाव डालने का अनुरोध किया है।

हमास ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी कह रहे हैं कि इजरायल ने 31 मई को राष्ट्रपति जो बाइडेन द्वारा लाए गए युद्ध विराम प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है7 मगर हमने अब तक किसी भी इजरायली अधिकारी से यह नहीं सुना है कि उन्हें यह प्रस्ताव मंजूर है। हमास ने बयान में कहा, 'वे लेटेस्ट युद्ध विराम प्रस्ताव पर इजरायल की सहमति के बारे में बातें तो कर रहे हैं, लेकिन हमने किसी भी इजरायली अधिकारी को इस पर बोलते नहीं सुना है।' हमास ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन से इजरायल पर स्थायी युद्ध विराम पर सहमत होने के लिए प्रत्यक्ष रूप से दबाव डालने का आग्रह किया गया।सुरक्षा परिषद ने गाजा में इजराइल और हमास के बीच 8 महीने से जारी युद्ध को समाप्त करने के उद्देश्य से सोमवार को अपने पहले प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्रस्ताव की घोषणा राष्ट्रपति जो बाइडन ने की। अमेरिका का कहना है कि इजराइल ने इस प्रस्ताव को स्वीकार कर लिया है। हालांकि, हमास को यकीन नहीं हो रहा है कि इजरायल ने इस प्रस्ताव को मंजूर कर लिया है।

### सुरक्षा परिषद में प्रस्ताव पास

बता दें कि सुरक्षा परिषद के 15 सदस्य देशों में से 14 ने इस प्रस्ताव का समर्थन करते हुए बहुमत से मंजूरी दी, हालांकि रूस मतदान से नदारद रहा। इस प्रस्ताव में इजराइल और हमास से बिना किसी शर्त और विलंब के इसके नियमों को पूर्ण रूप से लागू करने का आह्वान किया गया है। अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने कहा कि मतदान के बाद परिषद ने हमास को स्पष्ट संदेश दिया है कि उसे संघर्ष विराम समझौते को स्वीकार करना ही होगा। उन्होंने दोहराया कि इजराइल ने इस समझौते को स्वीकार कर लिया है, जिसका समर्थन दुनियाभर के देशों ने किया है।

- **अमेरिका समर्थित संघर्ष विराम प्लान मानने को तैयार**
- **इजराइल पर परमानेंट गाजा सीजफायर के लिए दबाव बनाने को कहा**

## यूक्रेन ने तबाह किया रूस का एस-400 एयर डिफेंस

**कीव,** (एजेंसी): यूक्रेन की सेना ने क्रीमिया की सुरक्षा के लिए तैनात किए गए रूसी एस-400 एयर डिफेंस को आसानी से तबाह करना शुरू कर दिया है। यूक्रेन की सेना अमेरिका की ओर से दिए गए रॉकेट का इस्तेमाल कर रही है। फोर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार यूक्रेनी सेना ने मई महीने में 10 आर्मी टैक्टिकल मिसाइल सिस्टम रॉकेट से क्रीमिया के सेवास्तोपोल के बाहर बेलबेक में स्थित रूसी ठिकाने पर भीषण हमला बोला था। इसमें एस-400 सिस्टम के दो लांचर और एक रेडॉर तबाह हो गए। यही नहीं वहां पर तैनात 4 फाइटर जेट के भी नष्ट होने की खबर आ रही है। यह वही एस-400 सिस्टम है जिसे रूस दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बताता रहा है और भारत ने भी 5 की संख्या में इसे खरीदा है। इसमें केवल 3 ही भारत को मिले हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि दो टन वजनी इस अमेरिकी रॉकेट सिस्टम में ग्रेनेड के आकार के हजारों बॉम्बलेट थे जिन्होंने एस-400 सिस्टम को काफी ज्यादा नुकसान पहुंचाया।

## नासाउ काउंटी स्टेडियम को 6 हफ्ते में ध्वस्त कर दिया जाएगा

**न्यूयॉर्क,** (आईएएनएस): टी20 विश्व कप 2024 में न्यूयॉर्क की पिच बल्लेबाजों के लिए 'जी का जंजाल' बनी हुई है। यह पिच बल्लेबाजी के लिए इतनी मुश्किल है कि टी20 फॉर्मेट में भी टेस्ट क्रिकेट खेलने के लिए बल्लेबाजों को मजबूर होना पड़ा। टूर्नामेंट में भारत ने अब तक तीनों मैच यहीं खेले हैं।

जानकारी के अनुसार अब नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम को लगभग छह सप्ताह में ध्वस्त कर दिया जाएगा। यह स्टेडियम खास तौर पर टी20 विश्व कप के लिए ही बनाया गया था, ताकि क्रिकेट को अमेरिका में बढ़ावा मिल सके। टी20 विश्व कप 2024 में यहां आठ मैच खेले जाने थे और इन सभी मैचों का आयोजन हो चुका है। एक भी मैच हाई स्कोरिंग नहीं रहा। लेकिन मुकाबला सभी टीमों के लिए कांटे की टक्कर वाला रहा। हालांकि, टी20 फॉर्मेट में लो स्कोरिंग मैच फैंस को पसंद नहीं आते।

# बंगलादेश ने नीदरलैंड को हराया, सुपर आठ का दावा मजबूत



किंग्सटाउन, (एजेंसियां) : बांग्लादेश ने टी-20 वर्ल्ड कप में नीदरलैंड को 25 रन से हरा कर सुपर आठ के लिये अपनी उम्मीदों को कायम रखा। इस जीत से बांग्लादेश ने सुपर-8 की दावेदारी को मजबूत किया है, हालांकि नीदरलैंड अब भी रेस में है। किंग्सटाउन में नीदरलैंड ने टॉस जीतकर फील्डिंग करने का फैसला किया और बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिये आमंत्रित किया। बांग्लादेश ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 134 रन ही बना सकी।

बंगलादेश के स्पिनर रिशाद हुसैन और अनुभवी आलराउंडर शकिबुल हसन इस जीत के हीरो रहे। उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 3 विकेट लिए। नीदरलैंड की ओर से साइब्रांड एंगेलब्रेक्ट ने सबसे ज्यादा 33 रन बनाए। विक्रमजीत सिंह ने 26 और कप्तान स्कॉट एडवर्ड्स ने 25 रन बनाए। बांग्लादेश की ओर से शाकिब अल हसन ने नाबाद 64 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 38 बॉल पर हाफ सेंचुरी जमाई। शाकिब ने 19 पारियों के बाद टी-20 इंटरनेशनल में फिफ्टी बनाई है।

तंजीद हसन ने 35 और महमूदुल्लाह ने 25 रन बनाए। आर्यन दत्त और पॉल वान मीकरन ने 2-2 विकेट लिए।

- **बंगलादेश ने पांच विकेट पर बनाए थे 159 रन**
- **नीदरलैंड की टीम आठ विकेट पर 134 रन ही बना पाई**

